

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 11 सितंबर 2024 ■ भाद्रपद पक्ष-8 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-164 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 12 सितंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### मवेशी तस्कर गिरफ्तार

**भिलाई,11 सितंबर।** मवेशी को भरकर कत्ल खाना ले जाते हुए एक मिनी ट्रक और उसके चालक को पुलिस ने पकड़ा है उसमें 5 भैंस और 38 भैंसी को बरामद किया है चालक के खिलाफ पुलिस ने धारा 4,6,10 छग कृषि पशु परीक्षण, अधिनियम 2004 पशु क्रुरता अधिनियम 1960 की धारा 11 (घ) के तहत जुर्म दर्ज किया है पाटन अनिल साहू ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पाटन पुलिस ने ग्राम फुंडा में रात गश्त के दौरान पेट्रोल पंप के आगे 200 मीटर पर मुख्य मार्ग में बने फार्म हाउस ग्राम फुंडा में भैंसा भैंसी को जमा कर रखा गया था चार पहिया वाहन में मवेशियों को ठूंस ठूंसकर रखा गया था उक्त वाहन को त्रिपाल से ढक कर मवेशियों को लेकर जाया गया था पाटन पुलिस ने रात को वाहन को रोककर पूछताछ करना शुरु किया मिनी ट्रक के भीतर चेक करने पर पुलिस को 2 नग भैंसा और 18 भैंसी मिला चालक मुजफर नगर यूपी निवासी इस्तगार अहमद उर्फ भूरा ने बताया कि मवेशियों को कत्ल खाने लेकर जा रहा था जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है मामले में अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है इसके अलावा फार्म हाउस के मालिक पर भी पुलिस जल्द कार्रवाई करेगी।

### रात 1 बजे वंदेभारत एक्सप्रेस पहुंची दुर्ग

**दुर्ग,11 सितंबर।** दुर्ग-विशाखापट्नम एक्सप्रेस को पीएम नरेंद्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 15



सितंबर को हरी झंडी दिखाएंगे. लेकिन 15 सितंबर से पहले ही ये ट्रेन दुर्ग रेलवे स्टेशन पर पहुंची. ये ट्रेन रात करीब 1 बजे दुर्ग रेलवे स्टेशन पर पहुंची. ये ट्रेन बेहद कम समय में दुर्ग से विशाखापट्नम और विशाखापट्नम से दुर्ग पहुंचेगी. ट्रेन के संचालन की मांग कई दिनों से आंध्रा समाज के लोग कर रहे थे और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी रेल मंत्री अश्वनी वैष्णो को पत्र लिखकर इसे शुरू करने की मांग की थी. हालांकि रेलवे की तरफ से इस ट्रेन के संचालन का ऑफिशियली समय सामने नहीं आया है, लेकिन ऐसे उम्मीद है कि ये ट्रेन सुबह दुर्ग से चलेगी. अब यात्रियों को दुर्ग-विशाखापट्नम वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन के समय और इसके टिकट फेयर के सामने आने का इंतजार है.

### मलाइका के पिता ने छठवीं मंजिल से कूदकर दी जान

**मुंबई,11 सितंबर।** मलाइका अरोड़ा के घर से शॉकिंग खबर सामने आई है। एक्ट्रेस के पिता अब इस दुनिया में नहीं रहे। उन्होंने आत्महत्या कर ली है। आज सुबह 9 बजे के करीब की ये घटना बताई जा रही है। अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा के पिता अनिल अरोड़ा ने छठवीं मंजिल की गैलरी से छलांग लगाकर जान दी है। बांद्रा पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम घटनास्थल पर पहुंची है। फिलहाल पुलिस को वहां से किसी भी तरह का सुसाइड नोट अभी तक नहीं मिला है बताया जा रहा था कि मलाइका के पिता लंबे समय से बीमार चल रहे थे। इस घटना के दौरान एक्ट्रेस मुंबई में मौजूद नहीं थीं। इस खबर के बारे में पता चलते ही मलाइका अरोड़ा पुणे से मुंबई के लिए रवाना हो गई हैं। एक्ट्रेक के पिता के शव को बाबा अस्पताल में रखा गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### मणिपुर में कर्फ्यू, इंटरनेट बैन और 2000 जवान फिर पहुंचे

**नई दिल्ली,11 सितंबर।** मणिपुर में एक बार फिर से माहौल तनावपूर्ण हो गया है। बीते कुछ दिनों में हुई झड़पों के चलते हालात ऐसे हैं कि तीन जिलों में कर्फ्यू लगाना पड़ा है और इंटरनेट भी सस्पेंड किया गया है। ऐसा इसलिए किया गया है ताकि लोगों के बीच अफवाह फैलने से रोका जा सके। अभी 5 दिनों के लिए इंटरनेट पर रोक रहेगी।



रायपुर। राज्य में हो रही अनवरत बारिश के कारण महादेव घाट रायपुरा में खारून नदी उफान पर है। यहां नदी का पानी पुल को छू रहा।

## भारत स्वच्छ व हरित प्लैनेट बनाने के लिए प्रतिबद्ध : मोदी

**नई दिल्ली,11 सितंबर।** पीएम मोदी ने कहा, विश्व एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है. यह बात अब बड़े पैमाने पर समझी जा रही है कि जलवायु परिवर्तन केवल भविष्य की बात नहीं है. जलवायु परिवर्तन का प्रभाव अभी ही महसूस किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि कार्रवाई का वक्त भी यही और अभी है. ऊर्जा संक्रमण और स्थिरता जैसे मुद्दे वैश्विक नीतिगत चर्चा का केंद्र बन गए हैं. भारत एक स्वच्छ और हरित प्लैनेट बनाने के लिए प्रतिबद्ध है. नरेंद्र मोदी ने कहा, हम ग्रीन एनर्जी पर अपनी पेरिस की कमिटमेंट्स को पूरा करने वाले G20 देशों में सबसे पहले थे. ये कमिटमेंट्स 2030 के लक्ष्य से नौ साल पहले पूरी हो गईं. भारत ने पिछले दस साल में गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता में लगभग 300 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की है. उन्होंने आगे कहा कि इसी अवधि में हमारी सौर ऊर्जा क्षमता में 3,000 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है लेकिन, हम इन उपलब्धियों पर आराम नहीं कर रहे हैं. हम मौजूदा समाधानों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं. हम नए और इनोवेटिव क्षेत्रों पर भी विचार कर रहे हैं. यहीं पर ग्रीन हाइड्रोजन की भूमिका सामने आती है. ग्रीन हाइड्रोजन दुनिया के एनर्जी लैंडस्केप में एक उम्मीद भरी बढ़ोतरी के रूप में उभर रहा है. पीएम मोदी ने कहा कि यह उन उद्योगों को डीकार्बोनाइज करने में मदद कर सकता है, जिन्हें विद्युतीकृत करना मुश्किल है. रिफाइनरियां, उर्वरक, इस्पात, भारी शुल्क वाले परिवहन और ऐसे कई सेक्टर्स को फायदा होगा. पीएम मोदी ने कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन



सरप्लस रीन्यूएबल एनर्जी के स्टोरेज सॉल्यूशन के रूप में भी काम कर सकता है. भारत ने 2023 में पहले ही राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन शुरू कर दिया है. हम भारत को ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन, उपयोग और निर्यात का वैश्विक केंद्र बनाना चाहते हैं. उन्होंने आगे कहा, राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन नवाचार, बुनियादी ढांचे, उद्योग और निवेश को बढ़ावा दे रहा है. हम अत्याधुनिक अनुसंधान और विकास में निवेश कर रहे हैं. उद्योग और शिक्षा जगत के बीच साझेदारी बनाई जा रही है. इस सेक्टर में काम करने वाले स्टार्टअप और उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ग्रीन जॉब ईको सिस्टम के विकास की भी काफी उम्मीद है. इसे सक्षम करने के लिए, हम इस सेक्टर में अपने युवाओं के लिए कौशल विकास पर भी काम कर रहे हैं. जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा संक्रमण वैश्विक चिंताएं हैं. हमारे उत्तर भी ग्लोबल होने चाहिए.

# पानी छोड़े जाने के बाद शिवनाथ ने दिखाया रौद्र रूप



■ तरुण छत्तीसगढ़

**दुर्ग,11 सितंबर।** भारी बारिश के चलते मोंगरा जलाशय से पानी छोड़े जाने के बाद शिवनाथ नदी ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। परिणाम स्वरूप जिले की सीमा पर स्थित चंगोरी गांव में जलजला आ गया है। घरों में पानी भरने से ग्रामीणों के राशन से लेकर अन्य सामान भीगकर खराब हो गए हैं। गांव के अंदर और बाहर पानी भरा होने से आने - जाने के सारे रास्ते बंद हैं। आसपास के गांव से संपर्क टूटने के और ग्रामीणों को हो रही परेशानी के बावजूद आज दोपहर तक जिला प्रशासन कोई भी जिम्मेदार अधिकारी या टीम के नहीं पहुंचने को लेकर नाराजगी उभरने लगी थी दुर्ग जिले में आज बारिश थमी हुई है। लेकिन दो दिन पहले से कल तक चली मूसलाधार बारिश से शिवनाथ नदी उफान पर है। मोंगरा जलाशय में भी क्षमता से ज्यादा पानी इकट्ठा हो गया। लिहाजा मंगलवार को मोंगरा जलाशय से पानी छोड़ा गया तो शिवनाथ नदी में बाढ़ आ गई। इस बाढ़ ने अंजोरा पुलिस चौकी अंतर्गत चंगोरी गांव को जलमग्न कर डाला। गांव के चारों ओर पानी ही पानी नजर आ रहा है। गांव की गलियों और सड़कों पर घूटने से ऊपर पानी आकर लगातार बढ़ रहा है। घरों में पानी भरने से खाने पीने की चीजें भीग गई है। पानी बढ़ने की आशंका के चलते लोगों को जागते हुए रात बीतानी पड़ी। सुबह होने के बाद गांव का संपर्क टूटने से कामकाजी लोग बाहर नहीं निकल सके गांव के अंदर शिवनाथ नदी का पानी जहां चंगोरी गांव में कहर बनकर टूटा है, वहीं जिला प्रशासन के कोई भी अधिकारी का मदद के लिए नहीं पहुंचना लोगों के आक्रोश को



बढ़ाने वाला साबित हुआ। ग्रामीण राजेन्द्र कुमार देशमुख ने बताया कि मोंगरा जलाशय से पानी छोड़ने के बाद शिवनाथ नदी का पानी पूरे गांव में प्रवेश कर गया है और यहां के लोगों का आसपास के गांव से संपर्क टूटने के बावजूद प्रशासन आज दोपहर तक बेखबर है। अनेक परिवार के पास भोजन बनाने की कोई व्यवस्था नहीं होने से भूखे रहने की स्थिति बनी हुई है। खासकर छोटे बच्चे भूख और प्यास से व्याकुल हैं। खेतों में ज्यादा पानी भर जाने से फसलों को नुकसान हुआ है। वहीं एहतियात के तौर पर बिजली बंद रहने से परेशानी बनी हुई है।



### उपमुख्यमंत्री ने दिया मानवता का परिचय

**कवर्धा, 11 सितम्बर।** जिला कबीरधाम के ग्राम रानी सागर के पास आज एक दुःखद सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें दो बाइक सवार आपस में टकरा गए और सड़क पर गिरकर घायल हो गए। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा अपने काफिले के साथ वहां से गुजर रहे थे, घायलों को देखते ही उपमुख्यमंत्री ने अपने काफिले को तुरंत रुकवाया और मानवीयता का परिचय देते हुए घायलों को अपने काफिले की गाड़ी में बैठाकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाने का निर्देश दिया और अस्पताल में बेहतर इलाज के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने स्वयं घटना स्थल पर रुककर स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों से घायलों के इलाज की हर संभव मदद सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



## गंगरेल के गेट खुले,महानदी का जलस्तर बढ़ा

**राजिम,11 सितंबर।** लगातार बारिश से नदी- नाले उफान पर है। वहीं गंगरेल बांध 95 फीसदी भर चुका है। पानी की लगातार आवक को देखते हुए गंगरेल बांध के 9 गेट खोले गए हैं। गंगरेल बांध से पानी रुद्री बैराज में पहुंच रहा है, जहां से महानदी में पानी छोड़ा गया है। इसकी सूचना मिलते ही महानदी के किनारे पड़ने वालों गांव को सतर्क रहने मुनादी कराई गई है। महानदी किनारे नवापारा नगर में भी नगर पालिका द्वारा मंगलवार की शाम और बुधवार सुबह मुनादी कराई गई है बता दें कि लगातार बारिश से गंगरेल बांध में पानी की अच्छी आवक होने से जलभराव खतरे के निशान के करीब है। गंगरेल बांध की क्षमता 32.150 टीएमसी है। गंगरेल बांध में अपनी कुल जलभराव क्षमता से वर्तमान में 31.084 टीएमसी पानी भर चुका है और बांध में पानी की आवक 1 लाख 35000 इधर पानी छोड़ने की सूचना मिलते ही रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर अभनपुर एसडीएम रवि सिंह, तहसीलदार सृजन सोनकर, नवापारा सीएमओ प्रदीप मिश्रा समेत राजस्व, प्रशासनिक और पुलिस अमला नवापारा के तटीय क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहे है। नवापारा सीएमओ प्रदीप मिश्रा ने बताया कि अधिकारियों के निर्देश के बाद पालिका टीम पूरी तरह अलर्ट है।

## भारत का विरोध करने वाली सांसद से मिलकर बुरे घिरे राहुल

**नई दिल्ली,11 सितंबर।** लोकसभा में नेता विरोधी दल राहुल गांधी की अमेरिका यात्रा विवादों में घिरती नजर आ रही है। उन्होंने भारत विरोधी अमेरिकी सांसद इल्हान उमर से भी मुलाकात की है। इल्हान उमर ने कुछ समय पले पीओके की यात्रा की थी। साथ ही उन्होंने कश्मीर पर भारत के नियंत्रण की भी आलोचना की थी। ऐसा माना जाता है कि इल्हान की पीओके यात्रा पाकिस्तान के द्वारा प्रायोजित थी। इतना ही नहीं, इल्हान पर आरोप है कि उन्होंने झूठी खबर फैलाई कि 20 करोड़ मुसलमान नरसंहार के कगार पर हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान विश्वविद्यालयों में छात्रों और शिक्षकों के अलावा भारतीय प्रवासियों से भी बातचीत की थी। इस दौरान उन्होंने



अमेरिकी सांसदों से भी मुलाकात की थी। रेबर्न हाउस ऑफिस बिल्डिंग में हुई बैठक की मेजबानी सांसद ब्रैडली जेम्स शेरमेन ने की और इसमें अमेरिकी कांग्रेस के सदस्य जोनाथन जैक्सन, रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति, बारबरा ली, श्री थानेदार, जीसस जी. ÷चुय÷ गार्सिया, इल्हान उमर, हैंक जॉनसन और जान शाकोवस्की शामिल थे। राहुल गांधी ने अमेरिकी राजनयिक डोनाल्ड लू और सांसद प्रमिला जयपाल से भी मुलाकात की। राहुल गांधी के साथ इल्हान उमर की एक तस्वीर सोशल मीडिया में वायरल हो रही है। इसके बाद सत्तारूढ़ भाजपा कांग्रेस और राहुल गांधी पर हमलावर है। पार्टी के प्रवक्ता और आईटी सेल के अध्यक्ष अमित मालवीय ने भी हमला बोला है। मालवीय ने एक्स पर अपने एक पोस्ट में लिखा, भारत के विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका में इल्हान उमर से मुलाकात की, जो पाकिस्तान प्रायोजित भारत विरोधी आवाज है। एक कट्टरपंथी इस्लामवादी और स्वतंत्र कश्मीर की पैरोकार है।

## कांग्रेस का चेहरा आरक्षण विरोधीः शाह

**नई दिल्ली,11 सितंबर।** अमेरिका में आरक्षण को लेकर दिए राहुल गांधी के एक बयान ने भारत की राजनीति में हलचल पैदा कर दी है। राहुल गांधी ने कोटा पर एक सवाल के जवाब में कहा था कि अभी आरक्षण को खत्म करने का सही समय नहीं आया है। उनके इस जवाब को लेकर विवाद पैदा हो गया है और अब होम मिनिस्टर अमित शाह ने उन पर तीखा हमला बोला है। अमित शाह ने कहा, आरक्षण समाप्त करने की बात करके राहुल गांधी एक बार फिर कांग्रेस का आरक्षण विरोधी चेहरा सामने लाए हैं। राहुल का बयान क्षेत्रवाद, धर्म और भाषा के आधार पर दरार पैदा करने की कांग्रेस की राजनीति को उजागर करता है। गृह मंत्री ने विस्तार से अपनी राय एक्स पर लिखी है। उन्होंने लिखा, देशविरोधी बातें करना और देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना राहुल गाँधी और कांग्रेस पार्टी की आदत सी बन गई है। चाहे जम्मू-कश्मीर में JKNC के देशविरोधी और आरक्षण विरोधी एजेंडे का समर्थन करना हो, या फिर विदेशी मंचों पर भारत विरोधी बातें करनी हो, राहुल गाँधी ने देश की सुरक्षा और भावना को हमेशा आहत किया है। भाषा से भाषा, क्षेत्र से क्षेत्र और धर्म से धर्म में भेदभाव लाने की बात करना राहुल गाँधी की विभाजनकारी सोच को दर्शाता है। इसके आगे वह लिखते हैं, राहुल गांधी ने देश से



आरक्षण को समाप्त करने की बात कह कर कांग्रेस का आरक्षण विरोधी चेहरा एक बार फिर से देश के सामने लाने का काम किया है। मन में पड़े विचार और सोच किसी न किसी माध्यम से बाहर आ ही जाते हैं। मैं राहुल गाँधी को बताना चाहता हूँ कि जब तक भाजपा है, आरक्षण को कोई छू भी नहीं सकता और देश की एकता के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता। अमित शाह ने कहा कि चाहे जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के राष्ट्र-विरोधी एजेंडे के समर्थन की बात हो या विदेश में भारत-विरोधी टिप्पणी करना, राहुल ने देश की सुरक्षा को खतरे में डाला है। उन्होंने कहा कि भारत को बांटने की साजिश रचने वाली ताकतों के साथ खड़े होना और देश विरोधी बयान देना राहुल गांधी और कांग्रेस की आदत बन गई है। राहुल गांधी ने एक सवाल के जवाब में कहा था कि भारत में आरक्षण खत्म करने का यह सही समय नहीं है। हम इसके बारे में तभी विचार करेंगे, जब भारत एक अच्छी जगह बन जाएगा। उन्होंने जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी के छात्रों से बातचीत में कहा कि भारत में जब हालात बेहतर होंगे और सभी तक उनके अधिकार पहुंच जाएंगे, तभी इस बारे में विचार किया जा सकता है। आरक्षण को लेकर राहुल गांधी के इस बयान पर बसपा प्रमुख मायावती का भी बयान आया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी भी दलितों और ओबीसी को आरक्षण देने के पक्ष में नहीं रही। कांग्रेस की यूपीए सरकार ने ही प्रमोशन में आरक्षण को रोक कर रखा और अब जातिगत जनगणना के लिए भी उससे उम्मीद नहीं की जा सकती।

## शिमला मस्जिद विवादः हिंदू संगठनों ने किया प्रदर्शन

**शिमला,11 सितंबर।** कथित अवैध मस्जिद के निर्माण को लेकर तनाव बढ़ गया है। शहर में एक कथित अवैध मस्जिद के निर्माण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन तेज हो गया। कुछ हिंदू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था जिसके बाद कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए संजौली इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस ने आंदोलनकारियों को तितर-बितर करने के लिए हल्के लाठीचार्ज और पानी की बौछारों का सहारा लिया क्योंकि उन्होंने मस्जिद स्थल तक पहुंचने के लिए बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की थी। विरोध के आह्वान से पहले, भारत नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा आदेश जारी किए गए थे, जिसमें बिना किसी अनुमति के सार्वजनिक स्थानों पर पांच या अधिक व्यक्तियों के इकट्ठा होने पर रोक लगाई गई थी। प्रदर्शनकारियों में से एक ने दावा किया कि प्रदर्शनकारियों को पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों से हिरासत में लिया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि यह जनभावनाओं से जुड़ा मामला है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने यह



भी दावा किया कि सरकार इस मामले को दबाने की कोशिश कर रही है। शिमला के जिलाधिकारी अनुपम कश्यप ने बताया कि संजौली क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की मौजूदा स्थिति तथा सार्वजनिक शांति भंग होने की आशंका के कारण निषेधाज्ञा लागू की गई है। आदेश में कहा गया कि सार्वजनिक रैली, बिना अनुमति के जुलूस और भूख हड़ताल, धरना, सार्वजनिक स्थानों पर नारेबाजी, सड़कों, राजमार्गों, फुटपाथ और यातायात की सामान्य आवाजाही में बाधा उत्पन्न करना तथा किसी भी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह द्वारा सार्वजनिक स्थान, सड़क और पूजा/प्रार्थना स्थलों पर ज्वलनशील वस्तुओं को ले जाना भी प्रतिबंधित है।

# भाजपा ने कांग्रेस के भ्रष्टाचार के विरोध में धरना,प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,11 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी के तत्तावधान में नगर पंचायत क्षेत्र में कांग्रेस के पदाधिकारियों के द्वारा पिछले साढ़े 4 साल में विकास के नाम पर किये गये भ्रष्टाचार को उजागर करने विशाल धरना प्रदर्शन किया,प्रदर्शन पश्चात तहसीलदार मीना साहु को मुख्य मंत्री, उप मुख्य मंत्री,दुर्ग कलेक्टर एवम एस डी एम पाटन के नाम 15 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया । नगर पंचायत के पार्षद नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पाटन का विधायक के मुख्य मंत्री रहते हुए भी पाटन का समुचित,अपेक्षित विकास नहीं हो पाया अधिकांश कार्य भ्रष्टाचार के भेट चढ़ गया कुछ सालों पूर्व ही बने कार्यों को फिर से तोड़ना फिर से बनाना यही होते रहा केवल कुछ लोगो को लाभ पहुंचाने गुणवत्ता विहीन कार्य हुआ श्री भाले ने कहा की कांग्रेस के सरकार रहते मुझे कई तरह हथकंडे अपना कर धौंस दिया गया पर मैं भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष करता रहा सभा को दक्षिण मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहु ने कहा कि कांग्रेस शासन में भाजपा के समान्य कार्यकर्ता के अलावा अन्य प्रताड़ित होते रहे पर भाजपा की सरकार में कोई प्रताड़ित नही होगा जो



अधिकारी कर्मचारी अथवा कांग्रेसी भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाएंगे उन्हे कानून के तहत सजा होगी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा द्य रोहित साहू जिला मंत्री ने कहा कि भूपेश बघेल के कार्यकाल को भय, भूख और भ्रटाचार की जननी के रूप में जाना जाएगा । नगर पंचायत पाटन भ्रस्टाचार की भेंट चढ़ गई । मेहतर वर्मा ने कहा कि भूपेश बघेल ने समाज मे व्यापक रूप से भ्रस्टाचार किया है । सभा को सुरेंद्र साहु, दामोदर चक्रधारी, कृष्णा भाले , दिनेश साहु ,जिला भाजपा के मंत्री रोहित साहु ,मंडल महामंत्री हरिशंकर साहु ,शैलेन्द्री मण्ड़ावी, ने भी संबोधित किया द्यमंच संचालन राजा शर्मा ने किया आभार प्रदर्शन छबि श्याम देवांगन ने किया द्य धरना प्रदर्शन में खेमलाल साहू मध्य मण्डल अध्यक्ष, रोहित साहू जिलामंत्री, पूर्व नपा अध्यक्ष कृष्णा भाले, शरद बघेल,मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, योगेश निक्की भाले, मेहत्तर वर्मा, पोसूराम निर्मालकर, लक्ष्मण निर्मलकर, श्रीमती निशा सोनी , युवा मोर्चा अध्यक्ष कुणाल शर्मा, दिनेश साहू , महामंत्री हरीशंकर साहू राजेश चंद्राकर, रूपसिंह सिन्हा, चन्द्रिका साहू ,शैलेन्द्री मांडवी, धनराज साहू, रानी बंछोर, दमोदर चक्रधारी, रवि सिन्हा,सुरेंद्र वर्मा, राजू साहू, वेदांत चतुर्वेदी, सुनील शर्मा, ब्यास नारायण देवांगन सुरेन्द्र साहू , जगदीश मालपानी ,जगनु वर्मा, गंगादीन साहू, निर्मल जैन, सरजूराम मरकाम, वागेश वाशाशंकर, जे पी देवागन, राजेश वर्मा ,राजा पाठक, मंगल देवांगन, प्रमिला सिन्हा, चम्पा पटेल, विजय यादव, पारखत साहू, संतराम कुम्भकार, केवल देवांगन, मिलन देवांगन, सागर सोनी, आदित्य पांडे,कामता पटेल, प्रेम सागरवंशी, कामता पटेल, सागर सोनी, धमेंद्र सोनकर,तीरथ पटेल,अनिकेत मिश्रा, अभिसक सेन सहित आस पास ग्राम एवं नगर के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर



### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा करेंगे सदस्यता अभियान की समीक्षा

**उतई,11 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान की प्रगति की समीक्षा एवं आगामी कार्य योजना को लेकर प्रदेश के नेता हर विधानसभा में जाकर बैठक लेंगे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा 11 सितंबर बुधवार को अहिवारा विधानसभा की बैठक मंगल भवन बानबरद में बजे ली जाएगी, बुधवार को ही प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी द्वारा दुर्ग शहर की बैठक जिला भाजपा कार्यालय दुर्ग में लेकर सदस्यता अभियान की समीक्षा करते हुए आगामी रणनीति पर विचार किया जाएगा। पाटन विधानसभा की बैठक प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष और पूर्व सांसद मधुसूदन यादव द्वारा ली जाएगी। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत सदस्यता की समीक्षा के लिए पूर्व सांसद अभिषेक सिंह पहुचेंगे।

### पुलिस ने 6 जुआरियों को पकड़ा



**भिलाई,11 सितंबर।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र के ग्राम मेडेसरा में वाटर पार्क के पीछे स्थित खेत में जमे जुए के फड़ पर पुलिस ने दबिश दी है। पुलिस को आता देखकर वहां से कई जुआरी भाग निकले और छह लोगों को पकड़ने में सफलता मिली। आरोपितों से एक लाख 34 हजार रुपये नकद, आठ मोबाइल और उनकी एक कार और दो बाइक को जब्त की गई है पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की है नंदिनी टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि घटना स्थल से आरोपित भूषण साहू (32 साल ) निवासी जैन मंदिर के पास अहिवारा, सिकंदर बंजारे (32 साल ) निवासी ग्राम पदमी जिला बेमेतरा, राजेश साहू (34 साल ) निवासी चरोदा भिलाई-तीन, अमित कुमार बंजारे (40 साल ) निवासी शंकर नगर छावनी, केजूराम देवांगन (40) निवासी ग्राम पथरिया नंदिनी और देवेंद्र पटेल (34) निवासी ग्राम खिलौरा खुर्द बोरी को गिरफ्तार किया गया है। इनके साथ ही कुछ और भी आरोपित वहां पर थे, लेकिन वे सभी भाग निकले। उन्होंने बताया कि मेडेसरा में मुख्य मार्ग से करीब ढाई से तीन किलोमीटर दूर खेत में जाकर ये सभी जुआ खेल रहे थे। जुआरियों को पकड़ने के लिए अनुविभाग के तीन थाना नंदिनी, धमधा और बोरी की टीम को लेकर छापा मारा ।

### कोच से जेवर चोरी, एक गिरफ्तार



**भिलाई,11 सितंबर।** भिलाई शिवनाथ एक्सप्रेस के कोच एस 5 में सोने चांदी के जेवरात चोरी करने वाले आरोपी को जीआरपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जीआरपी पुलिस ने आरोपी के कब्जे से जेवरात बरामद कर लिया है भिलाई तीन जीआरपी टीआई राज कुमार बोर्झा ने बताया कि विवेक बन्द्रवंशी (19 वर्ष ) निवासी ज्योति नगर थाना दिपका कोरबा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ट्रेन 18239 शिवनाथ एक्स के कोच एस/5 बर्थ नंबर 78, 80 में कोरबा से नागपुर के लिए सफर कर रहा था। सफर के दौरान रेल्वे स्टेशन भिलाई में नींद खुलने पर देखा कि उसका ट्राली बैग हरा रंग का जिसमें एक कपड़े की पोटली के अंदर सोने की अंगुठी, एक नाक की फुल्ली, दो जोड़ी कान का टाप्स, चांदी का एक जोडी पायल, चांदी का दो जोड़ी बिछिया, छोटा छोटा चांदी का 11 नग मानडिका एवं इस्तेमाली कपडे अज्ञात व्यक्ति चोरी कर लिया गया। रिपोर्ट के बाद मामले में मामले में आरोपीअमित कुमार बकसरे (28 वर्ष ) निवासी पत्ता गली नंबर 17 प्लाट नंबर 40 राजीव गांधी नगर पुरानी कामठी रोड़ नागपुर थाना यशोदरा नागपुर (महाराष्ट्र ) को गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर अपना जुर्म कबूल किया अपराध कमांक 115/2024 धारा 303 (2) बीएनएस कीमती 50,000 रू का जप्त किया गया एवं आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### महिला की करंट लगने से मौत

**भिलाई,11 सितंबर।** भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र पानी भरने मोटर से पंप लगाने के दौरान एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई इस घटना के बाद मोहल्ले में सनसनी फैल गई इस घटना में दो बच्चों से मां का साया उठ गया है फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि जवाहर नगर बांबे अटल आवास में रहने वाली सुरेखा बोरकर (34 वर्ष ) रोज की तरह पानी भरने के दौरान नल में मोटर पंप लगा रही थी इस दौरान तेज बारिश भी हो रही थी अचानक करंट लगने से सुरेखा चपेट में आ गई जिससे उसकी मौत हो गई घटना के बाद मोहल्ले में भीड़ जुट गई सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची शव को सुपेला अस्पताल के मरच्युरी भेजा गया बताया जाता है कि मृतका सुरेखा एक महीने पहले बांबे अटल आवास में रहने आई थी घरों में पोंछा-झाडू कर अपने दोनों बच्चों को पालती थी इस घटना में दो बच्चों के सिर से मां हाथ उठा गया।



# बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा के प्रति पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 11 सितंबर।** कबीरधाम जिले के जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने महिला सुरक्षा पर बताया की महिलाओं , बच्चो और परिवार की सुरक्षा के प्रति पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद रहती है । कबीरधाम जिले में डायल 112 और पुलिस विभाग नियमित चौबीस घंटे स्कूल , कालेज , गार्डन , संवेदनशील ,और विभिन्न स्थानों पर लगातार सक्रिय रहती है और पुलिस विभाग द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जाती है । ज्यादा शराब पीकर गाड़ी चलाने वालो के खिलाफ लगातार कारवाई की जाती है ।अवेध शराब बेचने वालो से लेकर गांजा बेचने वालो और सट्टा खिलाने वालो पर कारवाई हमेशा की जाती है । स्कूल , कालेज , अस्पतालों में छात्र छात्राओं और सभी लोगो को महिला सुरक्षा , यातायात




सुरक्षा और नए कानून के प्रति जागरूक किया जाता है । कभी भी किसी को दिक्कत हो तो डायल 112 में फोन कर सकते है और डायल 112 त्वरित अलर्ट हो जाती है और सहायता करती है । कवर्धा , पोड़ी , बोडला , चिल्फी , पांडातराई , पंडरिया , कुंडा में डायल 112 लगातार विभिन्न स्थानों पर पेट्रोलिंग करती हुई देखी जाती है । छात्र छात्राओं , महिलाओं और सभी व्यक्तियों को अभियक्ति एप मोबाइल में डाउनलोड करना चाहिए । गुम बालक बालिकाओं का पता लगाने में पुलिस विभाग ने अच्छी सफलता पाई है । जम्मू कश्मीर से लेकर चेनाई तक पता लगाकर गुम बालक बालिकाओं को वापस लाया गया है और परिवार में भारी खुशी देखी जाती है। मोबाईल गुम हो जाने पर जिला पुलिस विभाग की सक्रियता के कारण मोबाइल मिल जाने से छात्र छात्राओं से लेकर गरीब परिवार के चेहरे में मुस्कराहट दिख रही है । जिला एसपी डॉक्टर अभिषेक पल्लव और जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के मार्गदर्शन में पुलिस विभाग अपराधिक तत्वों पर पैनी नजर रखती है और लगातार अपराधी जेल जा रहे है साथ ही महिला सुरक्षा के प्रति पुलिस विभाग गंभीर दिख रही है जिसकी तारीफ जनमानस में हो रही है ।

### वार्ड-23 से बीजेपी से पार्षद चुनाव लड़ेगी सतबिंदर पाहुजा



**कवर्धा, 11 सितंबर।** जिला बीजेपी महिला अध्यक्ष सतबिंदर पाहुजा ने चुनाव लडने के सवाल पर कहा की यदि बीजेपी संगठन सोचती है की मैं चुनाव में शिरकत करू तो चुनाव अवशग लड़ूंगी । वैसे मेरी इच्छा है की वार्ड 23 से चुनाव में शिरकत करू ।



कवर्धा। श्रीगणेश भगवान की मूर्ति विराजित

लहलहाती धान की फसल



**कवर्धा।** अंचल में बारिश से किसान खुश नजर आ रहे है। वही अर्ली वेरायटी के धान निकलना चालू हो गया है ।अर्ली वेरायटी धान से लहलहाता खेत अंचल के उतई से खोपली मार्ग से लिया गया तस्वीर

### सेल चेयरमैन ट्राफी एंड डायरेक्टर इंचार्ज ट्राफी के लिए आवेदन आमंत्रित

**भिलाई, 11 सितंबर ।** सेल के युवा प्रबंधकों के लिए, कंपनी के प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान चेयरमेन्स ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स का सेल स्तरीय आयोजन किया जायेगा। सेल के संयंत्रों और इकाईयों के पात्र अधिकारियों को इसमें भागीदारी हेतु आमंत्रित किया जा रहा है। इच्छुक अधिकारी, जिनकी आयु 1 अप्रैल, 2024 तक 45 वर्ष तक हो, वे अपने विभागाध्यक्ष के माध्यम से प्रशिक्षण प्रमुख/एचआर-एलएंडडी को निर्धारित प्रारूप में 15 सितंबर तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। प्रतियोगिता के लिए शोध पत्र 15 नवंबर को या उससे पहले प्रशिक्षण प्रमुख/एचआर-एलएंडडी को जमा करना होगा। वर्ष 2024-25 के लिए 5 इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट अर्थात बीएसएल, बीएसपी, डीएसपी, आईएसपी और आरएसपी में युवा प्रबंधकों के लिए दोनों प्रतियोगिताओं अर्थात सीटीवाईएम और डायरेक्टर इंचार्ज ट्रॉफी दोनों का विषय ट्रांस्फार्मिंग सेफ्टी कल्चर - वे फॉरवर्ड है। संयंत्र स्तर पर चयन समिति टीमों द्वारा प्रस्तुत पेपर्स और प्रस्तुति के आधार पर 30 नवंबर से पहले डीआईसीटीवाईएम के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र से सर्वश्रेष्ठ 03 विजेता टीमों का चयन करेगी। बीएसपी के डीआईसीटीवाईएम का विजेता, एमटीआई द्वारा आयोजित सीटीवाईएम के अंतिम दौर में पहुंच जाएगा और सेल की अन्य इकाइयों की टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करेगा।

## यातायात पुलिस के आदेश की उड़ाई जा रही धज्जियां : ताम्रकार



**भिलाई, 11 सितंबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि अति व्यस्त ओवर ब्रिज जो सेक्टर-1 से नंदिनी रोड की ओर जाती है और वह काफी पुरानी होने कारण जर्जर हो चुका है इसलिए उक्त ओवर ब्रिज में यातायात विभाग द्वारा, भारी वाहनों के प्रवेश पर बाकायदा चेतावनी लिखकर सेक्टर 1 के मुर्गा चौक पर उनके द्वारा भारी वाहन पार करना प्रतिबंधित है नियम उल्लंघन करने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। उसके बाद भी यातायात पुलिस की उक्त चेतावनी की धज्जियां उड़ाते हुए 24 घंटे भारी वाहनों का आवागमन होते रहता है। चेतावनी को नजर अंदाज कर भारी वाहनों का निरंतर आगमन हो रहा है जिसे अविलंब बंद करने की मांग की गई है । इसी तरह छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि अमरचंद अरोरा, भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के विशेष आमंत्रित सदस्य लल्लन तिवारी आदि ने भी कलेक्टर दुर्ग एवं डीएसपी यातायात विभाग को ज्ञापन भेज कर तत्काल ओव्हर ब्रिज पर से भारी वाहनों का आगमन पर प्रतिबंध लगाने का मांग की है।

# तीज मिलन पर हुई प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने उत्साह से लिया हिस्सा

**भिलाई, 11 सितंबर।** कान्यकुब्ज वैश्य हलवाई भुंजवा भुर्जी समाज का बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम रविवार को हर्षोल्लास के साथ स्वामी विवेकानंद भवन पद्मनाभपुर दुर्ग में संपन्न हुआ। समाज के अध्यक्ष प्रहलाद कश्यप द्वारा स्वागत भाषण देने के पश्चात सचिव जितेंद्र कश्यप द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया एवं महिला समिति से पारो गुप्ता, मीना गुप्ता व राधिका कश्यप ने अपने विचार व्यक्त किये। राकेश गुप्ता द्वारा संचालन किया गया। शुरुआत छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रतियोगिता से हुई जिसमें प्रथम छाया कश्यप, द्वितीय अनुपमा कश्यप, तृतीय नीता दीपक कश्यप रही। तीज पूजा थाली सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम किंजल कश्यप, द्वितीय प्रिया गुप्ता, तृतीय छाया कश्यप रहे। तीज क्वीन प्रतियोगिता में प्रथम शारदा कश्यप, द्वितीय प्रियंका गुप्ता, तृतीय मनीषा कश्यप रही। चित्रकारी प्रतियोगिता में छोटे बच्चों द्वारा जल



संरक्षण के थीम पर चित्रकारी ने समाज के सभी लोगों का मन मोह लिया। जिसमें प्रथम आराध्य कश्यप, द्वितीय अनिका कश्यप, तृतीय ओजस कश्यप को प्राप्त हुए। एक तिली से सर्वाधिक मोमबत्ती जलाने की प्रतियोगिता में महिला बच्चों ने खूब एंजॉय किया। जिसमें प्रथम प्रतिभा गुप्ता द्वितीय किंजल कश्यप तृतीय नीता दीपक कश्यप को प्राप्त हुआ । सम्मान सूची में श्रीमती समला देवी, शांति देवी, लक्ष्मी देवी, उषा देवी, शशि देवी, विद्या देवी, श्रीमती बीना देवी कश्यप, रामशंकर गुप्ता, राममनोहर, रामगोपाल, गोविंद, शंकर लाल, रमेश कश्यप, ठाकुर राम, जगदीश कश्यप और लक्ष्मी नारायण गुप्ता को आमंत्रित कर सम्मानित करने एवं सभी उम्र वर्ग को साथ लेकर सामाजिक उन्नति एवं एकत्रीकरण के प्रयास को उन सभी के द्वारा पूरे समाज को आशीर्वाद दिया गया। कार्यक्रम के संयोजक हरीश कश्यप ने समाज को हमेशा एक रहने की प्रतिज्ञा के साथ एक मत से महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चों की टीम तैयार करने की दिशा तैयार करना ही कार्यक्रम का उद्देश्य बताया। महापौर धीरज बाकलीवाल व अन्य सहयोगी सदस्यों व अतिथियों के प्रति विनय कश्यप ने धन्यवाद दिया। कैटरिंग का सहयोग पिंटू गुप्ता एवं अभिलाष गुप्ता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की सफलता के लिए विजय गुप्ता, अनिल,सुनील कश्यप, रामनरेश, राजू गुप्ता, राजू कश्यप, दिनेश गुप्ता, विकास, महेंद्र, पंकज कश्यप, विशाल गुप्ता, दीपक ,आशीष, लोमस कश्यप का उल्लेखनीय प्रयास रहा। निर्णायक के रूप में तृप्ति गुप्ता ममता गुप्ता, अनुपमा ,शशि सुविधि कश्यप, अलका गुप्ता, दीप्ति, मनीषा, शारदा कश्यप सहित अनेक महिला पुरुषों ने अपनी योग्यता और सामर्थ्य के अनुसार कार्यक्रम को सफल बनाने में भरपूर सहयोग दिया।

## भिलाई क्षेत्र में 14 सितम्बर से शुरू होगा स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान



**भिलाई, 11 सितंबर ।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत 14 सितम्बर 02 अक्टूबर तक स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान चलाया जायेगा। जिसके तहत निगम भिलाई क्षेत्र में अलग.अलग दिन सफाई से संबंधित गतिविधियां चलाई जाएगी। जिसके अंतर्गत श्रम दान, स्वच्छता शपथ में दौड़, रैली, मानव श्रृंखला प्रभात फेरी, कचरा संग्रहण में लगी गाड़ियों को हरी झण्डी दिखाया जायेगा। इसके अंतर्गत पिछले 10 वर्षो की उपलब्धियों का विवरण शामिल किया जायेगा। एक पेड़ मां के नाम फलदान एवं छायादार पौधे का रोपण कर स्वच्छता का शपथ भी लिया जायेगा। भिलाई नगर को स्वच्छता से जोड़ने एवं शहर को साफ.सुथरा बनाने सब के सहयोग से यह कार्यक्रम चलाया जावेगा। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी द्वारा संबंधित अधिकारी कर्मचारियों की मीटिंग आहूत की गई। सबके द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया गया। प्रत्येक दिन प्रत्येक वार्ड के लिए क्या.क्या कार्य करना है। किस प्रकार से हम जन भागीदारी लेकर के इस कार्यक्रम में आम पब्लिक को जोड़ सकते हैं, उस पर पर्याप्त मात्रा में चर्चा हुई। निगम भिलाई के अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय, जोन कार्यालय से सभी अधिकारियों को वार्ड क्षेत्रों का मॉनिटरिंग कर वहां की सफाई संबंधी समस्याओं का निराकरण करने एवं प्रतिदिन उसका रिपोर्ट आयुक्त को दिये जाने का निर्देश दिये है। स्वच्छ सर्वेक्षण की टीम सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों का भ्रमण करने आने वाली है। उनके द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले निकाय को पुरस्कृत किया जायेगा। निगम भिलाई क्षेत्र में सफाई अभियान डोर.टू.डोर किया जा रहा है। जिससे शहर की सुन्दरता को बनाये रखने लगातार जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। महापौर नीरज पाल ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 का आरंभ होने वाला है। हम सबकी जिम्मेदारी है भिलाई को स्वच्छता में अग्रणी बनाने के लिए। यह सबके सहयोग से ही संभव होगा। बस एक भावना मन में हो हम क्या बेहतर कर सकते है अपने भिलाई के लिए।

# शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित हुए आईएण्डए जोन के कर्मचारी



**भिलाई, 11 सितंबर ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के आई एण्ड ए जोन में विगत दिनों शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। आई एण्ड ए जोन में आयोजित शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शित करने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पाली शिरोमणि एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह में प्रबंधक जेनेस ए को पाली शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया। ईए लखन लाल नवरंग, ईए अनिल कुमार मिश्रा, ईए बी एस रविकुमार तथा ईए रूप सिंह को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक रविषंकर, महाप्रबंधक सुश्री सिम्मी गोस्वामी, महाप्रबंधक राजेष जैन, महाप्रबंधक यू एस बरवाल, सहायक महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिन्हा व सुश्री गीता उपस्थित थे। संचालन एमटीए, कार्मिक कार्यालय के मिहिर मनोहर तथा आभार प्रदर्षन गिरिष कुमार मढ़रिया द्वारा किया गया।



# 23 लाख लोन न चुकाने वाले जनपद अध्यक्ष के मकान को किया गया सील

**भिलाई, 11 सितंबर ।** छुरा जिला गरियाबंद बीजेपी जनपद अध्यक्ष के मकान में ताला मार कर सील करने की कार्रवाई की गई । कलेक्टर के आदेश के बाद 23 लाख का लोन नहीं चुकाने की स्थिति में राजस्व अमले की उपस्थिति एवं एनफोर्समेंट डायरेक्टर सूर्यकान्त यादव, सीआरजीबी क्षेत्रीय प्रबंधक धमतरी, शाखा प्रबंधक छुरा, अंबर, सिद्धांत दुबे एवं अन्य की मौजूदगी में वीडियोग्राफी करके ताला मार कर सील करने की कार्रवाई की गई ।

## एक नजर

### भारी बारिश में जलमग्न हुआ अंडरब्रिज



**डोंगरगढ़ 11 सितंबर।** भारी बारिश के चलते डोंगरगढ़ का एकमात्र अंडरब्रिज जलमग्न हो गया जिससे कालकापारा व शहर से आने जाने वाले यात्रियों का मार्ग बाधित हो गया। बताया गया कि मौसम की मार में करोड़ो रु से निर्माणधींन डोंगरगढ़ का अंडरब्रिज पूरी तरह से बारिश के पानी से भर गया जिससे लगभग 36 घण्टों से आवागमन बाधित हो गया। रेलवे के द्वारा करोड़ो रू की लागत से बने अंडरब्रिज का डूबना पहली बार नहीं है इसके पूर्व भी लगातर बारिश की वजह जलमग्न हो चुका है। रेलवे प्रशासन द्वारा अंडरब्रिज के दोनों ओर बेरीकेट सहित रेलवे के कर्मचारीयों को ड्यूटी में तैनाती कर आने जाने वाली गाड़ियों को रोककर ओव्हरब्रिज से आवागमन करने की हिदायत देते व पानी निकासी के प्रयास करते नजर आए। वहीं दूसरी ओर रात्रि भर भारी बारिश की वजह से प्रातः स्कूल जाने वाले छात्र छात्राएं परेशान रहे। बड़े वाहनों को ग्राम गाजमर्रा से होकर गुजरना पड़ा तो दूसरे दुपहिया व चारपहिया वाहन रणचंडी मंदीर वाले रास्ते से आवागमन करना पड़ा।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 7 अक्टूबर तक वार्डो में शिविर

**राजनांदगांव 11 सितम्बर।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह अगस्त 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 12 सितम्बर 2024 से 7 अक्टूबर 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 12 सितम्बर को बजरंगपुर वार्ड नं. 1 के लिये साहू धर्मशाला बजरंगपुर नवागांव में, महात्मा बुद्ध वार्ड नं. 2 के लिये लोधी भवन में व पदुमलाल पुनालाल बक्शी वार्ड नं. 4 के लिये पंचायत भवन नया ढाबा व स्कूल के पास मंच पुराना ढाबा में एवं 13 सितम्बर को मोतीपुर वार्ड नं. 3 व रामनगर वार्ड नं. 8 के लिये मोतपुर स्कूल सामुदायिक भवन में, शासकीय मुद्रणालय वार्ड 6 के लिये चिखली स्कूल में, महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड नं. 10 के लिये शिव मंदिर शांति नगर में व राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नं. 11 के लिये ओव्हर ब्रिज के नीचे आंगनबाडी में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये भी शिविर का आयोजन किया जायेगा। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11ः 30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह अगस्त 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

### कलेक्टर ने सपोर्ट एजेंसियों के कार्यों की समीक्षा की



**राजनांदगांव 11 सितम्बर।** कलेक्टर तथा अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन श्री संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन में कार्यरत सपोर्ट एजेंसियों के कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने आईएसए के कार्यों को पूरा नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने वीडब्ल्यूएससी गठन, ग्राम सभा का आयोजन, जल जीवन मिशन के प्रति लोगों को जागरूक करना, दीवार लेखन के माध्यम से योजना का प्रचार-प्रसार, संचालन एवं रखरखाव हेतु लोगों का चुनाव, हर ग्राम में एफटीके किट के माध्यम से पानी की जांच करवाना, सीएपीईएक्स एण्ड ओपीईएक्स तथा जल कर के लिए लोगों को जागरूक करने के संबंध में चर्चा की। समीक्षा के दौरान सपोर्ट एजेंसियों का कार्य असंतोषजनक पाया गया। लगभग सभी एजेंसियों द्वारा कार्य अपूर्ण पाया गया। जिस पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने नारागजी व्यक्त करने हुए विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में कुछ एजेंसियों की अनुपस्थिति रही, जो विगत पूर्व के भी बैठकों में अनुपस्थित रहे हैं। जिसे देखते हुए संबंधित अनुबंधानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए एवं वर्तमान में कार्यरत सभी सपोर्ट एजेंसीयों को तीन दिवस के भीतर उनके द्वारा किये गए कार्यों की सूची बनाकर प्रस्तुत करने कहा गया। कलेक्टर ने कार्य गलत पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से उनके अनुबंध को निरस्त करने के निर्देश दिए। बैठक में पीएचई विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री समीर शर्मा, सहायक अभियंता सुश्री प्रिया सोनी, जिले के सपोर्ट एजेंसियों सहित विभागीय कार्यरत सभी जिला समन्वयक उपस्थित थे।

### विधायक हर्षिता स्वामी बघेल का जनदर्शन ग्राम पांडादाह में 12 को

**डोंगरगढ़ 11 सितंबर।** क्षेत्रीय विधायक हर्षिता स्वामी बघेल 12 सितंबर दिन गुरुवार को क्षेत्र की जनता के बीच पहुंचकर विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होगी । इसी कड़ी में सुबह 11. 30 बजे क्षेत्र के ग्राम चिखलादाह में विधायक के हाथो विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण और दोपहर 12 .30 बजे ग्राम पांडादाह में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा रखी गई बैठक में शामिल होगी । तदप्रश्चात दोपहर 3 बजे से वे ग्राम पांडादाह में जनदर्शन के माध्यम से जनता की मांग और समस्या से अवगत होगी ।

# सक्षम अधिकारी,ठेकेदारों ने लगाया करोड़ों का चूना

## मामला- पनियाजोब बोरतलाव तीसरी रेललाइन का

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 11 सितंबर।** सैकड़ों करोड़ की लागत से बनने वाली तीसरी रेल लाइन की पोल मौसम के पहले बरसात में पोल खोल के रख दिया है। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष पनियाजोब से बोरतलाव के मध्य तीसरी रेल लाइन का निर्माण कार्य सौ करोड़ से अधिक की लागत से कराया गया था, इस निर्माण कार्य में निर्माण कंपनी के टेक्निकल इंजीनियर से लेकर रेल प्रशासन के सक्षम अधिकारी सहित रेलवे के इंजीनियर इस कार्य के लिए नियुक्त किये गए थे और उनके देखरेख में इस तीसरी रेल लाइन का निर्माण करवाया गया था जिसकी लागत लगभग 200 करोड़ के आसपास की लागत से कराई गई थी परंतु यह भारी भरकम रेल लाइन पहली भारी बरसात को भी झेल नहीं पाई है जिसके कारण पिछले 36 घंटो से इस तीसरी रेल लाइन पर आवागमन ठप्प पड़ गया है। आवागमन ठप्प पड़ने के कारण युध्द स्तर पर रेलवे के सक्षम अधिकारी सहित कर्मचारियों के द्वारा सुधार कार्य किया जा रहा है जिसके बाद भी समाचार लिखे जाने तक रेल यातायात बहाल नहीं हो पाया है। इसको लेकर सूत्रों से जो जानकारी मिली है कि उसमें बताया गया है कि रेलवे के सक्षम अधिकारी के द्वारा केवल कमीशन पर ध्यान दिया गया लेकिन भविष्य में टेक्निकल परेशानी होने वाले कार्यो पर ध्यान नहीं दिया गया जिसके कारण पहली बरसात ने ही निर्माण कार्य की पोल खोल कर रख दिया है। तीसरी रेल लाइन के निर्माण के लिए बड़े बड़े सक्षम अधिकारी अपने ज्ञान का भंडार खोल दिए थे। यहाँ चौकानें वाली बात यह है कि डोंगरगढ़ स्टेशन से लेकर सालेकसा तक किसी भी मालवाहक रेलगाड़ी को जाने के लिए तीन पावर इंजन की आवश्यकता पड़ती थी जिसकी क्षमता को कम करने के लिए अपने आप को सुरमा-भोपाली समझने वाले चीफ इंजीनियर को यह उत्तरदायित्व दिया गया था परंतु इन सुरमा-भोपाली सक्षम इंजीनियरो ने ठेकेदार के साथ मिलीभगत कर ऐसा खेल दिखाया जिसके परिणामस्वरूप पहली भारी बारिश ने ही रेल विभाग के सक्षम अधिकारीयों की पोल खोल के रख दिया है। जिसको लेकर मौके पर उपस्थित ठेकेदार के मैक्निकल इंजीनियर खगेश्वर कुमार से चर्चा करने पर बताया गया कि तीसरी रेल लाइन में जो गिट्टी डाली गई थी बारिश के कारण वह गिट्टी बह गई है जिसके कारण लगभग 36 घण्टे के आसपास से रेल यातायात इस तीसरी रेल लाइन पर यातायात बाधित है। मौके पर उपस्थित रेलवे के अधिकृत अधिकारी कर्मचारी नागपुर से आए सीनियर डी एन कोडिनेशन अजय पटेल व जीएम निखिल महोबिया, राजकिरण यदु, शशांक रामटेके सहित मौके पर कार्य कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि अधिक बारिश होने के कारण रेल लाइन की गिट्टी बह गई है जिसके इस रेल लाइन पर कोई भी बड़ी दुर्घटनाएं घट सकती है जिसके कारण इस रेल पात पर यातायात बाधित हो गया है। इसको लेकर द.पू.म.रेलवे के मंडल प्रबंधक सुश्री नमिता के दूरभाष नंबर 9730078300 पर संपर्क करने के बाद रिसीव नहीं करने के कारण कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है जिसके बाद द.पू.म.रेलवे के सीनियर वाणिज्य अधीक्षक दिलीप सिंह के मोबाईल नंबर 9730078950 से संपर्क कर बताया गया कि आप कौन बोल रहे है डीआरएम मैडम के नंबर पर आपका फोन आया था। परिचय देने के बाद प्रतिक्रिया देने के लिए कहा गया। जिसके पश्चात कहा गया कि आधे घंटे बाद प्रतिक्रिया दूंगा। निर्धारित समय के बाद बार बार उनके नंबर पर संपर्क किया गया आखिरी समय में मोबाईल पर बताया गया कि तीसरी रेल लाइन पर कोई यातायात प्रभावित नहीं हुआ है आपके नजर कोई रेल यातायात प्रभावित हुआ हो तो आप बताए ? संबधित विभाग से पूछकर प्रतिक्रिया दूंगा। मौके पर उपस्थित डोंगरगढ़ एईएन ऋषभ यादव, रेलपथ निरीक्षक मुकेश अग्रवाल से चर्चा करने पर बताया गया कि हम कार्य को लेकर परेशान है समय मिलने पर प्रतिक्रिया दे पाऊंगा।

### जनदर्शन में नागरिकों ने समस्याओं के समाधान के लिए दिया आवेदन

**राजनांदगांव 11 सितम्बर।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जनसामान्य को अधिक से अधिक लाभान्वित करने कहा। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए कहा। जनदर्शन में अंत्योदय राशन कार्ड बनाने, मकान क्षतिपूर्ति की राशि दिलाने, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, रकबा संशोधन, राजस्व अभिलेख को दुरूस्त करने, शौचालय निर्माण की अनुदान राशि दिलाने, ट्रांसफार्मर लगाने, भवन निर्माण, पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकताओं एवं गांव के विकास के लिए तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

# जल्द ही गति पकड़ेगा डोंगरगढ़ मुंगेली कटघोरा रेलवे लाइन का निर्माण

■ सांसद संतोष पांडेय ने केंद्रीय मंत्री का जताया आभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनंदगांव 11 सितंबर।** राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद संतोष पांडे ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ में रेल परियोजनाओं के लिए आवश्यक फंड रिलीज करने का आश्वासन देने पर धन्यवाद स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि विगत दिनों केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से छत्तीसगढ़ की रेलवे की नई परियोजनाओं के लिए मिले थे जिसमें श्री वैष्णव ने प्रदेश में रेलवे की नई परियोजनाओं के लिए बीस हजार करोड़ रुपये देने का आश्वासन दिया। नई दिल्ली में हुई एक बैठक में दोनों मंत्रियों ने रेल सुविधाओं के विस्तार पर विस्तृत चर्चा की रेल मंत्री ने कहा कि आगामीकेंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को छत्तीसगढ में रेलवे की नई परियोजना के लिए 20 हजार करोड रुपये देने का आश्वासन दिया है। नई दिल्ली में हुई एक बैठक के दौरान, तोखन साहू और अश्विनी वैष्णव ने रेलवे सुविधाओं के विस्तार पर विस्तृत चर्चा की। रेल मंत्री ने कहा कि आगामी एक से डेढ वर्ष के भीतर छत्तीसगढ को इस राशि का लाभ मिलेगा। बैठक के दौरान, वैष्णव ने कटघोरा मुंगेली डोंगरगढ रेलवे लाइन पर कार्य की गति को लेकर भी आश्वस्त किया। यह रेलवे लाइन क्षेत्र की जनता की लंबे समय से की गई मांगों में शामिल है, और इसके विस्तार से आवागमन की सुविधाएं बढेंगी और व्यापार व उद्योग के नए अवसर पैदा होंगे। इसके अतिरिक्त, रेल मंत्री ने कोविड-19 के दौरान बंद की गई कई ट्रेनों के स्टॉपेज को पुनः बहाल करने का आश्वासन भी दिया। इनमें दुर्ग भोपाल अमरकंटक सुपरफास्ट, पुरी हरिद्वार उत्कल कलिंग एक्सप्रेस, बिलासपुर भोपाल एक्सप्रेस, दुर्ग अम्बिकापुर एक्सप्रेस, सारनाथ एक्सप्रेस, बिलासपुर इंदौर एक्सप्रेस, और बिलासपुर-चिरमिरी-दुर्ग-अम्बिकापुर एक्सप्रेस शामिल हैं। गोंडवाना एक्सप्रेस को रायगढ से हजरत निजामुद्दीन तक चलाने और हरिद्वार तक विस्तार करने की बात भी की गई। साथ ही, विकासखंड देवभोग, जिला गरियाबंद में रेलवे रिजर्वेशन काउंटर खोलने की मांग की गई। हाल ही में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सांसदों और अधिकारियों की बैठक में उठाए गए सुझावों पर भी चर्चा हुई।

### कलेक्टर ने जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

**राजनांदगांव 11 सितम्बर।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम हरणसिंगी, बोरतलाव, नारायणगढ़, रामपुर, खातूटोला, बागनदी एवं अन्य ग्रामों का दौरा किया एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ऐसे परिवार जिनके मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं, उसका अवलोकन किया तथा आरबीसी 6-4 के तहत ऐसे परिवारों को राहत राशि दिलाने के लिए प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम बागनदी में श्रीमती ढेलाबाई के बाढ़ से प्रभावित क्षतिग्रस्त मकान का अवलोकन किया एवं सहानुभूति प्रगट की तथा उनको आरबीसी 6-4 के तहत राहत राशि दिलाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बाढ़ प्रभावित परिवारों के राहत शिविर में रूकने तथा भोजन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देश पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र नारायणगढ़, रामपुर, बागनदी का भ्रमण किया एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## समाचार संक्षेप

### अत्यधिक बारिश के कारण अंडर ब्रिज में पानी, आयुक्त ने अतिरिक्त पंप लगाने के दिये निर्देश

**राजनांदगांव 11 सितम्बर।** कल शाम से लगातार बारिश होने पर आज



आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता प्रातः सफाई व्यवस्था देखने वार्डो का भ्रमण किये एवं बरसते पानी में शहर के आंतरिक एवं बाह्य क्षेत्र के नाली नालों की सफाई का निरीक्षण कर पानी भरान क्षेत्रों में साफ सफाई कर पानी निस्तारी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये, ताकि बारिश का पानी वार्डो में न भरे। साथ ही उन्होंने अंडर ब्रिज का निरीक्षण कर पानी भरने पर तत्काल अतिरिक्त पंप लगाने कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके को निर्देशित किये तथा फायर बिग्रेड एवं मोटर पंप लगाकर पानी निकासी कराने कहा। आयुक्त श्री गुप्ता ने कल शाम से लगातार बारिश होने पर आज प्रातः शहर के विभिन्न क्षेत्रों का जायजा लेकर बारिश में सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अत्यधिक बारिश के कारण कई क्षेत्रों में पानी भरान की स्थिति निर्मित हो गयी है, उन क्षेत्रों के नाला एवं नालियों की सफाई किया जाये, ताकि पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने कहा कि गढ्डो में पानी भरान वाले जगह से कच्ची नाली खोदकर पानी निकासी कराया जाये। सभी कर्मचारी निर्धारित समय तक उपस्थित रहकर सफाई कार्य करे, पानी भरान क्षेत्रों में तैनात रहकर पानी निकासी की कार्यवाही करे। आयुक्त श्री गुप्ता ने अंडर ब्रिज में पानी भरने पर पंप हाउस में अतिरिक्त पंप लगाने के निर्देश दिये, निर्देश के अनुक्रम में दो नया पंप लगाया गया तथा फायर बिग्रेड व मोटर पंप से पानी निकासी करायी जा रही है। उन्होंने कहा कि पानी निकासी के लिये पंप हाउस में तीनो शीप्ट में कर्मचारी तैनात रहे तथा ज्यादा बारिश होने पर चौकसी बढ़ाकर अतिरिक्त पंप तुरंत चालू किया जाये। उन्होंने अधिकारियों से भी कहा कि वे समय समय पर मानिटरिंग करे। अंडर ब्रिज से दिन भर आवागमन होते रहती है, आवागमन में परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखकर व्यवस्था दुरूस्त किया जावे। उन्होंने कहा कि पानी बंद होने के पश्चात टंकी की सफाई भी करायी जायें।

### ढाबा में अवैध शराब बिक्री करने वाले पर कार्रवाई




**राजनांदगांव 11 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में गणेश चतुर्थी में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले मे अवैध शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुण्डा बदमाष, और सार्वजनिक स्थानो पर शराब पीने वालो के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है अभियान कार्यवाही मे दिनांक 08.09.2024 के रात्रि मे मुखबीर सूचना पर तिलाई ढाबा अवैध शराब बिक्री करने के आरोपी राजेश सिंह पिता श्रीकांत सिंह उम्र 50 साल साकिन बीएनसी मिलचाल वार्ड नं. 15 बल्देवबाग थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव छ0ग0 को अवैध शराब बिक्री करते मौके पर पकड़ा गया जिसके कब्जे से अलग कंपनी का कुल 17 पौवा देशी-अंग्रेजी शराब जप्त किया गया आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया । असामाजिक तत्व, बदमाश के विरूद्ध जारी अभियान मे स्टेशनपारा शंकरपुर में शांति भंग करने के उद्देश्य से शराब पीकर आम जगह मे आने जाने वाले आम जनता को गाली गलौच विवाद कर रहे बदमाश अजय उर्फ अज्जू ठाकुर पिता विजय ठाकुर उम्र 23 साल साकिन शंकरपुर बजरंग चौक पुलिस चौकी चिखली राजनांदगांव और इसी प्रकार शराब पीकर मोहल्ले मे लोगो को मेरे खिलाफ पुलिस मे मुखबीरी करके मुझे पुलिस मे पकड़वाये हो कहकर गाली गलौच कर वाद विवाद कर रहे मल्हार उर्फ लक्की जांगड़े पिता विरेन्द्र जांगड़े उम्र 29 साल साकिन स्टेशनपारा ओपी चिखली राजनांदगांव को मौके पर पहुंच कर समझाईश दी गई जिससे और उग्र होकर लड़ाई झगड़ा मे आमादा हो गया शांति कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए दोनो असामाजिक व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170/126,135(3) बी.एन.एस.एस. के तहत कार्यवाही कर मान.न्यायालय राजनांदगांव पेश किया गया। अवैध शराब बेचने वाले, असमाजिक तत्वो, गुण्डा बदमाशो के विरूद्ध सतत् अभियान कार्यवाही जारी रहेगी । उपरोक्त कार्यवाही में उनि नरेश कुमार बंजारे, सउनि शत्रुहन टण्डन, प्र.आर. अरूण कुमार नेताम, अरविंद साहू, आर0 सिन्धु सिन्हा, सुनील बैरागी, मिर्जा असलम, एवं मनोज जैन चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।

# प्रधानमंत्री स्वनिधि के लंबित ऋण प्रकरणों का निराकरण करने आयुक्त ने बैंकर्स की ली बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 11 सितम्बर।** नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत संचालित डे-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत स्वरोजगार घटक प्रधानमंत्री स्व निधि अंतर्गत व्यक्तिगत ऋण प्रकरणो का निराकरण करने निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बैंकर्स की बैठक ली। आयुक्त श्री गुप्ता ने बैठक में बैंकर्स से कहा कि शासन द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनांतर्गत निगम सीमाक्षेत्र के 3051 वेंडर्स को विभिन्न बैकों के माध्यम से तीन स्तर में अधिकतम 10 हजार, 20 हजार एवं 50 हजार रूपये का ऋण देने लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य के विरूद्ध 2800 वेडर्स द्वारा विभिन्न सीडीएस में आवेदन किया गया। जिसमें बैको द्वारा 1740 वेडर्स को ऋण प्रदान किया जा चुका है, शेष आवेदन बैकों में वितरण हेतु अभी भी लंबित है। उन्होंने बैंकर्स से कहा कि शेष स्वीकृत 166 प्रकरणों में दो दिवस के अंदर कार्यवाही कर ऋण वितरण करे, इसके अलावा 406 लंबिन प्रकरणों को भी स्वीकृत कर ऋण देने की कार्यवाही करे। आयुक्त श्री गुप्ता ने बैंकर्स से ऋण देने में किसी प्रकार की परेशानी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निम्न वर्ग के लोग जिनके द्वारा फेरी लगाकर या छोटा मोटा व्यवसाय कर, गुजर बसर किया जाता है, उन्हे आर्थिक संबल प्रदान करने शासन द्वारा प्रधानमंत्री स्व निधि योजना प्रारंभ किया गया है। शासन मंशा अनुरूप हमें योजनांतर्गत नियमानुसार उन्हें व्यवसाय करने ऋण प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि आप सभी बैंकर्स अपने अपने अपने बैक में लंबित ऋण प्रकरणों का निराकरण करे, ताकि वेडर्स को इसका लाभ मिल सके। बैठक में सहाकय लेखा अधिकारी श्री राकेश नंदे, शहरी आजीविका मिशन के मैनेजर श्री मोरिस जॉर्ज, लीड बैंक आफिसर सहित 25 बैंकर्स तथा सामुदायिक संगठक उपस्थित थे।



# सीईओ ने पीएम आवास योजना के अपूर्ण आवासों का किया निरीक्षण



**राजनांदगांव 11 सितम्बर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्रामों में लंबित अपूर्ण आवासों का निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत ने निरीक्षण के दौरान लंबित अपूर्ण आवासों के हितग्राहियों से संपर्क किया। उन्होंने अधिकारियों को अप्रारंभ आवासों को जल्द से जल्द प्रारंभ करने एवं अपूर्ण आवासों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम के सरपंच, सचिव व रोजगार सहायकों को लंबे वर्षों से अप्रारंभ एवं अपूर्ण आवासों को नियमानुसार निरस्त करने की कार्रवाई करने कहा, जिससे स्थायी प्रतीक्षा सूची के हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा सके। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को भी लंबे वर्षों से अप्रारंभ एवं अपूर्ण आवासों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने निर्देशित किया।

## एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत

# गुजरात से आई पुलिस टीम ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव रेंज का किया भ्रमण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 11 सितंबर।** एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत गुजरात के 01 सहायक उप निरीक्षक, 03 प्रधान आरक्षक एवं 10 आरक्षक कुल 14 पुलिस कर्मियों का दल छत्तीसगढ़ राज्य के जिला राजनांदगांव में भ्रमण हेतु पंहुचा है, जो राजनांदगांव जिले के (1) महिला प्रकोष्ठ/आई.यू.सी.ए. डब्ल्यू इकाई सबंधी कार्य (2) नगर सेना कार्यालय/जिला जेल राजनांदगांव (3) यातायात शाखा/सायबर इकाई (4) पुरातत्व एवं सांस्कृतिक स्थलो का अवलोकन (5) जिला राजनांदगांव पुलिस के कार्यो की जानकारी (6) थाना कार्य की जानकारी (7) सांस्कृतिक स्थलो का अवलोकन (8) पुलिस ट्रेनिंग सेंटर का भ्रमण (9) जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के कार्यो की जानकारी, दर्शनीय स्थल भ्रमण / अवलोकन (10) जिला कबीरधाम के कार्यो की जानकारी, दर्शनीय स्थल भ्रमण / अवलोकन (11) जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी के कार्यों की जानकारी (12) जिले का संचार कार्यो की जानकारी (13) 8वीं बटालियन, छसबल का भ्रमण (14) जिले में पर्यटन, धार्मिक एवं शैक्षणिक स्थलो का भ्रमण किया गया इस दौरान गुजरात पुलिस के साथ अनुभव और विशेषज्ञता साझा करने एवं राष्ट्रीय सुरक्षा, कानून व्यवस्था और सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ावा देने के लिये छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव रेंज राजनंदगांव वर्ष 2024 के लिए चुना गया है। आज दिनांक 10.09.2024 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज श्री दीपक कुमार झा द्वारा गुजरात पुलिस से आये भ्रमण दल के सदस्यों को भेट देकर सम्मानित किया गया। साथ ही समापन पर छग राज्य के पुलिसकर्मियों के हर संभव सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त करते हुए बताया कि यहां की लोककला संस्कृति से परिचित होकर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे है। छग राज्य के पुलिस कार्यप्रणाली सहज, सरल एवं मानवीयता पूर्ण है। ज्ञात हो कि ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' कार्यक्रम के तहत गुजरात राज्य को छत्तीसगढ़ राज्य के साथ एक जोड़ी राज्य के रूप में तय किया गया है। दोनों राज्य के बीच सामंजस्य स्थापित करने गुजरात पुलिस छत्तीसगढ़ में और छत्तीसगढ पुलिस् गुजरात के लिये तय किया गया है। इसी के तहत राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव से पुलिस बल के 15 सदस्यों को गुजरात राज्य के विभिन्न शहरों, जिलों के भ्रमण के लिये भेजा गया है। इस प्रकार दोनों राज्यों के पुलिस कर्मियों एक दूसरे राज्यों की कार्यप्रणाली का अवलोकन कर संस्कृति का आदान-प्रदान करेंगे, एक-दूसरे के राज्यों की पुलिस कार्रवाई को देखेंगे और सीखेंगे। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव श्री दीपक कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) श्री मुकेश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र नायक, डीएसपी आजाक श्रीमती तनुप्रिया ठाकुर, डी.एस.पी. (ऑप्स) श्री अजीत ओगरे एवं रक्षित निरीक्षक श्री लोकेश कसेर उपस्थित थे।

संपादकीय

# दोनों के लिए गठबंधन नहीं सत्ता अहम

राजनीति में सत्तारूढ दल को हराने के लिए दो नहीं कई दल एक हो जाते हैं, यह कोई नई बात नहीं है। ऐसा तब होता है जब सभी दलों को यह लगता है कि वह अकेले अकेले सत्तारूढ दल को नहीं हरा सकते, अकेले सत्ता प्राप्त नहीं कर सकते। तब सबका साझा लक्ष्य होता है कि मिलजुलकर सत्ता हासिल करना। कई बार केंद्र सरकार को हराने के लिए तो देश के राजनीतिक दल ऐसा करने में सफल होते हैं, कई बार सत्ता भी हासिल कर लेते हैं लेकिन सरकार पांच साल चला नहीं पाते हैं, इससे देश के लोगों ने पिछले पंद्रह साल से केंद्र में साझा सरकार बनाना बंद कर दिया है। कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल केंद्र से मोदी सरकार को हटाने के लिए एकजुट तो हुए लेकिन हरा नहीं सके क्योंकि उनकी विश्सवनीयता मोदी सरकार से कम थी, उनके नेता मोदी की तरह ईमानदार नहीं थे, उनके पास भविष्य के भारत के लिए कोई योजना नहीं थी। कोई विजन नहीं था। उनकी कोई बड़ी राजनीतिक उपलब्धि नहीं थी, उन्होने कोई बड़ा काम नहीं किया था। वह मान बैठे थे कि मोदी सरकार को हराने के लिए कुछ दलों का गठबंधन बनाना ही सबसे बड़ा काम है, जातीय जनगणना ही सबसे बड़ा वादा है, देश में लोकतंत्र व संविधान खतरे हैं, कह देने से जनता मान लेगी, मोदी तानाशाह है कहने से जनता मान लेगी। जनता ने कांग्रेस सहित विपक्ष को तीन बार नकार दिया है। इससे साफ है कि विपक्ष को जनता सरकार चलाने योग्य नहीं मानती है। उसके सामने मोदी को कोई विकल्प नहीं है। मोदी को कोई विकल्प होता तो कम से कम तीन चुनाव में जनता उसे एक बार तो मौका देती। देश के राजनीतिक दल जब केंद्र में मिलजुलकर मोदी सरकार व भाजपा को हरा नहीं पाते हैं तो वह सोचते हैं कि मिलजुलकर राज्यों में हरा सकते हैं. कई राज्यों में हराया भी है और कई राज्यों में भाजपा के सत्ता छीनी भी है। लेकिन राज्य के जब चुनाव होते हैं तो राजनीतिक दलों के लिए कई राज्यों में भाजपा को हराना उतना अहम नहीं होता है जितना अपनी पार्टी की सरकार बनाना अहम होता है। ऐसे राज्यों में राजनीतिक दल सोचते हैं कि वह तो अकेले ही भाजपा को हराकर सत्ता हासिल कर सकते हैं। इसलिए चुनाव के पहले गठबंधन करने का नाटक करते हैं, दिखावा करते हैं। ताकि उन पर गठबंधन के लिए कोशिश न करने का आरोप लगा सके तथा गठबंधन न होने के लिए दूसरे को दोषी बता सकें। हरियाणा में यही हुआ। पहले तो यहां से तीन दलों के बीच गठबंधन की चर्चा शुरू हुई लेकिन बात में सपा ने हरियाणा से चुनाव लड़ने से मना कर दिया। मैदान में दो ही रह गए थे, एक कांग्रेस व दूसरे आप। दोनों ने गठबंधन व सीटों के बंटवारे के लिए कई दौर की बात भी की। लेकिन यह सब दिखावा था, कांग्रेस को वहम है कि वह हरियाणा मे भाजपा को अकेले हरा सकती है। आप वाले सोचते हैं कि दिल्ली व पंजाब के बाद वह हरियाणा में भी सरकार बनाने का अच्छा मौका है। जनता भाजपा व कांग्रेस दोनों से ऊब चुकी है, वह दिल्ली व पंजाब की तरह हरियाणा में भी आप को एक मौका दे सकती है। यहां गठबंधन की जिम्मेदारी कांग्रेस की थी, क्योंकि वह बड़ी पार्टी है, लेकिन वह आप को ज्यादा सीटें नहीं दे सकती थी और आप ज्यादा सीटें मांग ही इसलिए रहा था कि कांग्रेस मना करे तो वह अकेले चुनाव मैदान में उतरें। यही हुआ दोनों के बीच कोई सीटों को लेकर कोई समझौता नहीं हो सका और अब दोनों अकेले अकेले चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। भाजपा यहां वोट बंटते हैं तो जीतती है, जबकि कांग्रेस यहां वोट बंटने के कारण हार जाती है। दो चुनाव में तो यही हुआ है। जाट वोट बंटते हैं और गैर जाट वोट नहीं बंटते हैं तो भाजपा की जीत आसान हो जाती है, उसका बहुमत नहीं आता है तो भी वह दूसरे दलों के सहयोग से सरकार बना लेती हैं। इस बार तो और ज्यादा राजनीतिक दल चुनाव मैदान में हैं। यानी कई सीटों पर सीधा मुकाबला भाजपा कांग्रेस के बीच नही होगा अन्य दलों की भूमिका दोनों को हराने व जिताने में अहम होगी। हरियाणा में सरकार उसी की बनेगी जिसे बहुमत मिलेगा या उसकी बनेगी जो सबसे ज्यादा सीटें जीतेगा। भाजपा ने नया सीएम बनाकर जनता की नाराजगी को कम करने का प्रयास किया है, वह अपने प्रयास में कितना सफल हुई है इसका पता तो चुनाव के बाद चलेगा।

समसामयिक

किशन सनमुखदास भावनानी

# जीएसटी काउंसिल की बैठक में महत्वपूर्ण फैसलों के दूरगामी सकारात्मक परिणाम होंगे



वैश्विक स्तरपर वैसे तो अनेक देशों में सभी टैक्सों को मिलाकर एक जीएसटी टैक्स करने का प्रचलन शुरू है,इसलिए ही काफी जद्दोजहद के बाद विशेष सत्र बुलाकर जीएसटी कानून 2017 पारित किया था और एक जीएसटी काउंसिल का गठन किया गया था, जिसमें केंद्रीय वित्तमंत्री की अध्यक्षता में पूरे राज्यों के वित्तमंत्री अधिकारी केंद्र शासित प्रदेश के प्रभारी सदस्य होंगे और बदलती परिस्थितियों के अनुसार जीएसटी कानून को सुगम बनाने के लिए प्रतिमाह बैठक कर आवश्यक सुधार परिवर्तन अपडेट मिल किए जाते रहेंगे इसी कड़ी में सोमवार दिनांक 9 सितंबर 2024 को 54 वीं बैठक आयोजित की गई जिसमें हुए फैसलों की जानकारी देर शाम की केंद्रीय वित्त मंत्री ने दी।बैठक में जहां एक ओर धार्मिकयात्राओं शैक्षणिक संस्थानों कैंसर दवाओं नमकीन स्नैक्स सहित अनेक वस्तुओं सेवाओं में राहतें छूट दी गई है, तो वहीं पूरे देश की नजरें दो सेवाओं में पर लगी हुई थी परंतु उन दोनों सेवाओं परफैसला नहीं हो सका जिसमें(1)जीएसटी परिषद स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी की दर को मौजूदा 18 फीसदी से कम करने पर व्यापक रूप से सहमत हो गई है। लेकिन, फिलहाल इस पर अंतिम फैसला नहीं हो पाया हैअक्टूबर में सरकारी समिति की ओर से रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद ही इस पर फैसला होगा।(2) ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी राहत की संभावना खत्म वित्तमंत्री ने बताया किआनलाइन गेमिंग पर पिछले साल अक्टूबर में 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने के दौरान यह कहा गया था कि छह माह के बाद इसकी समीक्षा की जाएगी। समीक्षा रिपोर्ट में यह पाया गया कि आनलाइन गेमिंग के राजस्व में पिछले छह महीनों में 412 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।अक्टूबर से पहले के छह महीनों में प्राप्त राजस्व सेइसकी तुलना की गई है अक्टूबर से पहले के छह महीनों में आनलाइन गेमिंग कंपनियों को 1349 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल हुआ था, जबकि पिछले साल अक्टूबर के बाद के छह महीनों में इन कंपनियों को 6909 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।ऑलाइन गेमिंग कंपनियां सरकार से 28 प्रतिशत जीएसटी को खत्म करने की मांग कर रही हैं, लेकिन राजस्व में इतनी बढ़ोतरी के बाद यह संभावना बिल्कुल समाप्त हो गई।चूंकि जीएसटी काउंसिल की 54 वीं बैठक में महत्वपूर्ण फैसलों के दूरगामी सकारात्मक परिणाम होंगे, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,जीएसटी काउंसिल की 54 वीं बैठक में कई अहम फैसलों का आगाज हुआ, किसी को राहत तो कोई आहत! साथियों बात अगर हम दिनांक 9 सितंबर 2024 को देर शाम संपन्न हुई जीएसटी की 54 वीं बैठक में लिए गए निर्णय की करें तो (1)जीएसटी काउंसिल ने स्वास्थ्य और चिकित्सा बीमा पर जीएसटी दरों की समीक्षा के लिए एक नए मंत्रियों के समूहका गठन किया है। यह समूहअक्टूबर के अंत तक अपनी रिपोर्ट देगा और काउंसिल नवंबर में इस पर अंतिम निर्णय लेगी।(2) वित्तमंत्री ने बताया कि कैंसर के इलाज की लागत को कम करने के उद्देश्य से कैंसर की दवाओं पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है।(3) नमकीन और अन्य कुछ स्वादिष्ट खाद्य पदार्थों पर जीएसटी दर को 18 प्रतिशत से घटाकर 12 प्रतिशत कर दिया गया है,जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी (4)जीएसटी काउंसिल ने विदेशी एयरलाइनों द्वारा सेवाओं के आयात को जीएसटी से मुक्त कर दिया है, जिससे उन कंपनियों को महत्वपूर्ण राहत मिलेगी(5)सेस पर जीओएम का गठनःबैठक में सेस संग्रह पर भी चर्चा हुई, जिसमें बताया गया कि मार्च 2026 तक कुल सेस संग्रह 8.66 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने की उम्मीद है।ऋण भुगतान के बाद, लगभग 40, हजार करोड़ का अधिशेष बचने का अनुमान है।(6) बी2सी जीएसटी इनवॉइसिंगः1 अक्टूबर से बिजनेस -टू-कस्टमर (बी2सी) जीएसटी इनवॉइसिंग प्रणाली लागू की जाएगी,जिससे कराधान प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुधार आएगा (7) कार सीट्स पर जीएसटी




दर को 18 प्रतिशत से बढ़ाकर 28 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे इन वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हो सकती है।(8) जीएसटी परिषद ने धार्मिक यात्राओं के लिए हेलिकॉप्टर सेवाओं के परिचालन पर टैक्स को घटाकर पांच फीसदी करने का फैसला किया है। उत्तराखंड के वित्तमंत्री के मुताबिक केदारनाथ, बद्रीनाथ जैसी धार्मिक यात्राओं पर श्रद्धालुओं को ले जाने वाली हेलिकॉप्टर सेवाओं पर टैक्स को 18 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी किया गया है।(9)जीएसटी परिषद ने उपकर क्षतिपूर्ति पर एक मंत्री समूह के गठन पर सहमति जताई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस निर्णय की जानकारी दी। यह कदम राज्यों को जीएसटी उपकर क्षतिपूर्ति के मुद्दे पर समाधान खोजने में मदद करेगा। (10)वित्तमंत्री ने जीएसटी परिषद की 54 वीं बैठक के बाद बताया कि दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्री समूह ने अपनी स्थिति रिपोर्ट सौंप दी है। यह रिपोर्ट जीएसटी दरों में सुधार और समायोजन के उद्देश्य से तैयार की गई है।(11)जीएसटी काउंसिल की बैठक के बाद केंद्रीय वित्तमंत्री ने कहा कि ऐसे विश्वविद्यालय और अनुसंधान केंद्र जो केंद्र सरकार ने स्थापित किए हैं या राज्य सरकारों के कानून से स्थापित विश्वविद्यालय और अनुसंधान केंद्र या जिन्होंने आयकर छूट प्राप्त की है, वे सार्वजनिक, सरकारी और निजी दोनों से अनुसंधान निधि प्राप्त कर सकते हैं। उन्हें जीएसटी का भुगतान नहीं करना होगा। उन्हें जीएसटी का भुगतान करने से छूट दी गई है।

साथियों बात अगर हम केंद्रीय परिवहन मंत्री द्वारा वित्त मंत्री को 28 जुलाई 2024 को जीवन बीमा प्रीमियम पर लगने वाले 18 प्रतिशत जीएसटी को कम करने संबंधी पत्र लिखने की करें तो, उन्होने ये बड़ी बात वित्तमंत्री की अगुवाई में सोमवार को हुईं जीएसटी काउंसिल की बैठ में सबसे ज्यादा नजर स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर लगने वाले 18 प्रतिशत जीएसटी को कम करने से संबंधित ऐलान थी, इसे लेकर आम से लेकर खास तक की ओर से मांग की जा चुकी है।बीते 28 जुलाई 2024 को केंद्रीय मंत्री महोदय ने भी एक पत्र लिखकर वित्त मंत्री से लाइफ और मेडिकल इंश्योरेंस पर लागू जीएसटी हटाने की मांग की थी। उन्होंने इस टैक्स को जिंदगी की अनिश्चितताओं पर टैक्स लगाने जैसा करार दिया है। लिखे अपने पत्र में उन्होने कहा था कि नागपुर मंडल जीवन बीमा निगम कर्मचारी संघ ने इन मुद्दों पर उन्हें ज्ञापन सौंपा है, संघ का मानना है कि लोगों को इस जोखिम के खिलाफ कवर खरीदने के लिए इंश्योरेंस प्रीमियम पर टैक्स नहीं लगाया जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि इसी तरह, मेडिकल इंश्योरेंस प्रीमियम पर 18 फीसदी जीएसटी बिजनेस के इस क्षेत्र के विकास के लिए बाधक साबित हो रहा है, जो सामाजिक रूप से जरूरी है।साथियों बात अगर हम ऑनलाइन समाचार सदस्यों पर ओआईडीएआर के रूप में 18 प्रतिशत जो अभी जीएसटी लगती है इसमें राहत देने की करें तो,वर्तमान में प्रिंटेड न्यूजपेपर्स, मैग्जीन और पेपर-मैग्जीन को जीएसटी से छूट दी गई है। आईजीएसटी अधिनियम के तहत, ऑनलाइन समाचार सदस्यता पर ऑनलाइन सूचना डेटाबेस एक्सेस और रिट्रीवल (ओआईडीएआर) सेवाओं के रूप में 18प्रतिशत टैक्स लगाया जाता है। इसका मतलब है कि ऐसी इंटरनेट सेवा जिसमें प्रोवाइडर और सेवा यूजर्स के बीच कोई फिजिकल इंटरफेस नहीं होता है. ऑनलाइन न्यूज सब्सक्रिप्शन को सप्लाई ऑफ इमेजेज, टेक्स्ट और डेटाबेस उपलब्ध कराने के लिए सेवाओं की सब कैटेगरी में शामिल किया गया है।सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सिफारिश के बाद वित्त मंत्रालय ने यह कदम उठाया है।ऐसे में 9 सितंबर 2024 को हुई जीएसटी काउंसिल की बैठक में डिजिटल न्यूज सब्सक्रिप्शन पर जीएसटी रेट्स को लेकर समीक्षा नहीं की गई जिसकी सबको उम्मीद थीं। जीएसटी काउंसिल बैठक का ऐलान गुड एंड सर्विस टैक्स काउंसिल की अगली बैठक 9 सितंबर को होने वाली है. इस बैठक में जीएसटी रेट्स से लेकर कई चीजों पर चर्चा हो सकती है. सूत्रों के अनुसार, वित्त मंत्रालय डिजिटल न्यूज सब्सक्रिप्शन पर लागू वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों की समीक्षा कर सकता है।

जानकारी है कि सूचना एवं प्रसारणमंत्रालय ने वित्त मंत्रालय को डिजिटल न्यूज सब्सक्रिप्शन पर जीएसटी रेट कम करने की सिफारिश की थी। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि जीएसटी काउंसिल की 54 वीं बैठक-कई अहम फैसलों का आगाज किसी को राहत तो कोई आहतजीएसटी काउंसिल की 54 वीं बैठक में महत्वपूर्ण फैसलों के दूरगामी सकारात्मक परिणाम होंगे धार्मिक यात्राओं शैक्षणिक संस्थानों कैंसर दवाओं व नमकीन स्नैक्स सहित अनेक वस्तुओं सेवाओं में जीएसटी की 54 वीं में बैठक में राहतों आहतों को रेखांकित करना जरूरी है।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आपके परिवार में छोटे बच्चे आपसे किसी चीज को लेकर जिद कर सकते हैं। आपकी खर्च करने की आदत को लेकर समस्या आएगी, क्योंकि आपके काम लटकेंगे। आप अपने धन को संचय करने को लेकर प्लानिंग करें। परिवार में किसी सदस्य को नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। आपको अपनी सेहत में गिरावट महसूस हो, तो आप समय रहते डॉक्टरी परामर्श न ले, नहीं तो आपकी समस्या बढ़ सकती है। आप किसी से कोई वादा बहुत ही सोच विचारकर करें।

वृषभ- आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। अपने जीवनसाथी को लेकर किसी रोमांटिक डेट पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आप किसी काम को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं। आपको किसी गलती के लिए कार्यक्षेत्र में अपने अधिकारियों से डांट खानी पड़ सकती है। आपका मन किसी काम के पूरा न होने से थोड़ा परेशान रहेंगे। आप अपने मित्रों के साथ किसी पार्टी को करने की योजना बनाएंगे। आपके पिताजी आपसे बिजनेस को लेकर कुछ बातचीत कर सकते हैं।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। जीवनसाथी का आपको भरपूर साथ मिलेगा। आप किसी महत्वपूर्ण काम को लेकर योजना बनाएंगे और संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आपके किसी मित्र की सेहत आपको परेशान करेगी। आप अपनी पारिवारिक समस्याओं को लेकर कुछ उलझन में रहेंगे। आपका निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। आपको किसी काम के पूरा होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा, जो लोग सिंगल है, उनकी उनके साथी से मुलाकात हो सकती है।

कर्क- आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके कामों की गति थोड़ा तेज रहेगी, जिसे देखकर परिवार के सदस्यों को खुशी होगी। आपकी किसी नई नौकरी की प्राप्ति होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। पारिवारिक समस्याओं को आप मिल बैठकर दूर करने की योजना बनाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपका किसी प्रॉपर्टी को लेकर वाद विवाद खड़ा हो सकता है। पिताजी आपसे किसी बात को लेकर नाराज रहेंगे। माताजी से कोई जिम्मेदारी मिल सकती है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर सावधान रहने की आवश्यकता है। बिजनेस के मामले में आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा और आपको किसी योजना का पूरा लाभ मिलेगा। आपको अपने कामों पर पूरा भरोसा रखने की आवश्यकता है। आपको अपने किसी मित्र की कोई बात बुरी लग सकती है। आपके शत्रु आपके कामों में रोड़ा अटकाने की कोशिश करेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से परिवार में किसी पूजा पाठ आदि का आयोजन हो सकता है। विद्यार्थी किसी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

कन्या- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप अपने मित्रों के साथ किसी पार्टी को करने की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके प्रयास बेहतर रहेंगे। आपको अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम बनाए रखना होगा। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से यदि आप कोई मदद मांगेंगे, तो वह आपको आसानी से मिल जाएगी। आप किसी काम को लेकर जल्दबाजी दिखाएंगे, तो उसमें आपसे कोई गड़बड़ी हो सकती है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है।

तुला- आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। परिवार में किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन कर सकते है, जिसमें परिवार के सभी सदस्य प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आप कुछ मौज मस्ती भरे पल व्यतीत करेंगे, जिनके लिए आप उन्हें कहीं बाहर लेकर जा सकते हैं। आपको अपनी संतान की फरमाइश पर किसी नए वाहन की खरीदारी करना अच्छा रहेगा। आपके जीवन में उत्साह भरपूर रहेगा। आपका काम पूरा होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आने वाला है। आप अपनी आय को ध्यान में रखकर व्यय करेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको कुछ नए कामों को करना बेहतर रहेगा। आप अपने सहयोगियों से किसी मन की बात को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आप किसी काम को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं और आप अपने खान-पान पर नियंत्रण रखें, नहीं तो आपको कोई पेट से संबंधित समस्या होने की संभावना है। आप अपनी दिनचर्या पर पूरा ध्यान दें, क्योंकि आप काम पर अधिक ध्यान देंगे, जिस कारण आप आराम के लिए भी समय नहीं निकाल पाएंगे।

धनु- आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपके परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है, जिससे आप फूले नहीं समाएंगे। बिजनेस में अगर कोई प्रोजेक्ट यदि रुका हुआ था, तो उसकी शुरूआत हो सकती है। आपको किसी काम को लेकर मेहनत अधिक करनी होगी। आप अपने घर के रेनोवेशन पर भी अच्छा खासा धन खर्च करेंगे। आपका किसी मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आप परिवार के सदस्यों के साथ किसी सांस्कृतिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं।

मकर- मकर राशि के जातकों के लिए आज का दिन खर्चो से भरा रहने वाला है। आपका कोई काम लंबे समय से रुका हुआ था, तो उसके पूरा होने की संभावना है। आपको अपनी तरक्की की राह में आ रही बाधाओं को दूर करना होगा। माता-पिता की सेवा के लिए भी आप कुछ समय निकालेंगे। आप अपने जीवनसाथी के लिए कोई उपहार बहुत ही सोच समझकर लाने की आवश्यकता है, क्योंकि इसका असर आपकी जेब पर पड़ेगा, जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें कोई मेहनत करने की आवश्यकता है।

कुंभ- कुंभ राशि के जातकों को वाहन बहुत ही सोच विचारकर चलाने की आवश्यकता है। आपके जीवन में खुशियां रहेंगी, लेकिन आपको उनके लिए समय निकालना होगा। आप संतान के कामों का पूरा सहयोग देंगे और आपकी यदि किसी से कहासुनी हो, तो आप उसमें कुछ बहुत ही सोच विचारकर बोले। आपको अपने परिवार में किसी सदस्य से कोई सलाह लेनी पड़ सकती है। पारिवारिक बिजनेस में आपको अपने कामों को लेकर यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

मीन- आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए रहेगा। आपकी धार्मिक कार्यों के प्रति रुचि बढ़ेगी और आपको बिजनेस में भी मन मुताबिक लाभ मिलेगा, लेकिन आपको संतान की संगति पर आपको विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। पारिवारिक जीवन में आपसे तालमेल बेहतर रहेगा। आप अपने जीवन साथी को लेकर कहीं शॉपिंग पर जाने की योजना बना सकते हैं। आप अत्यधिक मात्रा में किसी को धन उधार देने से बचें।

व्यंग्य

# अगला फर्जी बाबा कौन

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



धूप जोरां की पड़ री थी, और नन्दू खाट पे पैर लटकाए पंखी के नीचे बिड़ी सुलगावण लाग रहा था। गांव की चहल-पहल तो न रई पर खबरां में हर रोज कुछ ना कुछ नया गुल खिला ही रहा था। आज कल खबरे देख-सुन के आदमी सोच में पड़ जा सै कि के हो रे है। पहले तो इया आलम था कि बस खेत-खलियाण की बातें, अब तो गांव के लौंडे तक पॉलिटिक्स की गुत्थी सुलझावण की बातां करै। आज नन्दू का ध्यान एक नए तरह की लुगाई पे अटका सै झ फर्जी बाबा। गांव में तो सुण्या सै कि बाबा सच्चा और ज्ञान का पिटारा होवै, पर आज कल हर नुक्कड़ पे फर्जी बाबे मिलैं। अबके ही अखबार में देख्या, गांव में नया बाबा प्रकट, तीन दिन में चमत्कार दिखाएगा। तावड़े राम, चमत्कार देखण की भी कोई फीस लगेगी। नन्दू हंसण लाग गया, हां भाई, पैसा फेंको और आशीर्वाद लो।

अबके गांव में भी बाबागिरी का कारोबार बढ़ता जा रया सै। नन्दू ने बताया, पिछली हफ्ते अपने ही काका, जिनने कभी मंदिर का रस्ता न देख्या, वो अब बाबा बनग्या। बोले, 'मुझे भगवान का आशीर्वाद मिला सै, सब दुख दूर कर दूंगा।' काका ने क्या किया? वो पहले बगड़वा में दुकान करदा था, पर कर्जा हो गया। लुगाई छोड़ गई, फिर काका ने सोचा बाबा बन लेता हूँ, बाबा की चोंगी लगा, भव्य दरबार सजाया। गांव के लोग भी लाइन लगाके बैठण लाग गए। सब चाहते थे चमत्कार। जो आदमी खुद की जिंदगी में कुछ न कर पाया, अब दूसर्यां की जिंदगी सुधारण चला। बस बाबा का जलवा चालू हो गया। गांव के लोग भी एकदम अंधभक्त। कोई बाल बच्चा ठीक करावण आया, तो कोई नौकरी की बात लेके। और बाबा के पास हर सवाल का जवाब। ऊपर से अंधेरे में दीपक जला के बाबा जी बोले, बस, मेरे चरणों में बैठ जा, सब ठीक होगा। और असली चमत्कार तो यारा ये सै कि बाबे के पास जेब खाली होवै और भक्तां के जेब का माल धीरे-धीरे उसकी थैली में चल्या आवै। गांव के हाकिम तक बाबे की शरण में आगए। ताऊ बोला, बेटा जी, ईमानदारी से तो कुछ होवै न सै, बाबे के आशीर्वाद से सब कुछ हो जागा। और उधर से नेता जी, बाबे के साथ तस्वीरा खिंचवा रहे थे। सोचो भाई, बाबे का आशीर्वाद लिया, अब अगला चुनाव पक्का।अब तो नेतागिरी भी बाबागिरी से चलती सै। बाबा जी बोले, मैं देखता हूं, आज कल नेता भी मेरे आशीर्वाद के बिना कुछ न कर पावैं। सबकी डोर मेरे हाथ में सै। बाबा जी के भक्त झट से बोले, बिलकुल जी, आपकी लीला अपरम्पार सै।नन्दू तो बस अपना सिर धुनता रया। अरे भाई, सबको सबकुछ दिख रया सै, पर कोई आंख खोलण को तैयार न सै। फिर गांव में फर्जी बाबे की चर्चा और जोर पकड़ गई। कोई बोला, बाबा जी ने गंगाजल छिड़क के खेतों में पानी बरसाया सै, तो कोई बोला, बाबा ने मेरी बीमार गाय को ठीक कर दिया। नन्दू तो सोच में पड़ गया, अरे भाई, बाबे ने तो डॉक्टरों की नौकरी ही खा ली। इतने में गांव में नए बाबे का आगमन होया, और उसने गांव के बीचों बीच अखाड़ा बना दिया। अजीब लटके-झटके। हुक्का पीते-पीते बाबा जी बोले, मैं ध्यान लगाऊं, और सब दुख दूर करूं। लोग लाइन में खड़े हो गए झ सिरदर्द ठीक कराणा हो, या नोकरी लगवाणा हो। बाबा के पास हर समस्या का हल था। पर एक दिन अजब बात होई। बाबे का असली चेहरा तब सामने आया जब उसने गांव की चौधरी की जमीन पे हाथ मारा। चौधरी ने बोले, अबे बाबा, तूं भगवान सै तो सब कुछ तेरे नाम करे देऊँ क्या? बाबा हड़बड़ा के बोला, नहीं चौधरी जी, आप गलती समझे। पर गांव वाले अब जाग गए। चौधरी जी के पास जाके बोले, सारा खेल बाबे का सै। अबके देख लेंगे। और गांव वालों ने एकजुट होके बाबे को दौड़ा दिया। बाबा जो दिन रात चमत्कार दिखावण की बात करदा था, अब सरपट भाग रया था। गांव के बुजुर्ग हंसण लागे, देखा बेटा, असली चमत्कार तो यो सै कि जूठा फर्जी बाबा अब लुगाई की तरह घर बैठ के चूल्हा फूंकता मिलेगा। और नन्दू ने बिड़ी का आखरी कश खींचते हुए कहा, अबके समझ में आ गया कि बाबागिरी और नेतागिरी में ज्यादा फर्क न सै। बस लोग आंख मूंद के यकीन कर लेते सै। आज का जमाना ही ऐसा हो गया सै।ञ गांव में फर्जी बाबे का खेल खत्म हो गया, पर नन्दू के मन में एक सवाल बाकी रह गया कहीं अगला फर्जी बाबा कौन होगा?

राजनीति

निर्मल रानी

# महिला सुरक्षा भी होगा चुनावों में बड़ा मुद्दा

ओलम्पियन विनेश फोगाट के कांग्रेस में शामिल होने तथा जुलाना विधानसभा क्षेत्र से अपनी चुनावी पारी की शुरूआत करने के बाद एक बात यह भी स्पष्ट हो गयी है कि कांग्रेस विनेश का इस्तेमाल केवल स्पोर्ट्स स्टार और जाट चेहरे मात्र के रूप में ही नहीं करेगी बल्कि वह इस सुप्रसिद्ध व लोकप्रिय ओलम्पियन के बहाने भारतीय जनता पार्टी को महिला सुरक्षा के नाम पर देशभर में घेरने का भी प्रयास करेगी। भाजपा ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' का नारा देकर तथा इस योजना के प्रचार पर सैकड़ों करोड़ रुपए खर्च कर देश की जनता को यह सन्देश देने की कोशिश की थी कि भाजपा ही बेटी / महिलाओं की एकमात्र हितैषी पार्टी है तथा भाजपा के राज में ही महिलाओं के हितों की पूरी रक्षा व मान सम्मान संभव है। परन्तु यह भी अजीब संयोग है कि इसी भाजपा के राज में देश के अनेक प्रांतों में ऐसी सैकड़ों घटनाएं हो चुकीं जो महिलाओं पर होने वाले अत्याचार में एक मिसाल बन गयीं। क्या मणिपुर तो क्या बंगाल,राजस्थान,बिहार, उत्तर प्रदेश,मध्य प्रदेश जैसे राज्यों से तो ऐसी रूह कांपने वाली अनेक घटनाएं हो चुकीं जिनकी दूसरी कोई मिसाल नहीं मिलती।

महिला उत्पीड़न, बलात्कार व हत्या जैसे घृणित अपराधों में यह भी देखा गया है कि ऐसे कई भाजपा शासित राज्यों में होने वाली ऐसी सनसनीखेज वारदातों में भाजपा की ओर से खामोशी बरती गयी जबकि किसी गैर भाजपा शासित राज्य खासकर बंगाल में यदि कोई घटना घटी तो उसे भाजपा द्वारा इस हद तक उछाला गया कि बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाये जाने की चर्चा तक छिड़ गयी ? जबकि मणिपुर में महिलाओं के साथ जैसे जुल्म हुये वह स्वतंत्र भारत के इतिहास में आज तक कहीं भी नहीं हुये। परन्तु चूँकि मणिपुर भाजपा शासित राज्य है इसलिये इन घटनाओं के लिये न तो वहां के मुख्यमंत्री को जिम्मेदार ठहराया गया न ही किसी से त्याग पात्र माँगा गया ? उत्तरांचल में भी ऊंचे रसूख रखने वाले भाजपाई नेता के पुत्र बलात्कार, हत्या जैसे मामलों में शामिल पाए गये। भाजपा शासित राज्यों में घटी ऐसे अनेक घटनायें सरकार की 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' की मुनादी पर सवाल खड़ा कर रही हैं। इसी बीच ओलम्पियन विनेश फोगाट का कांग्रेस का दामन थामना भी भाजपा के लिये बड़ा सिर दर्द साबित हो सकता है। क्योंकि विनेश फोगाट उन विश्वस्तरीय ओलम्पिक पदक विजेता पहलवानों में एक है जिसने उत्तर प्रदेश के पूर्व भाजपा सांसद व भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण सिंह द्वारा कुछ महिला पहलवानों के साथ कथित रूप से किये गये दुर्व्यवहार के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुये जंतर मंतर पर धरना दिया था। यह धरना गत वर्ष 28 मई 2023 को उस समय और भी सुर्खियों में छा गया था जबकि उस दिन नये संसद भवन के उद्घाटन के अवसर पर बृज भूषण सिंह के विरुद्ध धरनारत इन पहलवानों को दिल्ली पुलिस ने बलपूर्वक जंतर मंतर से घसीट कर धरना समाप्त करा दिया था। उस दिन देश ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' का नारा देने वाली भाजपा के दो चरित्र व चेहरे देखे थे। एक तरफ तो उत्पीड़न की



शिकार देश का मान सम्मान विश्व में बढ़ने वाली बेटियां पुलिस जुल्म का शिकार हो रही थीं उन्हें सड़कों पर घसीटा जा रहा था। जबकि ठीक उसी समय नारी उत्पीड़न का आरोपी बृज भूषण सिंह मुस्कुराता हुआ नवनिर्मित संसद भवन के उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ा रहा था। इन्हीं धरनारत पहलवानों में दिल्ली पुलिस की ज्यादतियों का शिकार एक खिलाड़ी विनेश फोगट भी थी जो अब कांग्रेस में शामिल होकर पूरे देश को भाजपा के 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के खोखले दावों और इसकी हकीकत में अंतर से परिचय कराएगी।

इसी महिला सम्मान के सवाल को लेकर एक और 'सेल्फ गोल' करते हुये भाजपा द्वारा हरियाणा विधानसभा चुनाव में चरखी दादरी से पूर्व जेलर सुनील सांगवान को टिकट दिया गया है। सुनील सांगवान की विशेषता यह है कि रोहतक की सुनारिया जेल में उनके जेल अधीक्षक के कार्यकाल के दौरान रेप व हत्या के दोषी गुरमीत राम रहीम को 6 बार पैरोल मिली थी। इस पैरोल को दिलाने में सहायता करने में जेलर सुनील सांगवान की विशेष भूमिका थी। राम रहीम को मिली पिछली पैरोल के दौरान ही यह स्क्रिप्ट लिखी जा चुकी थी। तभी जैसे ही राम रहीम अपनी पैरोल खत्म कर जेल पहुंचा उसके फौरन बाद ही सुनील सांगवान ने जेलर पद से त्याग पत्र दिया जिसे फौरन स्वीकार भी कर लिया गया। उसके अगले ही दिन उन्होंने सार्वजनिक मंच पर आकर भाजपा ज्वाइन की। और दो दिन बाद ही भाजपा की पहली सूची में ही चरखी दादरी से सुनील सांगवान का नाम भाजपा प्रत्याशी के रूप में सामने आ गया। गोया 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' का नारा देने वाली भाजपा में गुरमीत राम रहीम जैसे रेप और हत्या के दोषी व सजा काट रहे अपराधी की इतनी पहुँच है कि वह अपनी पसंद के व्यक्ति को पार्टी टिकट भी दिला सकता है ? साथ ही ऐसे अपराधी का 'करम फरमाँ' जेलर चुनाव मैदान में आकर महिला सुरक्षा के विषय में अपने क्या विचार रखेगा ? यह सब सवाल ओलम्पियन विनेश फोगाट आगामी चुनाव में केवल हरियाणा ही नहीं बल्कि कांग्रेस की स्टार प्रचारक के रूप में भाजपा से देश भर में पूछने जा रही है। भाजपा स्वयं को उन आरोपों से भी दूर नहीं रख सकती जो उसपर बिल्कीस बानो के सजायाफ़्ता अपराधियों की रिहाई को लेकर लगे थे। क्योंकि गुजरात की भाजपा सरकार ने तो उन सामूहिक बलात्कारियों व हत्यारों को रिहा कर दिया था परन्तु सर्वोच्च न्यायलय ने गुजरात सरकार के इस फैसले को निरस्त हुये उन्हें पुनः जेल की सलाखों के पीछे धकेला। तब कहाँ चला गया था भाजपा का महिला सुरक्षा का दावा ? बेटी बचाओ योजना का उस समय ध्यान क्यों नहीं आया ? जब भाजपा सरकार के मंत्री विधायक व कार्यकर्ता कठुआ की 8 वर्षीय आसिफा के बलात्कार व उसकी हत्या के आरोपियों के पक्ष में जुलूस निकाल रहे थे। जब उनके पक्ष में तिरंगा यात्रा निकल कर तिरंगे को भी बदनाम करने की कोशिश कर रहे थे उस समय कहाँ था था भाजपा का नारी न्याय और बेटी बचाओ का उद्घोष ? ऐसे और अनेक सवाल जो भाजपा में महिला बाल विकास मंत्री रही स्मृति ईरानी नहीं पूछ सकीं उस तरह के सवाल अब विपक्षी इंडिया गठबंधन की तरफ से विनेश फोगाट यानी एक ऐसी ओलम्पियन देश में घूम घूम कर पूछेगी जोकि स्वयं नारी शोषण शिकार रही है वह भी कथित रूप से भाजपा के दबंग सांसद के द्वारा ? इसलिये विनेश फोगट का कांग्रेस में आना केवल किसी ओलम्पियन का किसी पार्टी में शामिल होना मात्र नहीं है बल्कि विनेश फोगट के रूप में महिला सुरक्षा भी वर्तमान में हो रहे व भविष्य में होने वाले चुनावों में एक बड़ा मुद्दा होगा।

## एक नजर

### उत्तरप्रदेश की बालिका को बाल संरक्षण इकाई ने परिजनों को सौंपा

**कांकेर, 11 सितंबर।** उत्तरप्रदेश के सोनभद्र जिले की 15 वर्षीय बालिका अपने माता पिता से बिछड़कर जिले के भानुप्रतापपुर में मिलने पर पुलिस द्वारा बाल कल्याण समिति कांकेर के समक्ष प्रस्तुत कर बालिका बाल गृह सिंगारभाट में रखा गया था। बालिका द्वारा जानकारी दी गई कि वह पोस्ट-बीना, जिला सोनभद्र (उत्तर प्रदेश) की निवासी है, किन्तु किसी का सम्पर्क नम्बर नहीं बता पा रही थी। जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा बालिका के घर का पता लगाकर राज्य शासन की अनुमति के पश्चात उक्त बालिका को आज सकुशल उनके परिवार को सौंपा गया। इस कार्य में बाल संरक्षण इकाई के विधिक सह परिविक्षा अधिकारी श्री अशोक कौशिक सहित आउटरीच वर्कर सहित बालिका गृह के कर्मचारियों का विशेष सहयोग और प्रयास रहा।

### जिले में 12 से 23 सितम्बर तक वजन त्यौहार का आयोजन

**कांकेर, 11 सितंबर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में आगामी 12 सितम्बर से 23 सितम्बर तक आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में आज बैठक आयोजित कर सभी विभागों के सहयोग से शत-प्रतिशत नौनिहालों को वजन त्यौहार के कव्हरेज में लाने के निर्देश दिए। साथ ही कुपोषित बच्चों को चिन्हांकित कर उन्हें सुपोषण स्तर में लाने के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।जिला कार्यालय के सभाकक्ष में टीएल मीटिंग के पश्चात् आज दोपहर 12.30 बजे आयोजित बैठक में महिला बाल विकास विभाग की प्रभारी अधिकारी सुश्री रानू मैथ्यूज ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस बार भी शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों में कुपोषण स्तर के आंकड़ों की शुद्धता जानने के लिए जिले के सभी 2141 आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार आयोजित किया जाएगा। इन केन्द्रों के अलावा विभिन्न जगहों पर भी टीम द्वारा बच्चों का वजन मापने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी विभागों के सहयोग से व्यापक प्रचार-प्रसार करने के अलावा केन्द्रों में वजन तौलने की मशीन की उपलब्धता और प्रतिदिन की रिपोर्ट की एंट्री पोर्टल में किया जाएगा। प्रभारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने यह भी बताया कि इसके लिए पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारी की नियुक्त किया जा रहा है, जिनके द्वारा स्थानीय स्तर पर सतत् मॉनिटरिंग की जाएगी।

बैठक में बताया गया कि विभाग द्वारा एक क्यूआर कोड भी जारी किया गया है, जिसे स्कैन करके कोई भी पालक अपने शून्य से 5 आयु वर्ग के बच्चों का वजन दर्ज करा सकता है। उल्लेखनीय है कि वजन त्यौहार के दौरान प्राप्त आंकड़ां की पूर्व वर्ष के आंकड़ों से तुलना भी की जाएगी, जिससे कुपोषण स्तर सुधारने मे सहायता मिलेगी और वजन त्यौहार से सभी लोगों में कुपोषण के प्रति जागरुकता आएगी।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री एस.अहिरवार, श्री बी.एस. उईके, श्री जितेन्द्र कुर्रे, जिला पंचायत सीईओ श्री सुमीत अग्रवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# मुख्य सड़क पर लग रही मटन,मछली की 7 दुकानों को नपा ने किया सील



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा,11 सितंबर।** सुकमा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत मुख्य सड़क पर लग रहे मास मछली क़े दुकानों पर कार्रवाई करते हुए सील किया गया। वहीं पूर्व में ही इन दुकानदारों को नगर पालिका के द्वारा नोटिस जारी कर दुकान शिफ्ट करने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन यह सभी दुकानदार दुकान शिफ्ट नहीं किए थे, जिसको लेकर रविवार की सुबह नगरपालिका अधिकारियों के द्वारा कार्रवाई करते हुए 7 दुकानों क़ो सील कर दिया। इस दौरान नगर पालिका के कर्मचारी एवं पुलिस के जवान मौजूद थे।

### पुराना बाजार में लगता था मटन मार्केट

नगर पालिका के द्वारा पुराना बाजार में मटन मार्केट के लिए जगह आरक्षित की गई है, लेकिन उक्त स्थल पर मटन मार्केट का संचालन न करके नगर के मुख्य सड़क पर ही मटन मार्केट लगाए जाने के खिलाफ नाराज लोगों ने मुख्य सड़क से मटन मार्केट हटाने की लेकर पूर्व में ज्ञापन सौंप कर दुकानों क़ो हटाने की मांग की थी। जिसके बाद नगर पालिका ने संबंधित दुकानदारों को पुराने बाजार स्थित मटन मार्केट में दुकान संचालन करने की हवला दिया गया था। उसके बाद भी मटन मार्केट का संचालन मुख्य सड़क पर हो रहा था जिसके खिलाफ नगर पालिका ने कार्रवाई की।

### लंबे समय से दुकानों पर हटाने की थी मांग

मुख्य सड़क पर लग रही दुकानों दुकानों को हटाने की मांग लंबे समय से नगर वासी कर रहे थे जिसको लेकर पूर्व में भी कई बार ज्ञापन सौपा जा चुका था। बीते दिनों दिए ज्ञापन में मुख्य सड़क पर लग रहा है दुकानों को हटाने की मांग की गई थी जिसके बाद नगर पालिका के द्वारा कार्रवाई करते हुए उक्त दुकानों पर कार्रवाई शुरू की गई है वहीं नगर पालिका का कहना है कि आवंटित मटन मार्केट में शिफ्ट नहीं होता तब तक कार्रवाई जारी रहेगी और दुकानदारों को चेतावनी दिया गया है की मुख्य सड़क पर मटन दुकान का संचालन बिल्कुल ना करें।

### बस स्टैंड में भी हुई कार्रवाई

नगर पालिका के द्वारा बीते दिनों कार्रवाई करते हुए बस स्टैंड से पान ठेला को हटाने की कार्रवाई की गई थी लेकिन इसमें से एक दो पान ठेला पुनः चालू कर दिया गया था जिसको लेकर नगर पालिका ने कार्रवाई करते हुए इन दुकानों को फिर से हटाया गया। यह पान ठेला संचालक लंबे समय से बस स्टैंड परिसर में ही पान ठेला लगाकर अपनी रोजी-रोटी चल रहे थे ऐसे में इन दुकानदारों पर बार-बार कार्रवाई करने से अब इनका मानसिक एवं आर्थिक रूप से यह काफी परेशान हो रहे हैं उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है जिसके कारण से यह लोग आए दिन नगर पालिका के कार्रवाई के शिकार होते है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भगवान बलराम का जन्मदिन



**सुकमा,11 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कृषि विज्ञान केंद्र, सुकमा में भगवान बलराम जी के जन्मदिन को किसान दिवस के रूप मे मनाया गया। जिसमें भारतीय किसान संघ, सुकमा के जिला अध्यक्ष श्री धरम नाग मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिले के उप संचालक कृषि पीआर.बघेल ने की, कार्यक्रम में सभी विभागों के प्रमुख,कृषि विज्ञान केन्द्र की पूरी टीम तथा पूरे जिले से करीब 55 किसानों ने भाग लिया।20 कृषकों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती में विशेष योगदान के लिए प्रमाण पत्र वितरित किए गए , सबसे पहले भगवान बलराम जी की पूजा-अर्चना करके माननीय मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री, छ. ग. शासन के किसानों के नाम आज का संदेश सुनवा कर विधिवत कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही कृषि से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों के साथ प्रति माह होने वाली मासिक कार्यशाला काभी आयोजन किया गया, जिसमें जिले के सभीविभागों के अधिकारियों ने भाग लेकर आगामी माह हेतु चर्चा की और सभी ने अपने अपने विभाग की योजनाओं के बारे मे किसानों को विस्तार से बताया गया। जिसमें पशुपालन विभाग से डॉ. एस. एस.जगत उप संचालक पशु पालन,कृषि विभाग से श्री पी.आर. बघेल, उपसंचालक कृषि, उघानिकी विभाग से श्री हितेश नाग सहायक संचालक उघानिकी,श्री सुरेश कुमार बैक वरीष्ठ कृषि विकास अधिकारी व श्री कमल गावड़े ग्रामीण उघान विस्तार अधिकारी के साथ साथ सभी विभागों से मैदानी अधिकारी उपस्थित थे। कृषि विज्ञान केन्द्र के सभी कृषि वैज्ञानिकों ने अपने अपने विषय से संबंधित माह सितंबर की कार्य योजना को प्रस्तुत किया तथा अधिकारियों एवं कृषि मित्रों द्वारा चाही गई जानकारी को विस्तार से बताया । कार्यक्रम के साथ साथ मछली पालन विशेषज्ञ डॉ संजय सिंह राठौर द्वारा कार्प बीज उत्पादन एवं तालाब प्रबंधन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत की गई जिसमें उन्होंने मछली पालन हेतु तालाब प्रबंधन, बीज उत्पादन, मछली की ब्रीड का चयन से किस तरह किसान अपने आय में वृद्धि करने के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। कृषि विज्ञान केंद्र से वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री एच.एस. तोमर, पौध रोग विशेषज्ञ श्री राजेन्द्र प्रसाद कश्यप, कृषि अभियांत्रिकी विशेषज्ञ डॉ. परमानंद साहू, कीट विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. योगेश कुमार सिदार सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## दिव्यांगजन प्रमाणीकरण शिविर में 985 लोग हुए शामिल

**महासमुन्द 11 सितंबर।** जिले में दिव्यांगजनों के प्रमाणीकरण के लिए विभिन्न विकासखण्डों में शिविरों का आयोजन 12 अगस्त से 12 सितम्बर 2024 तक किया जा रहा है। इसी क्रम 09 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरायपाली में दिव्यांग व्यक्तियों के प्रमाणीकरण, नवीनीकरण, सहायक उपकरण चिन्हांकन, मूल्यांकन एवं यूडीआईडी कार्ड निर्माण हेतु शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 985 व्यक्ति सम्मिलित हुए। जिसमें 455 दिव्यांग व्यक्तियों का पंजीयन, 150 दिव्यांगों का प्रमाणीकरण, 180 दिव्यांग प्रमाण पत्र का नवीनीकरण, विभिन्न उपकरण के लिए 15 दिव्यांगों का चिन्हांकन, यूडीआईडी के लिए 340 फार्म संकलन किया गया। शिविर जिला प्रशासन के निर्देश पर एवं श्रीमती संगीता सिंह उप संचालक समाज कल्याण तथा जनपद पंचायत सरायपाली के सीईओ श्री नारायण बंजारा के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय के मेडिकल बोर्ड के समन्वय, जनपद पंचायत सरायपाली के उपाध्यक्ष श्री धमेन्द्र चौधरी तथा समाज शिक्षा संगठक श्री जयलाल भोई एवं जनपद पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी/कर्मचारी की उपस्थिति में हुआ।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 20 तक दावा-आपत्ति

**महासमुंद 11 सितम्बर ।** एकीकृत बाल विकास परियोजना महासमुंद शहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत बेमचा में रिक्त आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। एकीकृत बाल विकास परियोजना अधिकारी ने बताया कि प्राप्त आवेदनों के आधार पर सभी आवेदकों की सूची तैयार करते हुए दावा आपत्ति प्राप्त करने के लिए अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों की सूची संलग्न की गई है।

# बारिश के बाद गंगालूर मार्ग चौक से लेकर नयापारा तक है बदहाल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर, 11 सितंबर। नगर पालिका क्षेत्र के गंगालूर मार्ग चौक से लेकर नया पारा तक का मार्ग भारी बारिश के चलते अतयंत जर्जर हो गया है इसी मार्ग से लगा हुआ है सेंट थामस स्कूल. तथा नया पुलिस लाईन भी इसी मार्ग से लगा हुआ है मार्ग में जगह जगह गढ्ढों मे गंदा पानी जमा हुआ है इस कारण आम लोगों को आने जाने मे काफी परेशानी हो रही है गढ्ढों में पानी भरे होने से आते जाते वाहनों से लोगों के उपर गंदे पानी का छिंटा पड रहा है जिससे आम लोगों के साथ स्कूली बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। कुछ इसी प्रकार का हाल बीजापुर के गौरव पथ का भी है यहां भी क ई जगहों पर सड़क पर बडे-बडे गढ्ढे बन गए है जो.आने जाने मे परेशानी का सबब बन गए है इन दोनों मार्ग को मरम्मत की जरूरत है नगरपालिका या विभाग इस ओर ध्यान देकर आम लोगों को राहत दिलाये।

## बैठक में विभिन्न विभागों की गतिविधियों पर की गई चर्चा



**सुकमा,11 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री एस. हरिस के अध्यक्षता में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुकमा श्रीमती नम्रता जैन द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान 14 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक के कार्यक्रम अंतर्गत मंगलवार 10 सितंबर 2024 को जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें स्वच्छता ही सेवा दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों एवं विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित किए जाने वाले गतिविधियों के संबंध में पीपीटी के माध्यम से विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता जैन ने समस्त विभागों को स्वच्छता ही सेवा में पूर्ण जिम्मेदारी एवं समन्वय के साथ कार्य करने के साथ ही स्वच्छता ही सेवा पोर्टल पर गतिविधियों की एंट्री नियमित रूप से सुनिश्चित करने निर्देश दिए। इस दौरान विभागीय जिला स्तरीय अधिकारी एवम् कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## जिले में अब तक 1612.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**सुकमा,11 सितंबर।** भू-अभिलेख कार्यालय जिला सुकमा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से शुरू की गई वर्षा मापन में अब तक सुकमा तहसील में 2247.8 मिलीमीटर, छिन्दगढ़ तहसील में 1171.7 मिलीमीटर, कोण्टा तहसील में 1613.8 मिलीमीटर, गादीरास तहसील में 1363.5 मिलीमीटर, तोंगपाल तहसील में 1285.4 मिलीमीटर, दोरनापाल तहसील में 1996.0 मिलीमीटर और जगरगुण्डा तहसील में 1605.8 वर्षा दर्ज हुई है। इस प्रकार सुकमा जिले में अब तक 1612.0 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है। इस मानसून सत्र जिले में 1734.5 मिलीमीटर औसत वर्षा संभावित है।वर्षा प्रतिवेदन के आधार पर 09 सितंबर को सर्वाधिक वर्षा सुकमा तहसील में 190.5 मिलीमीटर, तोंगपाल तहसील में 66.0 मिलीमीटर, जगरगुण्डा तहसील में 65.5 मिलीमीटर, दोरनापाल तहसील में 56.8 मिलीमीटर, गादीरास तहसील में 45.5 मिलीमीटर, कोण्टा तहसील में 30.0 मिलीमीटर, और छिंदगढ़ तहसील में 18.0 मिलीमीटर दर्ज की गई है। इस प्रकार 67.4 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है।

# क्षेत्र में बैंक सखी की सेवाएं देकर दशोमती कर रही ग्रामीणों की मदद



**जगदलपुर 11 सितंबर ।** जिले के लोहान्डीगुड़ा ब्लॉक के धुरागांव की रहने वाली दशोमती कश्यप 2017 में गायत्री महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ी हैं। दशोमती का समूह से जुड़ने का उद्धेश्य छोटी-छोटी बचत को जोड़कर कुछ बड़ा करने की थी। स्नातक की पढ़ाई कर चुकी दशोमती के पति पुलिस विभाग में कार्यरत हैं जो हमेशा दशोमती का मनोबल बढ़ाते हैं और उनके निर्णय का साथ देते हैं। दशोमती ने बताया समूह के माध्यम से बिहान के संपर्क में आने के बाद मुझे बीसी सखी योजना की जानकारी हुई जिससे मुझे लगा कि यह एक ऐसा कार्य है जिसमें मैं ग्रामीण एवं बुजुर्गों को बैंकिंग की सेवाएं देकर उन्हें सहयोग और सुविधा प्रदान कर सकती हूं। साथ ही अपनी भी कुछ अतिरिक्त आय कर सकती हूं। इसलिए जनवरी 2018 में वह छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की बीसी सखी बन गयीं जिसमें उसे लोहण्डीगुड़ा क्षेत्र के चार ग्राम पंचायतों उसरीबेड़ा, धुरागांव, छिंदगांव एवं कोड़ेबेड़ा में बीसी सखी की सेवाएं देने का दायित्व सौंपा गया।दशोमती बताती हैं कि उन्होंने बैंकिंग किस्योस्क के माध्यम से ग्रामीणों को खाता खोलने, पैसा जमा करने एवं निकासी, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं सुरक्षा बीमा योजनाओं का लाभ पहुँचाया और विगत 5 वर्षों में वह 5 करोड़ रूपये से ज्यादा के लेनदेन कर चुकी हैं और करीब 20 हजार से ज्यादा ट्रांजेक्शन कर चुकी हैं जिससे लगभग 10 हजार मनरेगा श्रमिकों और 5 हजार से ज्यादा पेंशन हितग्राही लाभार्थी हुए हैं। दशोमती सीएससी का भी कार्य करती हैं जिसमें उन्होंने 2000 आयुष्मान कार्ड, 1000 ई-श्रम कार्ड, 30 पेन कार्ड इत्यादि बनाये हैं साथ ही बिजली बिल का भुगतान भी करती हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने सीएससी की टेली-लॉ सेवा ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचाकर करीब 5 हजार रूपये अतिरिक्त आमदनी अर्जित की हैं। वर्तमान में दशोमती अपने बैंक सखी के कार्यों से 4 हजार रुपये और सीएससी के कार्यों से 2 हजार रुपये प्रतिमाह कमाकर लगभग 6 से 7 हजार रुपये कमाती हैं और कहती हैं कि बिहान की वजह से वह ग्रामीण लोगों को बैंकिंग की सेवाओं के साथ-साथ सीएससी की भी सेवाएं पंहुचा रही हैं।

# बारिश के बाद बाढ़ की स्थिति से निपटने सभी एसडीएम जरूरी तैयारी करें:कलेक्टर

**कांकेर, 11 सितंबर ।** कलेक्टर श्री निलेश महादेव क्षीरसागर ने आज जिला स्तर के अधिकारियों की बैठक लेकर समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही विभिन्न मुद्दों पर समुचित कार्यवाही करने हेतु अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। गत दिनों से हो रही लगातार बारिश की वजह से जिले के विभिन्न इलाकों में पुल-पुलियों के क्षतिग्रस्त होने व सड़क सम्पर्क टूटने के संबंध में उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी तरह की आपात स्थिति निर्मित होने से पूर्व संभावित क्षेत्रों का दौरा कर वस्तुस्थिति से अवगत होकर आवश्यक कार्यवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि यदि जरूरी हुआ तो क्षेत्र के स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र जैसी संस्थाओं को बंद रखने के लिए अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करें।



कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सुबह 10.30 बजे से आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने बताया कि प्रति वर्षानुसार इस साल भी 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा का आयोजन आगामी 14 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। इसके तहत् जिले में अभियान चलाकर शासकीय कार्यालयों सहित सार्वजनिक स्थानों, भवनों आदि में स्वच्छता कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ एवं सभी सीएमओ व संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। इसी तरह आकांक्षी ब्लॉकों में इस माह के अंत तक चिन्हांकित योजनाओं के तहत् सभी पात्र हितग्राहियों को सैचुरेट करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए।प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के द्वारा आगामी 12 एवं 13 सितम्बर को ली जाने वाली कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने बिंदुवार विभागीय जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में अपर कलेक्टर श्री एस.अहिरवार, श्री बी.एस. उईके, श्री जितेन्द्र कुर्रे, जिला पंचायत सीईओ श्री सुमीत अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय समिति की बैठक में जिले को नशामुक्त बनाने की गई चर्चा

**सुकमा,11 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ''नशा मुक्त भारत'' अभियान अंतर्गत जिले को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय समिति की बैठक आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर श्री हरिस एस. ने अभियान के तहत आगामी कार्यवाही पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सकारात्मक कार्य करने के लिए दायित्व सौंपे गए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन, जिला समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री संजय पाण्डे सहित जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।बैठक में नशा मुक्त भारत अभियान के दायित्वो के निर्वाहन में बच्चों व विद्यार्थियों को नशा पान से दूर रहने के लिए स्कूल स्तर पर निबंध लेखन, पेंटिग, नाटक जैसे विभिन्न कार्यक्रम कराने के निर्देश दिए गये। इसके साथ ही जिला पुलिस बल एवं समाज कल्याण विभाग को समय पर समय शिक्षा विभाग के साथ समन्वय कर जिले के शहरी एवं ग्रामिण क्षेत्रों के शालाओं में नशापान के दुस्प्रभाव एवं सामाजिक बुराइयों के संबंध में बच्चों से परिचर्चा संबंधी कार्य करने के निर्देश दिए गए। साथ ही''विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र'' के तहत उपस्थित जनो के द्वारा नशा मुक्ति शपथ में हिस्सा लिया गया।

# मुख्यमंत्री ने दिव्यांग शांति बाई ठाकुर को उल्लास मेला में किया सम्मानित



**महासमुंद 11 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर महासमुंद की दिव्यांग शांति बाई ठाकुर की प्रतिभा को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने पैरों से लिखकर मुख्यमंत्री को दिखाया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। गत दिवस रायपुर के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय उल्लास मेला कार्यशाला में महासमुंद जिले के विकासखण्ड बागबाहरा के दैहानीभाठा निवासी आदिवासी समुदाय की श्रीमती शांतिबाई ठाकुर को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने उन्हें सम्मान स्वरूप शॉल, श्रीफल, मोमेन्टो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। वन मंत्री श्री केदार कश्यप, सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल और अन्य गणमान्य लोगों के बीच सम्मान पाकर उत्साहित श्रीमती शांतिबाई ठाकुर ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के, प्रति आभार व्यक्त किया है। श्रीमती ठाकुर ने उल्लास मेले में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम से जुड़े अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होने मंच पर अपने पैर से लिखा जिसके फलस्वरूप श्रीमती शांतिबाई ठाकुर को यह सम्मान मुख्यमंत्री के हाथों प्राप्त हुआ। सीएम साय ने राज्य स्तरीय उल्लास मेले में एक लाख उल्लास साक्षरता केन्द्र का वर्चुअल शुभारंभ भी किया। इन साक्षरता केन्द्रों को संचालित करने के लिए शिक्षा विभाग के राज्य साक्षरता मिशन द्वारा एक लाख स्वयंसेवी शिक्षक चयनित किए गए हैं। इस अवसर पर परियोजना समन्वयक श्री रेखराज शर्मा भी मौजूद थे।

## दो लाख की ठगी,जुर्म दर्ज

**भिलाई।** भिलाई साइबर ठगी करने वाले शातिरों ने पे टीएम के कस्टमर केयर का कर्मचारी बनकर पद्मनाभपुर दुर्ग निवासी एक अधेड़ से दो लाख 11 हजार 742 रुपये की ठगी कर ली पीड़ित ने पद्मनाभपुर पुलिस से शिकायत की है ऐरावत परिसर पद्मनाभपुर निवासी शिकायतकर्ता अशोक सुराना के पास पहले एचडीएफसी बैंक का क्रेडिट कार्ड है और कुछ दिन पहले ही उसे एसबीआइ का कार्ड मिला था। एसबीआइ के कार्ड को पे टीएम से अटैच करने उसने गूगल पर पे टीएम के कस्टमर केयर का नंबर सर्च कर उस पर संपर्क किया पीड़ित ने जिस नंबर पर बात किया वे साइबर ठगों का था। आरोपितों ने पीड़ित को करीब डेढ़ से पौने घंटे तक बात की। इसी दौरान उसके नंबर पर एक लिंक भेजा और उसे क्लिक करने के लिए बोला। इसके बाद आरोपितों ने पीड़ित के क्रेडिट कार्ड से चार बार में दो लाख 11 हजार 742 रुपये ट्रांसफर कर लिए।

### 3 जोन में उल्लास स्वयंसेवी शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन

**महासमुंद 11 सितंबर ।** पिथौरा विकासखंड में मंगलवार को उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत स्वयं सेवी शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में सोनासिल्ली, सांकरा, और पिरदा जोन के शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों और विधियों से अवगत कराना है, ताकि वे बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर सकें।

एक नजर

### अधिकारी बड़ा,अपराध भी बड़ा:श्यामसुंदर



**खरसिया,11 सितंबर ।** पितृमोक्षार्थ श्रीमद भागवत कथा का आयोजन नाहरीवाल परिवार खरसिया, रायपुर, नावापारा, बिर्रा द्वारा आयोजित की जा रहा है, जिसमे कथा वाचक श्री श्याम सुंदर पाराशर जी महाराज श्रीधाम वृंदावन के श्रीमुख से भागवत की बयार बह रही है। यह कथा 5 सितंबर को आरंभ हुई और 11 सितंबर तक अजित सिंह नगर में चल रही है।श्रीमद् भागवत कथा के सष्ठम दिवस पर कथा व्यास पूज्य पाराशर महाराज जी ने ठाकुर जी की ब्रज लीला का वर्णन करते हुए कहां अधिकारी कितना बड़ा होता है उसका अपराध भी उतना बड़ा होता है जिस प्रकार ब्रह्मा जी ने भगवान की परीक्षा लेने का प्रयास किया और श्री कृष्ण के सखा बृजवासी और उनकी प्राणप्रिय गौ माता को चुराकर अपने लोक ले गए इस वजह से ठाकुर जी को एक वर्ष तक अपने प्रिय ब्रज वासियों और गौ माता से दूर रहना पड़ा। इन्द्र ने भी भगवान का अपराध किया और उसने मूसलाधार बरसात करके ब्रिज को ही पानी में डूबना चाहा परंतु भगवान ने गिरी को धारण करके गिरधारी बनते हुए एक ही गोवर्धन पर्वत के नीचे 7 दिनों तक अपने प्रिय बृजवासी और गायों की रक्षा की। इंद्र का पद ब्रह्मा जी के सामने बहुत छोटा है ब्रह्मा जी के एक दिन में 14 इंद्र अपना कार्यकाल पूरा करके चले जाते हैं। इसलिए भगवान ने इंद्र के क्षमा मांगने पर इंद्र को क्षमा कर दिया परंतु ब्रह्मा जी के अपराध पर उनसे बात भी नहीं की आगे कथा में भगवान के पंच प्राण कहे जाने वाले भगवान की अंतरंग महारास का वर्णन किया कथा के विश्राम में भगवान द्वारिका नाथ बनते हुए रुक्मणी जी से प्रथम विवाह संपन्न हुआ।

### प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान के तहत 21 स्थानों में शिविर आयोजित

**महासमुंद।** शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को लाभ दिलाने के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति के बसाहटों को चिन्हांकित कर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सहायक आयुक्त शिल्पा साय ने बताया कि अभी तक कुल 21 बसाहटों में शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें 175 लोगों का आधार कार्ड पंजीयन, जनधन बैंक खाता 127, आयुष्मान कार्ड पंजीयन 128, राशन कार्ड पंजीयन 241, किसान सम्मान निधि पंजीयन 95, महतारी वंदन योजना में 11 महिलाओं का पंजीयन और 94 लोगों का जाति प्रमाण पत्र बनाया गया है। इन शिविरों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित एवं पात्र सभी हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। शिविर में शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा लोगों को विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग हेतु संचालित योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जा रही है।जिले में 21 अगस्त से अब तक 21 स्थानों पर शिविर का आयोजन हुआ है। जिसमें महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम सिरपुर, खड़सा, जलकी, अचानकपुर, बनपचरी, लभराकला, चुहरी, खट्टी, खड़सा, बनसिवनी एवं झलप में, बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम हाड़ाबंध, मोहंदी, तुसदा, धरमपुर, जोगीडीपा, कुर्रूभाठा, सिर्रीपठारीमुड़ा एवं जोरातराई तथा पिथौरा विकासखंड अंतर्गत भिथीडीह और सोनासिल्ली में शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों में विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों के लिए आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, बैंक खाता आदि योजनाओं से जोड़ने हेतु पंजीयन किया गया। इन शिविर में आदिवासी विकास विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जनपद पंचायत, खाद्य विभाग, महिला बाल विकास, लीड बैंक, बिजली विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग के स्टाल लगाए गए थे।उल्लेखनीय है कि पीएम जनमन योजना का मूल उद्देश्य कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी), परिवारों और बस्तियों तक बुनियादी सुविधाओं और सेवाओं को पहुंचाकर उनकी सामाजिक, आर्थिक स्थितियों में सुधार करना है। पीएम जनमन योजना अंतर्गत कमजोर जनजाति समूहों के बसाहटों में विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, आंगनबाड़ी के माध्यम से पोषण, आजीविका संवर्धन के लिए कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है।शिविरों में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के वंचित लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण में बीपी, शुगर, आंख, खून की जांच कर आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां भी प्रदान की जा रही है। विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को शिविर तक लाने के लिए महिला कर्मचारियों, स्वसहायता समूह द्वारा सहयोग भी किया जा रहा है।

# डीआईजी, कलेक्टर एवं एसपी सहित वरिष्ठ अफसरों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 10 सितंबर।** डीआईजी दंतेवाड़ा श्री कमलोचन कश्यप, कलेक्टर श्री संबित मिश्रा, एसपी डॉ. जितेन्द्र यादव सहित डीएफओ श्री रामाकृष्णा वाय, एडिशनल एसपी श्री वैभव बैंकर ने भोपालपटनम ब्लॉक के रामपुरम, तिमेड़ के इन्द्रावती नदी सहित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने इस दौरान सरपंच एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से बाढ़ के संबंध में जानकारी ली। वहीं मैदानी अमला को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की सतत निगरानी रखने और वस्तुथिति से अवगत कराने के निर्देश दिए। बाढ़ एवं आपदा हेतु स्थापित कंट्रोल रूम एवं एसडीएम को किसी भी सहयोग के लिए संपर्क करने को कहा गया साथ



ही सभी प्रकार की सुविधाओं के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिया गया ताकि इस स्थिति में लोगों को आवश्यकतानुसार सहयोग किया जा सके। बीजापुर जिले में लगातार बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति निर्मित हो चुकी है ऐसे में प्रशासन द्वारा पूरी सजगता और सक्रियता से कार्य किया जा रहा है।बाढ़ क्षेत्रों में भ्रमण के दौरान एसडीएम भोपालपटनम श्री वाय के नाग, सीईओ जनपद पंचायत श्री दिलीप उईके सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## मंगलवार से बारिश के थमने से इंद्रावती का जल स्तर कम हो रहा पर मार्ग अभी भी बंद, सिरोंचा मार्ग बहाल



**भोपालपटनम, 11 सितंबर।** मंगलवार से बारिश के.थमने से इंद्रावती का जल स्तर लगातार कम हो रहा है लेकिन अभी भी एन.एच 163 भोपाल पटनम मार्ग बंद है मार्ग के दोनों ओर वाहनों की कतार लगी हुई है उम्मीद की जा रही है की देर शाम तक मार्ग बहाल हो सकता है वंही दुसरी ओर भोपाल पटनम सिरोंचा मार्ग आज सुबह से बहाल. हो गया है दो दिनों से परेशान लोगों को राहत मिल गई है इसी के साथ इस मार्ग पर.वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है

## कलेक्टर एवं एसपी ने सेन्ट्रल लाईब्रेरी सहित विभिन्न शासकीय कार्यालयों का किया निरीक्षण



**बीजापुर,11 सितंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने सोमवार को बीजापुर मुख्यालय के पुराने आईटीआई भवन कोकड़ा पारा एवं पुराने जवाहर नवोदय स्कूल एवं हॉस्टल का निरीक्षण कर पुराने भवनों के रख-रखाव एवं वस्तुस्थिति का अवलोकन किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने भवनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।सेन्ट्रल लाईब्रेरी में पुस्तकों का समुचित रखाव एवं विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधा के बारे में जानकारी ली। विद्यार्थियों को वाई-फाई, पेयजल सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।इस दौरान एडिशनल एसपी श्री वैभव बेंकर, एडिशनल एसपी चन्द्रकांत गवर्ना, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश निषाद सहित जिला स्तरीय अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## नक्सल पुनर्वास समिति की बैठक आयोजित



**बीजापुर,11 सितंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नक्सल पुनर्वास समिति की बैठक आयोजित हुई जिसमें जिले के नक्सल पीड़ित व्यक्तियों/परिवारों तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से तथा पर्याप्त सुरक्षा एवं पुनर्वास हेतु शासन द्वारा स्वीकृत आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास कार्य योजना में निहित प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभिन्न बिंदूओं पर विस्तृत समीक्षा की गई जिसमें छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति 2023 के आत्मसमर्पित नक्सलियों को 15 लाख 25 हजार प्रोत्साहन राशि के समायोजन एवं छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत नक्सली हिंसा में आम नागरिकों के मृत शारीरिक रूप से निःशक्त होने/गंभीर रूप से घायल होने, सम्पति की आंशिक रूप से या पूर्ण रूप से क्षति होने पर कार्ययोजना की उप खण्ड (क) के कंडिका -4 ए का 4.1.1 (1) में उल्लेखित प्रावधानुसार हत्या-15, घायल -05, आगजनी तथा आईईडी विस्फोट में क्षति 01 कुल 24 प्रकरण में राहत सहायता राशि उपलब्ध कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।बैठक में एसपी डॉ. जितेन्द्र यादव, डीएफओ श्री रामाकृष्णा वाय, सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, पुलिस उप अधीक्षक श्री तुलसीराम लेकाम सहित सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारीगण/कमांडेट उपस्थित थे।

## बलराम जयंती पर कार्यशाला में प्राकृतिक तथा गौ आधारित खेती की जानकारी किसानों को दी गई



**बीजापुर 11 सितंबर।** पूरे प्रदेश में ऑनलाइन के माध्यम से भगवान श्री बलराम जयंती को किसान दिवस के रूप मनाया गया तथा एक दिन का प्राकृतिक एवं गौ आधारित खेती कार्यशाला राज्य स्तर पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड एवं खेती की लागत को कम करने के लिए गौ आधारित प्राकृतिक खेती को अपनाने पर जोर दिया। प्रदेश में प्राकृतिक खेती करने वाले उत्कृष्ट किसानों को माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा सम्मानित कर प्रमाण पत्र दिया गया। वहीं कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम ने कृषि विभागों के विभिन्न योजनाओं के बारे प्रदेश के सभी किसानों को जानकारी दी। तथा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने प्रदेश के सभी किसान भाइयों को प्राकृतिक खेती करने एवं रकबा बढ़ाने पर जोर दिया और प्रत्येक जिला में प्रत्येक विकासखण्ड को प्राकृतिक खेती के रूप में विकसित करने सुझाव दिया।इस जयंती के अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डाण् गिरीश चंदेल ने विश्वविद्यालय के उपलब्धियाँ बताते हुए कृषि विज्ञान केन्द्रों के किसानों के लिए किया गया कार्यों को उल्लेख किया। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के संगठन मंत्री श्री दिनेश कुलकर्णी ने प्राकृतिक खेती के महत्व एवं भविष्य के मांग के बारे में किसानों को अवगत कराया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र बीजापुर के सभागार में कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री अरुण कुमार सकनी, उपसंचालक कृषि बीजापुर के श्री पी एस कुसरे एवं कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग के सभी अधिकारी - कर्मचारी एवं कृषकगण उपस्थित थे।

## नपाध्यक्ष के नेतृत्व में सीएम निवास घेराव में शामिल हुई सैंकड़ों महिलाएं



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं पर बढ़ रहे उत्पीड़न अनाचार आदि घटनाओं में वृद्धि को लेकर अखिल भारतीय महिला कांग्रेसाध्यक्ष अलंका लांबा, प्रदेशाध्यक्ष सांसद फूलोदेवी नेताम के संयुक्त आव्हान पर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने महासमुंद शहर की महिला कांग्रेस जन मंगलवार नपाध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग के नेतृत्व में घेराव कार्यक्रम में शामिल हुए। नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने बताया कि प्रदेश मे भारतीय जनता पार्टी के सत्तारूढ़ होने के बाद महिला उत्पीड़न की घटना दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है वर्तमान तक कई अनाचार मामलों में सत्तारूढ़ दल के नेताओ व मंत्री जनों के दबाव में प्रकरणों में जुर्म दर्ज नही किया गया है व आरोपी आज भी स्वछंद विचरण कर रहे है जो मानव समाज के लिए घातक है। उक्त घटनाओं को संज्ञान में लेकर राष्ट्रीय महिला कांग्रेसाध्यक्ष श्रीमती अलंका लांबा ने प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सहित समस्त महिला कांग्रेसजनों को निर्देशित किया कि वे प्रदेश मुखिया श्री साय के निवास का घेराव कर कुंभकर्णी निद्रा से मुखिया को जगाकर महिला सुरक्षा की लचर व्यवस्था में कसावट लाए व पूर्व की घटित घटनाओं में त्वरित कार्यवाही का निर्देश दे। उक्त कार्यक्रम घेराव में श्रीमती माया पांडे सोनम रामटेके ईशा टंडन, श्वेता गुप्ता, कीर्ति चन्द्राकर मुन्ना बी, नसीमा बेगम, शायरा बेगम, रीना सेन, मीना चंद्राकर, ललिता साहू, जानकी ध्रुव, हीरा धुर्वे, संतोषी साहू समेत सैकड़ो संख्या में महिला कांग्रेसजन शामिल हुए।

## कलेक्टर ने गारमेंट फैक्ट्री का किया निरीक्षण



**बीजापुर,11 सितंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने मांझीगुड़ा स्थित गारमेंट फैक्ट्री का निरीक्षण कर गारमेंट फैक्ट्री के कार्यो का अवलोकन किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार भी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कार्यरत महिलाओं से आवश्यक चर्चा की मौके पर उपस्थित सहायक संचालक कौशल विभाग श्री गौरव पाण्डेय को अधिक से अधिक महिलाओं को रोजगार देने एवं प्रोडक्शन बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि कार्यरत कर्मचारियों को भी आर्थिक लाभ मिल सके, वर्तमान में 180 महिलाएं गारमेंट फैक्ट्री में कार्यरत है।

## इशितयाक अली को गिरफ्तार करने मोनू केसरी ने सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया,11 सितंबर।** विदित हो कि कुछ दिन पूर्व एसईसीएल के छाल खदान से जीएम रोडलाइंस के मालिक इशितयाक अली के वाहनों को लाखों रूपये का चोरी करते हुए एसईसीएल के कर्मचारियों ने पकड़ा। जिस पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए जीएम रोडलाइंस के कर्मचारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है किंतु अभी तक मुख्य सरगना जीएम रोडलाइंस के मालिक इशितयाक अली फरार है। जिसके संबंध में युवा भाजपा नेता मोनू केसरी ने एसईसीएल प्रबंधन को कड़ी कार्यवाही करते हुए जीएम रोडलाइंस को ब्लेक लिस्टेड करने की एवं इशितयाक अली को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की हैं। साथ ही यह भी कहा कि यदि छाल पुलिस शीघ्र ही मुख्य सरगना को गिरफ्तार नहीं करती है तो छाल थाने का घेराव किया जावेगा। उक्त आवेदन की प्रतिलिपि



माननीय प्रधानमंत्री एवं कोयला मंत्रालय को भी प्रेषित किया गया है।केसरी ने एसईसीएल प्रबंधन को सौंपे अपने ज्ञापन पत्र में उल्लेख किया है कि विगत कुछ दिनों पूर्व छाल कोयला खदान में भारी मात्रा में लाखों रूपये कमाने के लिये कोयला चोरी का खुलेआम तस्करी करते हुए खदान से गाडी में कोयला लेकर बाहर निकल रही थी। बूम बैरियन के कर्मचारी के सूझबूझ से गाडी निकलने से पहले पकड ली गई। जिसमें पुलिस ने कार्यवाही करते हुए कई छोटी मछलियों को गिरफ्तार भी किया था। लेकिन इस कोयला चोरी के मुख्य मास्टरमाइंड जो कि खदान में पिछले कई सालों से जीएम रोडलाइंस के नाम से एक ट्रांसपोर्ट कंपनी का संचालन करता आ रहा है इस कंपनी के मालिक का नाम इशितयाक अली खान है पुलिस ने खदान से कोयला चोरी मामले में इस कंपनी के साइड इंचार्ज वाहिद खान नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। वाहिद खान ने पुलिस से कोयला चोरी मामले में कड़ी पूछताछ की जिसमें वाहिद खान ने अपना जूर्म कबूल करते हुए पुलिस को यह बात बताई कि वह अपने मालिक इशिताक अली खान के कहने से खदान से कोयला चोरी करने का सारा प्लान बनाया था। जिसके बदले में उसे अली ने नगद रकम एवं एक मोबाइल भी दिया था। कोयला चोरी के आरोपी वाहिद खान के बयान से इस पूरे घटना में यह बात साफ हो गई कि केन्द्र सरकार की शासकीय संपत्ति कोयला चोरी में छाल खदान में टांसपोर्टिंग के काम करनेवाली जीएम रोडलाइंस के मालिक इशितयाक अली की मुख्य भूमिका है और साथ में छाल खदान के एक ओर पर्दे के पीछे बैठे वहीं के आपरेअर आशीष पटेल की भूमिका है। इन दोनो की मिलीभगत से केन्द्र सरकार के कोल इंडिया लिमिटेड को करोडो रूपये का नुकसान हुआ है। इसलिये तत्काल जीएम रोडलाइंस के ट्रांसपोर्ट कंपनी एवं उसके मालिक इशितयाक अली खान को छाल खदान से तत्काल ब्लेक लिस्टेड करने की कडी कार्यवाही करे ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो। केसरी ने आगे कहा कि यदि कार्यवाही नहीं किया जाता है तो मेरे द्वारा अपने सैकड़ों समर्थको के साथ आंदोलन करते हुए एसईसीएल कार्यालय एवं छाल थाना के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जावेगा।

## स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम पर जिला एवं विकासखंड स्तर पर होंगे विविध कार्यक्रम

**बीजापुर,11 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला



स्तरीय स्टीयरिंग समिति की बैठक में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने कहा कि आगामी 14 सितम्बर से 01 अक्टूबर 2024 तक स्वभाव स्वच्छता -संस्कार स्वच्छता÷की थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान तथा 2 अक्टूबर 2024 को स्वच्छ भारत दिवस मनाया जाएगा। इस अभियान अंतर्गत जिला, विकासखंड एवं ग्राम पंचायतों के साथ-साथ सभी नगर पंचायतों में विभिन्न विभागों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजन की तैयारी के सम्बन्ध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने समस्त विभागों को प्रतिदिन आयोजित होने वाले कार्यक्रम की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। इसीतरह जनपद सीईओ को अपने विकासखंडो में कार्यक्रम आयोजन हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। जिले में इस अभियान के क्रियान्वयन हेतु कार्यक्रम आयोजन कराने एवं मॉनिटरिंग के लिए जिले के अधिकारियों को नोडल नियुक्त कर जिम्मेदारी दी गई।कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना, गांव में गंदे एवं कचरे ढेर जमा स्थानों की सफाई, मेगा स्वच्छता अभियान का आयोजन तथा स्वच्छाग्रही, सफाई मित्र के योगदान की सराहना, पिछले वर्ष किये गए कार्यों को एक उत्सव के रुप में मनाना है। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 अंतर्गत किये जाने वाले गतिविधियों में 3 मुख्य आधार स्तम्भ है जिनमे स्वच्छता की भागीदारी, सम्पूर्ण स्वच्छता एवं सफाई मित्र सुरक्षा शिविर शामिल है। उन्होने बताया कि 14 सितम्बर से अभियान की शुरुआत होगी जिसमें सभी विभागों द्वारा अपने कार्यालय एवं परिसर की साफ सफाई के लिए श्रमदान किया जाएगा इसके साथ ही एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण किया जाएगा। शैक्षणिक सामूहिक प्रदर्शन अंतर्गत समुदायों को सोर्स सेग्रीगेशन, रिसायकिलिंग तकनीक और खाद बनाने के लिए इंटरएक्टिव सत्र और प्रदर्शनी का आयोजन, शालाओं में स्वछता विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, नारा लेखन, कविता लेखन, क्विज, जिंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में फ़ूड जोन सफाई, कचरा संग्रहण एवं उचित प्रबंधन का कार्य किया जाएगा। स्वच्छ भारत कल्चरल फेस्ट अंतर्गत क्षेत्रीय पारंपरिक कला एवं संस्कृति के माध्यम से स्वच्छता का सन्देश का प्रचार किया जाएगा। जीरो वेस्ट इवेंट पद्धति पर विशेष अभियान का आयोजन किया जाएगा। जवाहर नवोदय विद्यालय एवं छात्रावासो में वेस्ट टू आर्ट के माध्यम से सुसज्जित करना एवं क्विज का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही स्वच्छता रैली, स्वच्छता संवाद, मानव श्रृंखला, विशेष ग्रामसभा, स्वछता चौपाल, स्वच्छता दौड़, साईकिल रैली और मैराथन का आयोजन कर स्थानीय समुदायों को शामिल किया जाएगा। स्वच्छ ग्राम पंचायत एवं स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता का आयोजन, वाल पेंटिंग्स एवं सुंदरीकरण का कार्य किया जाएगा।

## वजन त्योहार का आयोजन 12 से 23 तक

**महासमुंद।** राष्ट्रीय पोषण माह के तहत 12 से 23 सितंबर 2024 तक जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन त्योहार मनाया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा तय की और सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने रोस्टर बनाकर गांव-गांव में वजन त्यौहार का आयोजन करने के निर्देश दिए। इसके लिए सभी गांवों में मुनादी कराने कहा। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन त्यौहार के आयोजन की पूरी तैयारी करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन मशीनों की उपलब्ध सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने जिले में आयोजित वजन त्यौहार में सभी संबंधित विभागों को समन्वित तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय अधिकारियों को भी आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर वजन त्योहार में शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं।वजन त्योहार का उद्देश्य 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों के पोषण स्तर का आंकलन करना है, जिसमें समुदाय की सहभागिता महत्वपूर्ण रहेगी। इस वर्ष जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में वजन त्योहार आयोजित कियाय जाएगा। इसके तहत 0-6 वर्ष आयु के बच्चों के वजन और ऊंचाई का मापन किया जाएगा और उनका पोषण स्तर जांचा जाएगा। इस दौरान चलित वाहन के माध्यम से कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास समीर पांडेय ने बताया कि वजन त्यौहार में प्रत्येक परिवार को उनके बच्चों की सही पोषण स्थिति से अवगत कराते हुए प्रत्येक गांव में कम वजन वाले बच्चों को चिन्हित कर कुपोषण की सही स्थिति का पता लगाया जाएगा।

## कलेक्टर ने जिले के बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने सुपोषित छत्तीसगढ़ बनाने अधिकारियों को दिलाई शपथ

**बीजापुर 10 सितंबर।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा द्वारा जिले में 06 वर्ष के कम आयु के बच्चे में पोषण स्तर के आंकलन हेतु वर्ष 2024 में दिनांक 12 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024 तक सभी आंगनबाडी केन्द्रों में वजन त्यौहार आयोजन को लेकर समस्त विभाग प्रमुखों को बैठक कर आवश्यक निर्देश दिये गये इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया गया कि समस्त सेक्टरों का कलस्टर तैयार कर सुपरवाईजर की उपस्थिति में शतप्रतिशत बच्चों का सही वजन लिया जाना है इसके लिए प्रत्येक गांव एवं नगरीय क्षेत्र के वार्डो में जन-जन को कुपोषण के प्रति जागरूक करना है प्रत्येक परिवार को उनके बच्चों के सही पोषण



स्थिति से अवगत कराते हुए गांव में कम वजन वाले बच्चों का चिंहित कर कुपोषण पता लगाना है कुपोषण के विषय जनजागरूकता में वृद्धि करना है इसके लिए सभी विभाग प्रमुख दिनांक 12 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024 के मध्य भ्रमण के दौरान बच्चों के सही वजन का निगरानी करने के लिए निर्देशित किया गया। 01 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024 तक संचालित पोषण माह के गतिविधि कैलेण्डर अनुसार आयोजित गतिविधियों के नियमित निगरानी करते हुए जनआंदोलन डेशबोर्ड में नियमित गतिविधि का एन्ट्री किया जाना है, पोषण के प्रति लोगो को जागरूक करते हुए घर-घर तक गृहभेट के माध्यम से सही पोषण की जानकारी प्रदाय किया जाना है इसका सतत् मॉनीटरिंग करने हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया है। पोषण माह अंतर्गत सभी विभाग प्रमुखों को सुपोषित छत्तीगढ़ बनाने के लिए सही पोषण का संदेश घर-घर तक पहुंचाया जायेगा समाज में आसपास कोई भी कुपोषित न रहे इसकी नैतिक जिम्मेदारी का वहन एवं बच्चों के पहले सुनहरे 1000 दिन एनीमिया की रोकथाम, पोषण विविधता, स्वच्छता एवं साफ-सफाई के प्रति व्यापक जनजागृति हेतु अभियान चलाने के लिए पोषण माह का शपथ दिलाया गया।

## एक नजर



**भाटापार11 सितंबर।** स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत जिला कलेक्टर दीपक सोनी जी के निर्देशानुसार भाटापारा शहर के विभिन्न गणेश पंडालो में नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा स्वच्छता संबंधित गतिविधियां कर स्वच्छता का संदेश शहर वासियों को दिया।

### आदिवासी समाज ने मनाया नवाखाई का पर्व



**छुरा 11 सितंबर।** ग्राम गिधनी में अमात गोंड़ समाज में नवाखाई का पर्व परंपरा अनुसार धूमधाम के साथ मनाया गया।सर्वप्रथम अपने देवी देवताओं का विशेष पूजा अर्चना कर नया चावल का भोग लगाया गया।आदिवासी अंचल में नवाखाई के दिन नव चावल का भोग बुढ़ादेव दूल्हा देव देवताओं को एवं कुलदेवी तथा अपने पूर्वजों को अर्पित कर पूरे परिवार एक साथ नवाखाई का पर्व मनाया गया।नवाखाई पर्व में कोरिया पत्ता और नई धान का विशेष महत्व रहता है।नवाखाई पर्व के दिन कोरिया पत्ता एवं दोना बनाकर पूजा अर्चना किया गया।और नया प्रसाद कोरिया पत्ता में ही ग्रहण किया जाता है।उसके बाद घर के सभी छोटे-बड़े सदस्यों को नवा जोहर अर्थात प्रणाम करके उनका आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है।अमात गोंड़ समाज में नवाखाई का पर्व भाद्रपद शुक्ला पक्ष सप्तमी के दिन मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया।और उसका दूसरे दिन बासी तिहार भी मनाया जाता है।घर के आंगन में सभी परिवार बैठकर अपने बुढ़ादेव,ईष्ट देवी देवताओं,का पूजा करते हुए नए धान की बालियां चिवड़ चावल दूध नारियल और अन्य भोग अर्पित किया गया।तत्पश्चात परिवार के सभी सदस्यों के द्वारा एक साथ एक जगह बैठकर चिवड़ प्रसाद ग्रहण किया गया।क्षेत्र में नवाखाई पर्व को बड़ा उत्साह से मनाया गया।परिवार रिस्तेदार जो दूर दराज में रहते है वह भी इस त्यौहार को मनाने अपने परिवार घर में आते हैं।यह परम्परा पूर्वजो से चली आ रहा है।और जिसे अब तक निभा रहे है।समूह भोजन के पश्चात बड़े बुजुर्ग के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया गया।

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने किया होटलों एवं दुकानों का निरीक्षण

**बलौदाबाजार,11 सितंबर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा त्यौहारी सीजन को देखते हुए उपभोक्ताओं को मिलावटी से बचाने के लिए किराना दुकानों, होटलों का निरीक्षण कर अवमानक खाद्य पदार्थो पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा एवं टीम द्वारा विकासखंड सिमगा के ग्राम हथबंध में कुल 11 होटल एवं खाद्य प्रतिष्ठानों से चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से कुल 41 खाद्य पदार्थों जांच किया गया.जिसमें से 06 सैंपल अवमानक प्राप्त हुए.जांच दौरान तिग्गड़ा चौक से लेकर बाजार एवं रेल्वे स्टेशन स्थित छत्तीसगढ़ बिहारी ढाबा एंड होटल,यादव होटल एवं स्वीट्स,गुरुजी होटल,विजय डेली नीड्स, कमल डेली नीड्स,बालकृष्ण डेयरी,मंकी केक शॉप,सोनी भाई गुपचुप,शंकर होटल एंड स्वीट्स, लिपी स्वीट्स,कृष्णा मिष्ठान भंडार,खुशी चार्ट कॉर्नर की जांच की गई.कमल डेली नीड्स में अवमानक पाए गए 1 किलोग्राम मैसूर पाक,1 किलोग्राम नारियल बर्फी,1 किलो बर्फी, खोपरा लड्डू 2किलो, सोनी भाई गुपचुप 2 किलो ग्राम आलू मसाला,शंकर होटल एंड स्वीट्स से बालूशाह2 किलो, रसगुल्ला 5 किलोग्राम, नष्टीकरण की गई.स्वच्छता संबंधी पर्याप्त उपाय नहीं किए जाने किचन अनहाइजीनिक पाए जाने पर वह खाद्य पदार्थों को ढकने के पर्याप्त उपाय नहीं किए जाने पर उपरोक्त में से 3 प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किया गया हैं।

# विधायक रोहित साहू ने जनदर्शन मे सुनी क्षेत्रवासियों की समस्याएं

## मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारियों से दूरभाष पर बात कर समस्या का निराकरण करने के दिये निर्देश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा 11 सितंबर।** छुरा नगर के लोकनिर्माण विश्रामगृह मे रविवार को आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम क्षेत्र भर के लोगो ने उपस्थित होकर राजिम विधायक रोहित साहू को आवेदन सौप अपनी समस्याओं से अवगत कराया जनदर्शन कार्यकम मे 100 से ज्यादा आवेदन मिला जिसमे वन अधिकार पट्टा,जाति प्रमाण पत्र, जमीन बटांकन, त्रुटि सुधार, सड़क, स्वास्थ्य, शासकीय भूमि पर कब्जा अवैध शराब बिक्री, स्कुल निर्माण सहित अन्य मामलो मे आवेदन मिला सबसे ज्यादा आवेदन राजस्व मामलो का था जिस पर विधायक रोहित साहू द्वारा तत्काल संबंधित अधिकारियो को फोन लगाकर क्षेत्रवासियो कि समस्याओं का एक सप्ताह के भीतर निराकरण करने के निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी अधिकारी जनता को उनके कार्य के लिये अनावश्यक कार्यालय का चक्कर न लगवाये जनता द्वारा दिये गये आवेदन पर समय सीमा के भीतर कार्यवाही करे अधिकारी ध्यान दे भाजपा सरकार मे हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव सांय द्वारा जनता के हित मे जो जानकल्याणकारी योजनाएँ चलाई जा रही है उसका पुरा लाभ प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे जिससे सरकार के प्रति जनता का विश्वास मजबूत हो ग्राम काटाखुसरी के ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत शिवनी के सरपंच के उपर अपने शुभचिंतको को फर्जी प्रस्ताव लगाकर वन अधिकार पट्टा दिये जाने पर जांच कर कार्यवाही करने कि मांग किया ग्राम बम्हनी के ग्रामीणों ने गांव मे अवैध कच्ची शराब बिक्री को लेकर विधायक साहू को बताया कि ग्राम के एक आदमी द्वारा महुआ का कच्ची शराब बनाकर गांव मे बिक्री किया जा रहा जिसके कारण गांव का माहौल खराब हो रहा है गांव मे आसानी से कच्ची शराब उपलब्ध होने के कारण ग्राम के युवा जवान के साथ स्कूली छात्र नशे के गिरफ्त मे फ़स रहे है ग्रामीणों के शिकायत पर विधायक ने तत्काल छुरा थाना व आबकारी विभाग के अधिकारियो से फोन पर बात कर अवैध कच्ची शराब बनाकर बेचने वाले लोगो पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये वही ग्राम टेंगनाबासा के निवासियों द्वारा राशन दुकान के सेल्समैंन द्वारा शक़्कर नहीं देने का आरोप लगाया जिस पर विधायक द्वारा तत्काल खाद्यय अधिकारी को जांच कर सेल्समेन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये, विश्रामगृह मे आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम मे क्षेत्र भर से बड़ी संख्या मे ग्रामीण अपनी समस्या लेकर पहुंचे विधायक द्वारा सभी ग्रामीणों कि समस्याओ को सुना गया इस अवसर पर गरियाबंद जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष पाण्डुका संदीप पांडे, नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चंद्राकर,नगर पंचायत उपाध्यक्ष रिंकू सचदेव,जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रुव,जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी पूर्व मण्डल अध्यक्ष व सरपंच संघ अध्यक्ष लेखराज ध्रुवा,जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा गरियाबंद राजू साहू,नगर पंचायत सभापति थानसिंग निषाद, भोले शंकर जायसवाल, भाजपा युवा नेता मानसिंग निषाद, सूजल कोठारी, भाजपा नेता पंकज निर्मलकर, सरपंच करकरा कुमारी ध्रुव, लोकेश चंद्राकर, इमरान अली,सहित बड़ी संख्या मे क्षेत्रवासी उपस्थित थे!

# ग्राम पेंडी में मनाया गया अन्य पिछड़ा वर्ग दिवस

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भखारा 11 सितंबर।** योग्यता के हिसाब से हमें आज सक्षम बनना होगा और पूरा ध्यान शिक्षा में देना होगा। पिछड़ा वर्ग जाति का उद्देश्य आर्थिक,सामाजिक,नैतिक स्तर को ऊंचा उठाने का है। उक्त बातें प्रदेश स्तरीय ओबीसी दिवस के अवसर पर मुख्य वक्ता अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग आर.एस विश्वकर्मा ने ग्राम पेंड्री में कहा ! डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के निकट सहयोगी त्यागमूर्ति राम लखन चंदापुरी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से प्रोत्साहित होकर आज ही के दिन 10 सितंबर 1947 को ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) को सामाजिक सुरक्षा एवं जातिवार जनगणना करवा कर आबादी के अनुपात में समान हिस्सेदारी दिलवाने के लिए आजादी की दूसरी संघर्ष की नींव रखी थी जिसके प्रथम शहीद चूल्हाई राम साहू की शहादत की याद में जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी को लेकर अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग से सम्बद्ध ओबीसी संयोजन समिती छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में मंगलवार को ग्राम पेंडी(कलंगपुर) में ओ.बी.सी. दिवस मनाया गया। जिसमें प्रदेश के ओबीसी समाज के अनेकों समाज प्रमुखों सहित हजारों लोगों की उपस्थिति रही ।छत्तीसगढ़ में 52% आबादी वाले ओबीसी समाज को सिर्फ 14त्न आरक्षण दिये जाने को गैर संवैधानिक ठहराते हुए ओबीसी दिवस की अध्यक्षता कर रहे संस्थापक शत्रुहन सिंह साहू ने कहा कि ÷गैर-बराबरी का सामना कर रहे देश की बहुसंख्यक पिछड़े-अतिपिछड़े वर्गों को समानता के दायरे में लाने के लिए उनका जातिगत जनगणना कर आबादी के अनुपात में भागीदारी दिया जाना,आज समय की मांग है जिसके लिए संघ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से संविधान के अनुच्छेद 15 (4) 16 (4) में आवश्यक संशोधन करने हेतु पिछड़ा वर्ग आरक्षण संशोधन बिल संसद से पारित कानून कर नवीं अनुसूची में अकिंत कर लागू करने की मांग दोहराई है। इस अवसर पर वक्तागण पूर्व सीबीआई मजिस्ट्रेट प्रभाकर ग्वाल,गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद,पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू ने कहा आज ओबीसी समाज के साथ अन्याय हो रहा है। योग्यता के हिसाब से नौकरी नहीं मिल रही हैं इसलिए ओबीसी समाज को अपनी ताकत दिखानी होगी। 2011 में जाति जनगणना किया गया लेकिन रिपोर्ट नहीं आया। आज ओबीसी वर्ग को जागने की आवश्यकता है जो आज राजनीति में बंटे हुए हैं।

इस अवसर पर समिति के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष टिकेश्वर साहू जिला अध्यक्ष बल्दूराम,प्रचारक युवराज सिंह,दुर्ग संभाग अध्यक्ष कीरत कुलहारा सहित विभिन्न जाति प्रमुख मिलन धनकर प्रदेश अध्यक्ष धनकर समाज,गुलेंद्र यादव प्रदेश अध्यक्ष ठेठवार यादव समाज,सुरेश निर्मलकर प्रदेश महासचिव निर्मलकर समाज,यज्ञ देव पटेल जिला अध्यक्ष बालोद,बृजमोहन दास मानिकपुरी जिला अध्यक्ष पनिका समाज बालोद,दीपक देवांगन जिला अध्यक्ष बालोद,रामजी विश्वकर्मा जिलाध्यक्ष विश्वकर्मा समाज बालोद ने कहा कि स्वतंत्र भारत में सामाजिक शोषण और गैर-बराबरी के विरुद संघर्ष करना हर भारतवासी का जन्मसिद्ध अधिकार है।

### जिला अस्पताल को एसबीआई के सीएसआर से मिला स्ट्रेचर, व्हील चेयर और पंखे, मरीजों को होगी सहूलियत

**बलौदाबाजार, 11 सितम्बर।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी की उपस्थिति में मंगलवार को जिला अस्पताल बलौदाबाजार को स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया की मुख्य शाखा द्वारा सी.एस.आर योजना के अंतर्गत 5 व्हीलचेयर,5 स्ट्रेचर व 20 सीलिंग पंखा प्रदाय किया गया। भोपाल मंडल नेटवर्क 3 के महाप्रबंधक श्री रामकुमार तिवारी व मुख्य प्रबंधक देवेंद्र कुमार दुबे ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी एवं सिविल सर्जन डॉ के. के. टेम्भूरने को यह सामग्री सौंपी । इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी ने भारतीय स्टेट बैंक बलौदाबाजार की मुख्य शाखा व अम्बेडकर शाखा के कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके द्वारा शासकीय चिकित्सालय को जो सामग्री प्रदान की गई है वे बहुत उपयोगी है जिसका लाभ मरीजों को मिलेगा । बैंक का यह कार्य सराहनीय है। अपेक्षा है कि आगे भी ऐसा सहयोग मिलता रहेगा। जिला अस्पताल में सुविधाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। जिले वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने प्रयास किया जा रहा है। बैंक के महाप्रबंधक रामकुमार तिवारी ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक अपने सामाजिक सरोकार के तहत इस तरह के जनहित के कार्य हमेशा से करते आ रहा है और स्थानीय शाखा के माध्यम से जब भी कोई मांग हम तक आती है उसका त्वरित क्रियान्वयन हमारे द्वारा किया जाता है। आगे भी हम जनहित के कार्य करने हेतु तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर मुख्य प्रबंधक एएमसीसी जयंत तापेदार, उप महाप्रबंधक आलोक रंजन,सहायक महाप्रबंधक सत्येंद्र कुमार सिंह,मुख्य प्रबंधक सुबोध तिवारी,दीपक वर्मा अम्बेडकर शाखा प्रबंधक सोनम कुमारी,मुख्य प्रबंधक देवेंद्र कुमार दुबे,जिला अस्पताल से डॉक्टर अशोक वर्मा,अस्पताल सलाहकार ममता गोस्वामी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# अधिकारियों ने निक्ष्य मित्र बन टीबी मरीजों को लिया गोद,देंगे पोषण सहायता



**बलौदाबाजार, 11 सितम्बर ।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी के प्रोत्साहन से आज विभिन्न विभागों के विभागीय अधिकारियों ने निक्ष्य मित्र बन टीबी के मरीजों को गोद लेते हुए उन्हें पोषण सहायता सामग्री प्रदान करने हेतु अपना पंजीयन निक्ष्य पोर्टल पर करवाया ।

कलेक्टर ने कहा कि देश सहित जिले में भी प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान ज़ारी है । टीबी रोग के उन्मूलन हेतु चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ समुदाय को भी अपना सहयोग करना होगा । अभियान के तहत समाज के समक्ष लोग टीबी के मरीजों को सहयोग प्रदान करने हेतु आगे आएं जिससे मरीज बीमारी से लड़ने हेतु मानसिक रुप से मजबूत हो सकें।

इस बारे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत समाज का कोई भी व्यक्ति जैसे व्यापारी,जन प्रतिनिधि,कर्मचारी, एन जी ओ ,उद्योग आदि मरीजों को सहयोग करने हेतु निक्ष्य मित्र बन सकते हैं । इसके अंतर्गत मरीज को आवश्यक पोषण सहायता निक्ष्य मित्र अपने निजी व्यय पर प्रदान करता है। यह एक प्रकार का सामाजिक कार्य है जिसमें समुदाय बीमारी की रोकथाम में अपनी भूमिका निभाता है।

गौरतलब है कि टीबी हवा के माध्यम से फैलने वाला संक्रामक रोग है जो उपचार न मिलने की दशा में जानलेवा हो जाता है । दो हफ्ते से अधिक की खांसी, शाम को हल्का बुखार, छाती में दर्द, वजन में कमी, बलगम का आना ,बच्चों में वजन का न बढ़ना यह कुछ ऐसे लक्षण है जो टीबी को प्रकट करते हैं । टीबी का जांच और इलाज सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क उपलब्ध है । 6 महीने का डॉटस का कोर्स कर टीबी का मरीज पूरी तरह से ठीक हो सकता है । इलाज न करवाने पर यही संक्रमित व्यक्ति एक साल में 10-12 स्वस्थ व्यक्ति को संक्रमित कर देता है । वर्तमान में बलौदा बाज़ार जिले में जनवरी से लेकर अब तक 841 टीबी के मरीज मिल चुके हैं जिसमें बलौदा बाजार में 237,पलारी में 184,कसडोल में 145,सिमगा में 122 तथा भाटापारा में 153 मरीज सम्मिलित हैं।

# घर-घर जल उत्सव का आयोजन किया जा रहा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार,11 सितंबर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता करने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन अंतर्गत गांव गांव में हर घर जल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में बलौदाबाजारा विकासखंड के ग्राम धनगांव हर घर जल उत्सव मनाया गया। जिसमें गांव के लोगों ने पानी की महत्ता और इसके संरक्षण के प्रति संकल्प लिया। गांव के सरपंच श्री तुलसी मनहरे ने कहा पानी हमारे जीवन का आधार है। हमें इसका संरक्षण करना होगा ताकि भविष्य में पानी की कमी न हो। जल संरक्षण के महत्व को बढ़ावा देने के लिए, हम जल प्रेरक बनाने की पहल शुरू कर रहे हैं। जल प्रेरक व्यक्ति होंगे जो अपने समुदाय में पानी के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाएंगे और जल संरक्षण के तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर गांव के लोगों ने पानी बचाने के संकल्प लिए और जल जीवन मिशन के तहत काम करने वाली टीम को धन्यवाद दिया। पानी कुरिया कुरिया का संदेश देते हुए गांव के लोगों ने कहा पानी हमारे जीवन का आधार है, इसका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है। उक्त कार्यक्रम में शामिल गांव की सचिव श्रीमति सरिता श्रीवास, राजकुमार कोसले, मनोज कुमार राठौर, उत्कर्ष कावले महेंद्र वर्मा एवं गांव से लोग उपस्थित रहे।

### छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा 15 सितम्बर को, 59 परीक्षा केन्द्रों में 16508 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**बलौदाबाजार,11 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द भर्ती परीक्षा का आयोजन 15 सितम्बर को प्रथम पाली में अपरान्ह 12 बजे से 2:15 बजे तक किया जाएगा। जिसके लिए जिले में कुल 59 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। इस परीक्षा में कुल 16508 परीक्षार्थी शामिल होंगें। कलेक्टर दीपक सोनी ने परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर अरूण सोनकर को संपूर्ण परीक्षा कार्य संपादित करने हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशू भारतीय, अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा पेखन टोण्ड्रे एवं परियोजना अधिकारी साक्षरता आर सोमेश्वर राव को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। परीक्षा केन्द्र शासकीय दाउ कल्याण आर्टस एंड कामर्स स्नातकोत्तर कॉलेज बलौदाबाजार, शासकीय मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज बलौदाबाजार, सेजेस हिन्दी मीडियम शासकीय पं. चक्रपाणी शुक्ल हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार, पं. लक्ष्मीप्रसाद तिवारी शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल एमडीव्ही बलौदाबाजार, गुरूकूल इंग्लिश मिडियम स्कूल बलौदाबाजार, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल रिसदा, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सकरी, अम्बुजा विद्यापीठ रवान, शासकीय जीएनए स्नातकोत्तर कॉलेज भाटापारा, शासकीय मल्टीपरपस हायर सेकेण्डरी स्कूल भाटापारा, पंचम दीवान शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल भाटापारा, नगर पालिका कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल भाटापारा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिस मीडियम स्कूल भाटापारा आदि शामिल है।

## विकास खंड स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह के दौरान

# बृजमोहन, टंकराम व अनुज ने किया हाईस्कूल भवन व प्रार्थना शेड का लोकार्पण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा 11 सितंबर।** पालक समिति तिल्दा नेवरा के द्वारा बी.एन.बी.शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विकास खंड स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि सांसद रायपुर बृज मोहन अग्रवाल ,केबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ,धरसींवा विधायक अनुज शर्मा , भाजपा जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओ की उपस्थिति में सौ सेवानिवृत ,तथा 450 नियमित शिक्षक शिक्षीकाओ को अतिथियों को टीका लगाकर ,फूल माला पहना कर शाल ,श्रीफल ,भागवत गीता ,एवं मेमोंटो प्रदान कर सम्मान किया .

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सेवानिवृत शिक्षकों को आग्रह पूर्वक कहा कि आप सेवानिवृत्ति होने के पश्चात भी अपने आसपास के स्कूलों में सेवा दे सकते हैं। इससे स्कूलों में जहां शिक्षक की कमी हो वहां अपना समय देकर शिक्षक की कमी को पूरा किया जा सकता है। इस प्रकार से उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वह अपना बहुमूल्य समय देकर देश के भविष्य बच्चों को अपना अनुभव का लाभ दें। केबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा की शिक्षकों का समाज और राष्ट्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान होता है। वे न केवल ज्ञान का प्रसार करते हैं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और चरित्र का निर्माण भी करते हैं। शिक्षक छात्रों को सही दिशा में मार्गदर्शन देते हैं, उनमें नैतिक मूल्य, अनुशासन और आत्मविश्वास का विकास करते हैं। विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि बच्चों का भविष्य बनाने मे शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। शिक्षकों के बिना जीवन अधूरा है। शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन पालक समिति के मुख्य आयोजनकर्ता अनिल अग्रवाल भाजपा जिला महामंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित किया।उन्होंने कहा कि शिक्षक ही समाज को नया आयाम देकर आदर्श समाज व आदर्श देश की निर्माण का कार्य कर सकते हैं। मोदी सरकार ने जो 2047 तक विकसित भारत के संकल्प व विजन है,वह शिक्षकों के योगदान के बिना अधूरा है। विभिन्न स्कूलों से आए हुए शिक्षकों के द्वारा मंच पर शिक्षक दिवस के विषय पर शिक्षा विभिन्न वाचन एवं गीत संगीत से मंच को गौरवांवित किया। कार्यक्रम में एसडीम आशुतोष देवांगन ,तहसीलदार ज्योति मशीयारे ,थाना प्रभारी अविनाश सिंह, सीएमओ अनीश ठाकुर, बीईओ जे एल ज़हीरे सर, प्राचार्य राजेश चदानी कार्यक्रम में विशेष अतिथि राम पंजवानी,लेमिक्षा गुरु डहरिया, विकास सुखवानी ,नरेंद्र शर्मा, टिकेश्वर मनहरे, ईश्वर यदु,भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश वर्मा, पुर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल, पार्षद कृष्णा अनिल शर्मा, राजकुमार गेंदे, सतीश निषाद, विकास कोटवानी, रमेश रिंकू अग्रवाल, मनोज, रवि सेन, दीपक शर्मा, चंद्र कुमार पाटिल, समाज सेवी गौरव अग्रवाल, भारतीय जनता पार्टी के शहर महामंत्री सौरभ जैन ,मनोज निषाद ,चंद्रकला वर्मा, खुमान वर्मा, सुधा चौबे ,सहित बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### सांसद बृजमोहन अग्रवाल का तिल्दा नेवरा में आत्मीय स्वागत



**तिल्दा नेवरा 11 सितंबर।** ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में 600 शिक्षकों का सम्मान किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री बृजमोहन अग्रवाल जी एवम् अतिबिशिष्ठ अथिति श्री टंकराम वर्मा जी केबिनेट मंत्री छतीसगढ़ शासन एवम् धरसिवा बिधानसभा बिधायक अनुज शर्मा उपस्थित थे इस अवसर पर नगर की हाई स्कूल में सांसद का गर्म जोशी से स्वागत स्कूल के छात्र छात्राओं ने बैंड बजाकर स्वागत किया। तिल्दा कार्मल स्कूल के बच्चो ने मधुर सगीत में बैंड के साथ अभिनंदन किया । साथ ही तिल्दा नेवरा वासियों ने भी जोरदार स्वागत किया ।

### दिव्यांग मुकेश को मिली मोटराइज्ड ट्राईसिकल



**बलौदाबाजार, 13 सितम्बर।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने मंगलवार को समाज कल्याण विभाग के माध्यम से दिव्यांग मुकेश कुमार पटेल को मोटराईज्ड ट्राई सिकल प्रदान किया। उन्होंने मुकेश को ट्राईसिकल मिलने पर शुभकामनायें देते हुए अच्छे से पढ़ाई करने कहा। मुकेश ने ट्राईसिकल मिलने पर कलेक्टर व शासन - प्रशासन को धन्यवाद देते हुए आभार माना। विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम सरखोर निवासी मुकेश कुमार पटेल पिता राम कुमार पटेल लगभग 80 प्रतिशत दिव्यांग है। वह कक्षा 11 वीं में अध्ययरत है। मुकेश ने बताया कि मोटराइज्ड ट्राईसिकल नहीं होने से स्कूल आने -जाने एवं सामान्य दिनचर्या के कार्यो में रोजाना काफी दिक्क़त होती थी लेकिन अब मोटराइज्ड ट्राईसिकल मिल जाने से आने -जाने की समस्या दूर हो जाएगी। इस दौरान उप संचालक समाज कल्याण श्री अरविन्द गेडाम एवं विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता,

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)

Email-ID:ee-res.kondagaon@nic.in,Fax&Ph. No.-07786-242243

मैनुअल पद्धति वर्ष 2024-25 हेतु सूचना क्रमांक 15

निविदा आमंत्रण

क्रमांक/15/ व.ले.लि./ नि.प्र./ ग्रा.यां. सेवा/2024 कोण्डागांव, दिनांक 09/09/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत 'डी' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है सभी कार्यों की निविदा प्रपत्र स्पीड पोस्ट अथवा पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में प्राप्त होने की अंतिम तिथि 19.09.2024 शाम 5.00 बजे तक।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | रिमार्क (निविदा क्रम) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | मलीय कीचड़ उपचार संयंत्र निर्माण कार्य बनियागांव, विकासखण्ड कोण्डागांव | 16.98 | द्वितीय दौर |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट http://res.cg.gov.in दिनांक 10/09/2024 से देखी एवं डाऊनलोड की जा सकती है।

जी- 242502385/5

14 लाख ग्रामीणों को रोजगार

कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभोग-कोण्डागांव

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता,

लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

निविदा सूचना

(प्रथम आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| एन.आई.टी. क्र ./सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रु. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 128/158409 | M.O.W. WORK IN RESIDENCIAL BUILDING UNDER ENGINEERING COLLEGE SUB DIVISION (DIVISION NO 03 NAWA RAIPUR ATAL NAGAR) | रु. 80.00 लाख |

निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 29.09.2024 समय सायं 5:30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग,
रायपुर मण्डल क्रं.-1, रायपुर (छ.ग.)

जी- 242502387/3

## जय गणेश-जय गणेश देवा......


श्री श्रमजीवी गणेशोत्सव समिति नंदी चौक, टिकरापारा।


श्री क्रांतिसंघ गणेशोत्सव समिति पुरानी बस्ती।


विघ्नहर्ता गणेशोत्सव समिति पुरानी बस्ती।


स्वास्तिक गणेशोत्सव समिति पचपेड़ीनाका।


श्री वक्रतुण्ड गणेशोत्सव समिति आदर्श नगर अमलीडीह।

### एक नजर

### लगातार बारिश के बाद प्रोफेसर कालोनी में जलभराव

**रायपुर, 11 सितंबर।** रविवार शाम से हो रही लगातार बारिश के बाद राजधानी रायपुर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई,यहां लोगो को आवागमन को लेकर जाफी परेशानियों का सामना करना भी पड़ रहा है। प्रोफेसर कालोनी दसको के बाद भी इस इलाके में नगर निगम के कई योजनाओं के बाद भी जल भराव की स्थिति जस के तस बनी हुई है।सोमवार रात से हो रही बारिश के बाद स्थानीय तालाबो का जल स्तर काफी तेजी से बढ़ा जिसे देखते हुए पानी छोड़ा गया । पानी छोड़ने के बाद पानी यहां रहने वाले लोगो के घरों में घुस गया साथ ही साथ सड़को पर भी नालियों का पानी भी भर गया । पानी के जमावड़े के बाद इलाके में बीमारियों का भी खतरा बढ़ गया है, मलेरिया, टाइफाइड मौसमी बुखार जैसी संक्रमण का खतरा बढ़ गया है।

### नगर सेना विभाग में अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा 16 से

**रायपुर, 11 सितंबर।** नगर सेना विभाग द्वारा 1715 रिक्त पदों पर महिला छात्रावास एवं 500 रिक्त पदों पर सामान्य ड्यूटी के लिए पुरूष एवं महिला नगर सैनिकों की भर्ती हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन आगामी 16 सितम्बर से किया गया है। जिसमें रायपुर संभाग के लिए महिला छात्रावास हेतु 450 महिला तथा महिला एवं पुरूष सामान्य ड्यूटी हेतु 200 नगर सैनिकों की शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान नगर सेना माना कैम्प में आयोजित की जाएगी। जो कि 16 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक आयोजित होगी।

### रायपुर में कालू नाम के अपराधी की हुई गिरफ्तारी

**रायपुर, 11 सितंबर।** चाकू के साथ 1 अपराधी की गिरफ्तारी हुई है। गुढियारी पुलिस को सूचना मिली कि कलिंग नगर सीएसईबी ग्राउण्ड के सामने रोड गुढियारी में एक व्यक्ति को लोहे का धारदार चाकू लेकर लहरा कर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका कर आतंकित करते हुए आरोपी फणिन्द्र पाणिग्रही उर्फकालू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखे 01 लोहे का धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गुढियारी में अपराध क्रमाक 576/2024 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। नाम आरोपी - फणिन्द्र पाणिग्रही उर्फ कालू पिता महेश पाणिग्रही उम्र 22 वर्ष पता न्यु कलिंग नगर नत्थूपारा थाना गुढियारी जिला रायपुर वर्तमान पता विकास नगर गुढियारी रायपुर।

### सीएम साय ने राजीव स्मृति वन पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**रायपुर, 11 सितंबर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय वन शहीद दिवस के अवसर पर राजीव स्मृति पहुंचकर वन शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने वन शहीद स्मारक का अनावरण किया। वन तथा वन्यप्राणी और पर्यावरण की रक्षा करते हुए प्राणों की आहुति देने वाले वन शहीदों की स्मृति में राष्ट्रीय वन शहीद दिवस मनाया जा रहा है। दो मिनट का मौन रखकर सभी ने वन शहीदों को नमन किया। इस मौके पर वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, वन बल प्रमुख व्ही श्रीनिवास राव भी मौजूद है।

### रायपुर पुलिस ने गणेश पंडालों पर लगाया निजात अभियान का पोस्टर

**रायपुर, 11 सितंबर।** रायपुर पुलिस द्वारा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गणेश पंडालों में श्रद्धालुओं के बीच जाकर नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है। अनेकों जगह पर पूजा समितियों द्वारा निजात अभियान का फ्लेक्स पंडाल परिसर में लगाया गया है। नशे के खिलाफ एकजुट होकर इस पहल के माध्यम से निजात अभियान के उद्देश्य को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।

### निधन

### सुभाष शर्मा

**रायपुर ।** सुंदर नगर निवासी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री तथा पूर्व पार्षद सुभाष शर्मा पिता स्व. बलदाऊ प्रसाद शर्मा (चंद्रप्रकाश)पौता वाले का आज निधन हो गया। सुभाष शर्मा वे मोतीलाल वोरा व चरणदास महंत के करीबी माने जाते थे। 72 वर्षीय शर्मा की दो पुत्रियां सोनल शर्मा व तनुश्री पाण्डेय है। वे अनिल शर्मा के अग्रज तथा अमित पाण्डेय के मामा थे। उनकी अंतिम यात्रा सुंदर नगर स्थित निवास से शाम 4.30 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी।



# विरोध के बाद सीमेंट के दाम हुए कम

## चौतरफा दबाव और सियासी उबाल के बीच 25 से 35 रुपए घटी कीमत

**रायपुर, 11 सितंबर ।** सियासी बवाल और चौतरफा दबाव के बाद प्रदेश की सीमेंट कंपनियों ने सीमेंट के दाम 25 से 35 रुपए तक कम कर दिए हैं। संभावना है कि एक-दो दिनों में कीमत और भी कम हो जाएगी और कीमत वापस पुराने रेट पर आ जाएगी।

कीमत कम होने के बाद अब सीमेंट की कीमत 260 से 300 रुपए तक थोक में आ गई है। चिल्हर में कीमत इससे 20 से 30 रुपए तक ज्यादा है। सीमेंट कंपनियों ने डीलरों से कह दिया है कि कीमत कम कर दी गई। सीमेंट की 50 रुपए कीमत बढने के बाद जहां रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा था, वहीं कांग्रेस ने 12 सितंबर को आंदोलन करने का ऐलान किया था।

ऐसे में कंपनियों ने किसी भी तरह के सरकार के एक्शन के पहले ही दाम कम कर दिए हैं। प्रदेश की सीमेंट कंपनियों ने अचानक तीन सितंबर से सीमेंट के दाम में



50 रुपए का इजाफा कर दिया था। ऐसे में जहां अल्ट्राटेक सीमेंट की कीमत थोक में 275 रुपए के स्थान पर 325 रुपए हो गई थी, वहीं बाकी सीमेंट के दाम 300 से 310 रुपए हो गए थे। ऐसा होने की जानकारी रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल को लगने के बाद उन्होंने सीमेंट कंपनियों पर नकेल कसने और कीमत को कम कराने के लिए केंद्रीय मंत्री के साथ मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखा। इधर इसकी जानकारी होने पर कांग्रेस ने भी मोर्चा खोल दिया और कीमत बढ़ने के विरोध में 12 सितंबर को प्रदेशभर में आंदोलन करने का ऐलान कर दिया।

सीमेंट कंपनियों ने जब देखा कि उनके दाम बढ़ाने के खिलाफप्रदेश में सत्ता पक्ष के नेताओं के साथ विपक्ष भी आ गया है तो कंपनियों ने हाथ वापस खींच लिए। राजधानी रायपुर के सीमेंट कंपनियों के डीलरों के साथ बिल्डिंग मटेरियल का काम करने वाले कारोबारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अल्ट्राटेक सीमेंट ने जहां कीमत 25 रुपए कम कर दी है और अब यह सीमेंट थोक में 300 रुपए हो गया है, वहीं बाकी कंपनियों ने दाम 35 रुपए कम कर दिए हैं। ऐसे में अलग- अलग कंपनियों का सीमेंट अब 265 से 290 रुपए हो गया है।

# डैम में डूबने से एक युवक की मौत



**रायपुर 11 सितंबर।** राजधानी रायपुर के टेकरी स्टॉप डैम में डूबने से एक युवक की मौत हो गई है। वहीं युवक का शव बरामद कर लिया गया है। मृतक दोस्तों के साथ डैम घूमने गया था, तभी यह हादसा हुआ। मामला विधानसभा थाना क्षेत्र का है। दरअसल बीते मंगलवार की शाम मोहम्मद आरिफ अपने दोस्तो के साथ स्टॉप डैम घूमने गया था, तभी पानी में नाहने के लिए उतरा और देखते ही देखते पानी में बह गया, जिसकी सुचना दोस्तों ने परिजनों और पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद युवक के शव को बरामद कर लिया है। मृतक पंडरी के काली नगर का निवासी है।

### रायपुर में हवाई यात्रियों को तोहफा, नवंबर में फिर शुरू होगी विशाखापत्तनम की उड़ान

**रायपुर, 11 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के हवाई यात्री डेढ़ साल बाद एक बार फिर रायपुर से विशाखापट्टनम के लिए उड़ान भर सकेंगे। यह उड़ान नवंबर माह में शुरू होने की संभावना है. डेढ़ साल पहले तक, एयर इंडिया एकमात्र एयरलाइन थी जो रायपुर से विशाखापत्तनम के लिए उड़ानें संचालित करती थी। 13 फरवरी 2023 को एयर इंडिया द्वारा रायपुर से परिचालन बंद करने के बाद यह उड़ान भी बंद कर दी गई थी। मालूम हो कि विस्तारा एयरलाइंस की उड़ानें 11 नवंबर से बंद हो रही हैं और एयर इंडिया 12 नवंबर से रायपुर से दिल्ली के बीच उड़ानें संचालित करेगी। कुछ दिनों बाद विशाखापत्तनम से कनेक्टिविटी के साथ रायपुर से मुंबई के लिए भी उड़ान शुरू होने की संभावना है। ट्रैवल ऑपरेटर्स के मुताबिक, एयर इंडिया की उड़ानें शुरू होने के बाद कुछ नए शहर भी हवाई सेवा से जुड़ सकते हैं। ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफइंडिया (टीआईई) के मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के पूर्व अध्यक्ष कीर्ति व्यास ने कहा कि रायपुर से जयपुर, पटना, राजकोट और विशाखापत्तनम के लिए उड़ानें शुरू करने के लिए एयरलाइंस को लिखा गया है।

# सुंदर नगर में चोरी की घटनाएं बढ़ने से रहवासियों में भय

**रायपुर 11 सितंबर।** कांग्रेस नेता व पार्षद प्रत्याशी संदीप तिवारी ने कहा कि पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड क्रमांक 42 में लगातार चोरियाँ बढ़ रही है कभी मैत्री नगर के मंदिर को निशाना बनाया जाता है तो कभी कॉलोनी के रहवासियों के लगातार साइकिल चोरी गार्डन एवं घरों से हो रहे हैं लगातार और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड क्रमांक 42 में देखने को मिलता है जहां लाइट बंद रहती है और रात के अंधेरे का वे लोग फायदा उठाते हैं वार्ड में कहीं पर भी सीसीटीवी कैमरे इन पांच सालों में नहीं लगाए गए जिससे अपराधियों में भय नजर आता है, ना ही पुलिस की गस्त रहती है जिसके कारण अपराधी बेखौफ होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं और आज इसी के कारण पवन कुमार यदु जी के निवास से 1.65 लाख की चोरी हो गई इसके बाद भी सत्ताधारी लोग मूकदर्शक बने हुए बैठे हुए हैं।

कांग्रेस नेता संदीप तिवारी ने बताया कि लगभग 34 साल से इस क्षेत्र में बीजेपी के विधायक हैं, लगभग 30 साल से बीजेपी के सांसद हैं और पार्षद भी बीजेपी के रहे हैं उसके बाद भी ना ही इन क्षेत्रों में सीसीटीवी लगाए गए ना ही पुलिस चौकी खोली गई। उन्होंने आगे कहा कि जहां कॉलोनी में लगातार चोरियां हो रही है वही कॉलोनी छोड़कर आप बस्ती की तरफ जाएंगे तो वहां अवैध नशे का कारोबार, सट्टा-जुआँ धड़ल्ले से चल रहा है कोई रोकने टोकने बोलने वाला नहीं है माताएं, बहने लगातार परेशान है और आये दिन शिकायतें करती रहती है उसके बाद भी जनप्रतिनिधि द्वारा उनकी शिकायतों को नजर अंदाज किया जाता है।

### शेयर मार्केट में मुनाफे का झांसा देकर सीए से 1 करोड़ 39 लाख की ठगी

**रायपुर 11 सितंबर।** राजधानी रायपुर में एक चार्टर्ड अकाउंटेंट से शेयर मार्केट में अधिक मुनाफे का झांसा देकर 1 करोड़ 39 लाख रुपये की ठगी की गई। पीड़ित सीए नवीन कुमार ने तेलीबांधा थाना में इस मामले की शिकायत दर्ज कराई है। नवीन कुमार ने शिकायत में बताया कि उन्हें फेसबुक के माध्यम से दो अलग-अलग व्हाट्सएप ग्रुप्स में जोड़ा गया। एक ग्रुप में 115 लोग शामिल थे, जबकि दूसरे ग्रुप में 45 लोग शामिल थे। इन ग्रुप के सदस्य अक्सर अपने रिव्यू और मुनाफे की रिपोर्ट साझा करते थे। इन रिव्यू को देखकर नवीन कुमार ने भरोसा कर पैसा जमा करना शुरू किया। शुरुआत में उन्हें अच्छे मुनाफे की वजह से पीड़ित सीए आश्वस्त हो गया और धीरे-धीरे 1 करोड़ 39 लाख रुपये जमा कर दिए। लेकिन समय के साथ उनका मुनाफा कम होता गया और अंत पीड़ित ने पाया कि उनकी पूरी रकम गायब हो चुकी है। जब रकम वापस नहीं आई, तो नवीन कुमार ने तेलीबांधा थाने में ठगी की शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर टीम को जांच के लिए तैनात किया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आरोपियों को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# जैतू साव मठ में मनाई गई राधाष्टमी



**रायपुर 11 सितंबर।** जैतू साव मठ पुरानी बस्ती रायपुर में श्री राधाष्टमी, जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर , विधिवत पूजन आराधना विशेष श्रृंगार किया गया , विविध प्रकार के व्यंजन 56 भोग लगाया गया , पुजारी सुमित तिवारी जी महाआरती किए, महिला मंडली द्वारा सुबह से ही भजन कीर्तन से भक्तिमय वातावरण से मंदिर गुंजायमान हुआ ,इस अवसर पर राजेश्री महंत रामसुंदर दास जी,सत्यनारायण शर्मा , महेंद्र अग्रवाल, अजय तिवारी, दीपक पाठक, गोविंद उपाध्याय, मुंशी धनेंद्र , शैल अग्रवाल, संतोषी अग्रवाल, शारदा शुक्ला, मधु अग्रवाल,मीना अग्रवाल, मनीषा यदु, सावित्री यदु, योगिता, ललिता, उषा झा, जयश्री सिन्हा , मधूश्याम , प्रमिला, उज्जवल ठाकुर, पियूष नंदे व बड़ी संख्या में भक्त जन उपस्थित रहे।

### ईदगाह भाठा मस्जिद मुतवल्ली चुनाव के लिए समिति गठित

**रायपुर 11 सितंबर।** राजधानी की विभिन्न मस्जिदों में लंबे समय से मुतवल्ली चुनाव की मांग की जा रही थी। वहीं सुन्नी हन्फी मुहम्मदी मस्जिद ईदगाहभाटा के मुतवल्ली का कार्यकाल समाप्त हो गया है। नवीन मुतवल्ली के चुनाव के लिए 4 सितंबर को हुई वक्फ बोर्ड की बैठक में सदस्यों द्वारा मुतवल्ली चुनाव मार्गदर्शिका-2022 के अनुरूप निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के लिए 10 सदस्यीय चुनाव समिति का गठन किया गया है। मतदाताओ की सूची तैयार कर जल्द ही चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी जायेगी। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष एवं सदस्य रियाज हुसैन एवं शोएब अहमद खान के अनुमोदन के बाद हाजी वकील अशरफी, मो. सादिक, फारूख कुरैशी, नसरूद्दीन भिन्सरा, हाजी अकबर खां, मो. आरिफ, मुनीर खान, मो. आरिफ, शेख ईस्माईल एवं हाजी उस्मान को चुनाव समिति में शामिल किया गया है।

# वार्ड ब्वॉयों से छिलवाई जाती है घास, आरोप

**रायपुर 11 सितंबर।** 6 वर्षों से अधिक समय से डी.के.एस सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में आउट सोर्सिंग के तहत कार्यरत 6 ठेका कर्मचारी वार्ड ब्वॉयों ने बताया कि अस्पताल अधीक्षक एवं उप अधीक्षक द्वारा आउट सोर्सिंग/ठेका हाउसकिपिंग इंचार्ज पर दबाव बनाकर हमसे दूसरे कार्य कराए जाते है ये कार्य वार्ड ब्वॉय के नहीं है। हमारे द्वारा मना करने पर नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है। हमसे कूड़ा-कचरा खाली कराया जाता है। ऑक्सीजन प्लांट में आक्सीजन से भरी 70 कि.ग्रा. के टंकी को गाड़ी मे लोड अनलोड कराया जाता है। पेड व घास छिलवाया जाता है। हाउस किंपिंग इंचार्ज द्वारा अस्पताल के अलावा बाहरी कही काम में कुछ-कुछ दिनों के लिए भेजा जाता है। रेती गिट्टी को लाने ले जाने का कार्य कराया जाता है। गैस प्लांट में सिलेण्डर उठाते वक्त पंकज ठाकुर का फैक्चर हो गया। गैस सिलेण्डर उठाते वक्त गितेश्वर साहू का गर्दन में चोट लगी है. डॉ. के द्वारा बोला गया है कि ऑपरेशन की जरूरत है। जो की अभी डी. के. हॉस्पीटल में भर्ती है। हमें विगत 6 वर्षों से 8600/ सैलेरी दिया जाता है, जो कि बहुत कम है। जिस यूनी फार्म में कचडा खाली कराया जाता है उसी यूनी फार्म को पहन के गंभीर मरीज के आईसीयू में केयर करते है, उनका इन्फेक्शन सभी मरीज को होता है। नाई का काम करवाया जाता है। स्वास्थ्य मंत्री, माननीय श्याम बिहारी जायसवाल जी के पास दो बार लिखित शिकायत किये है फिर भी कार्यवाही नहीं किये है।

# पितृपक्ष के पूर्व खरीदारी के लिए बाजार तैयार

**रायपुर 11 सितंबर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष- राजेन्द्र जग्गी ,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि शुभ खरीदारी के लिए प्रदेश भर में बाजार तैयार हो गए है और आटमोबाइल इलेक्ट्रानिक्स, सराफा के साथ ही बाजारों में गणेश मूर्तियां, पूजन सामग्री व सजावटी सामानों के दुकान सजकर तैयार हो गए हैं। आज गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ चेंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अमर पारवानी एवं चेम्बर प्रतिनिधि मंडल ने बाजार का जायजा लिया। अध्यक्ष पारवानी ने कहा कि इस वर्ष गणेश पक्ष में जबरदस्त



कारोबार रहेगा।

श्री पारवानी ने कहा कि प्रदेश भर में गणेश चतुर्थी का त्यौहार बेहद उत्साह से मनाया जाता है। शनिवार को बप्पा घरों एवं पंडालों में विराजमान होंगे। 17 सितंबर तक यह महोत्सव चलेगा। सुख समृद्धि एवं वैभव के दाता गणेश जी की कृपा प्रदेश के व्यापार पर दिख रहा है। गणेश चतुर्थी के इस सुअवसर पर व्यापार जगत में बूम आया हुआ है। लोग बड़ी संख्या में आटोमोबाइल, इलेक्ट्रानिक, ज्वेलरी, प्रापर्टी आदि में निवेश कर रहे है। बाजारों में गणपति जी की मूर्तियों के साथ पूजन सामग्री, सजावटी सामान इत्यादि सब मेड इन इंडिया है, जिसे लेकर लोग अब सजग हो रहे हैं। आज छोटे दुकानदार से लेकर बड़ा व्यापारी भी अपने व्यापार में व्यस्त चल रहा है। त्योहारी सीजन पर छूट और आफर्स दिए जा रहे हैं जो खरीदारों को आकर्षित कर रही है। दुकानों में भीड़ बढ़ रही है लोग टीवी, फ्रिज, बर्तन, कपड़े सहित आवश्यक वस्तुओं की खरीदी कर रहे हैं। इस अवसर पर चेंबर सलाहकार अजय अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव,उपाध्यक्ष नीलेश सेठ, मंत्री-नीलेश मूंधड़ा, दिलीप इसरानी, राजेश शर्मा, एवं सुनील मिश्रा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### शतरंज प्रतियोगिता का समापन

**रायपुर 11 सितंबर।** उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा आवंटित सेक्टर स्तरीय शतरंज (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के गुरुकुल प्रेक्षागृह में किया गया। सेक्टर स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता 2024.25 में पुरुष वर्ग में विजेता प्रथम स्थान पैलोटी महाविद्यालय रायपुर एवं द्वितीय स्थान महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय रायपुर तथा महिला वर्ग में विजेता प्रथम स्थान गुरुकुल महिला महाविद्यालयए रायपुर (छ.ग.) एवं द्वितीय स्थान शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय देवेन्द्र नगर रायपुर (छ.ग.) रहा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गुरुकुल महिला महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष श्री अजय तिवारी जी के साथ विशेष अतिथि के तौर पर श्री हरि बल्लभ अग्रवाल वरिष्ठ समाजसेवी उपस्थित रहे। भातखण्डे ललितकला शिक्षा समिति रायपुर की सचिव श्रीमती शोभा खंडेलवाल ने प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर क्रीड़ाधिकारी प्रकाश चन्द्रवंशी, रुपेन्द्र सिह चौहान, विजय शर्मा, आदर्श मिश्रा, कर्मिष्ठ संभलकर, गोपाल ऊर्वाकर, पुजा यादव एवं मुकेश सिन्हा के साथ विभिन्न महाविद्यालयों के क्रीड़ाधिकारीगण उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन गुरुकुल महिला महाविद्यालय की क्रीड़ाधिकारी प्रतियोगिता संगठन सचिव डॉ. रिंकु पाडेंय ने किया।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26